।। श्री अभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतमाम् ।।

श्री कैलासविद्यालोकस्य सोपानः

शुक्लयजुर्वेदकाण्वशाखीया

ईशावास्योपनिषत्

शाङ्करभाष्य-आनन्दगिरि टीका-गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी संवलित

विद्यावाचस्पति महामण्डलेश्वर अनन्तश्री

स्वामी विष्णुदेवानन्दगिरि जी महाराज

कैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनन्तश्री

स्वामी विद्यानन्दगिरि जी महाराज

जगद्गुरु भगवान आद्यशंकराचार्यजी

ऋषिकेशस्थ श्री कैलास आश्रम की दिव्य विभूतियाँ

T.K. Sharma

प्रकाशक – श्री कैलास आश्रम शताब्दी समारोह महासमिति (१८८०-१९८०)

।। श्री अभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतमाम्।।

श्री कैलासविद्यालोकस्य सोपानः

शुक्लयजुर्वेदकाण्वशाखीया

ईशावास्योपनिषत्

शाङ्करभाष्य-आनन्दगिरि टीका-गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी संवलित

गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणीपरिष्कर्ता

विद्यावाचस्पति महामण्डलेश्वर अनन्तश्री

स्वामी विष्णुदेवानन्दगिरि जी महाराज

राष्ट्रभाषाव्याख्याता:

कैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनन्तश्री

स्वामी विद्यानन्दगिरि जी महाराज

वेदान्त-सर्वदर्शनाचार्य

सम्पादक :

डॉ० उमेशानन्द शास्त्री, स्वामी निश्चलानन्द गिरि

प्रकाशक :
श्री कैलास विद्या प्रकाशन
ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) २४९१३७

दूरभाष :
०१३५-२४३५४९६
१३५-२४३०५९८

प्रथम संस्करण — वि० सं० २०३५ सन् १९७९
द्वितीय संस्करण २००० — वि० सं० २००९ सन् १९९३
तृतीय संस्करण १००० — वि० सं० २०६८ सन् २०१२

मूल्य
रुपये

※ पुस्तक प्राप्ति स्थान ※

※ श्री कैलास आश्रम, मुनि की रेती, ऋषिकेश-२४९१३७ (उत्तराखण्ड)
※ श्री कैलास आश्रम, उजेली, उत्तरकाशी- २४९१५३ (उत्तराखण्ड)
※ श्री कैलास धाम नई झूंसी, प्रयागराज (उ.प्र.)
※ श्री दशनाम संन्यास आश्रम, भूपतवाला, हरिद्वार-२४९४०२
※ श्री कैलास विद्यातीर्थ, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली-११९००१

कैलास विद्या प्रकाशन, ऋषिकेश (उत्तराखण्ड)

प्राक्कथन

भारत आज एक मोड़ पर खड़ा है एवं इसे निर्णय करना है कि प्राचीन ऋषिपूत संस्कृति के आधार पर नैतिक अर्हाओं का समन्वय करना है अथवा अर्वाचीन विदेशी संस्कृति के आधार पर। प्रश्न जटिल है, दुर्भाग्य से विदेशी ग्रन्थों की सुलभता आर्ष ग्रन्थों की दुर्लभता के समान ही है। शिक्षित समाज आर्ष दर्शनों को भी या तो विदेशी उपनेत्रों से देखता है और या वर्तमान अश्रद्धेय मान्यताओं में उसे प्रतिबद्ध करने का प्रयास करता है। यदि दैवतसंस्कृति का पुनः प्रतिस्थापन करना है तो इन दोनों दृष्टियों का परित्याग करके आर्ष दृष्टि समझनी व समझानी होगी। एतदर्थ अनुवाद आवश्यक है। स्वामी विद्यानन्दजी का प्रयास इसी दृष्टि से है।

भारतीय संस्कृति को समग्ररूप से अवलोकन कर उसकी पाश्चात्य दर्शन व धर्म से तुलना हमें इस निश्चय पर पहुँचाती है, कि अद्वैत दर्शन से व्यतिरिक्त हमारी और कोई थाती नहीं हैं, जो हमें उनसे भिन्न या उत्तम सिद्ध कर सके। अन्य सभी दर्शनों में तत्रत्य विचारक हमसे भी सूक्ष्मतर विचार कर पाते हैं, पर आत्मा के विषय में अभी तक वे अन्धकार में ही हैं एवं सांख्य प्रक्रिया तक भी पहुँच नहीं पाये हैं। यही कारण वहाँ के धर्म व दर्शन के विरोध का ही नहीं, धर्म एवं विज्ञान के भी विरोध का है। आचार्य शंकरभगवत्पाद ने हमारे सामने एक ऐसा धर्म विश्लेषण प्रस्तुत किया है जो हमें सभी विरोधों के परिहार का शस्त्र देता है। इसका उपयोग अनाड़ियों ने सभी प्रकार की मान्यताओं व मजहबों की समानता सिद्ध करने में करके राष्ट्र व धर्म की हानि तो की ही है, शांकर सिद्धात को भी अश्रद्वेय बना दिया है। दूसरी तरफ जीवन से सर्वथा भिन्न करके अद्वैत दर्शन को उपहासास्पद बनाने का कार्य भी किया गया है। शंकरभगवत् के ग्रन्थों का अध्ययन इस कमी को पूरा करेगा।

भाष्यार्थदीपिका अनुवाद स्वतन्त्र है। अतः मूल के भावों को समझने मात्र में पर्यवसित न होकर व्याख्याता के मनन में प्रवेश देने में समर्थ है। यथा कर्मशेषत्व में तत्सम्बन्धी मीमासां विचार अथवा पृष्ठ 35 पर कर्मसमुच्चय के विषय में भास्कर मत संग्रह पृष्ठ 45 पर पुरूषार्थमीमांसा आदि भी व्याख्याता के विचारों को समझने में मदद देती है।

हमें पूर्ण आशा है कि अब सभी उपनिषदों पर विद्वान् व्याख्याता के मननात्मक अनुवाद शीघ्र उपलब्ध होंगे, इनसे भारतीय संस्कृति की एक विशेष धारा का विकसित होना सम्भव हो पायेगा। विद्वान् व्याख्याता की हम सर्वप्रकारेण सफलता चाहते हैं।

निरञ्जनपीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर
श्री स्वामी महेशानन्दगिरि जी महाराज
त्रिपुरसंहारोत्सव वि० सं० २०३५
संन्यास आश्रम देहली–६

भूमिका

संसार के सभी धर्मावलम्बी अपने-अपने धर्मग्रन्थों को ईश्वरीय ज्ञान मानते हैं, तो फिर वेद को ही ईश्वरीय ज्ञान मानना उससे भिन्न ग्रन्थों को ईश्वरीय ज्ञान न मानना इसमें क्या विनिगमक हो सकता हैं? उत्तर यह है कि इतिहास तथा आधुनिक अन्वेषण भी इस विषय में प्रमाण है। पाश्चात्य विद्वान् मैक्समूलर से लेकर वेद के सम्बन्ध में अन्वेषण करने वाले भारतीय श्री लोकमान्यतिलक पर्य्यन्त विद्वानों ने भी वेदों को सबसे पुराना ग्रन्थ माना है।

हमारे विचार से वेद अपौरुषेय है अर्थात् किसी पुरुष के बनाए हुए नहीं हैं-

तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।

(यजु० 31/7)

(उसी सर्वज्ञ परमेश्वर से ऋग्, यजुः, साम और अथर्व वेद उत्पन्न हुए) इस वेद मन्त्र में परमेश्वर से वेद की उत्पत्ति बतलाई गयी हैं; फिर भी सृष्टि के प्रारम्भ में ' धाता यथापूर्वमकल्पयत'' के अनुसार पूर्वकल्पानुपूर्विक ही वर्णतः स्वरतः तथा मन्त्रतः भी वेदों का परमेश्वर से प्रादुर्भाव श्वास-निःश्वास की भाँति हुआ है। सामान्य व्यक्ति से लेकर ऋषि पर्यन्त किसी ने भी वेदों की रचना नहीं की है। शाखाओं के प्रवर्तक होने से कठशाखा इत्यादि नाम पड़ गए हैं, वे वेद कर्म, उपासना और ज्ञान ऐसे तीन भागों में विभक्त हैं। पहले के दो भागों में विहित कर्म और उपासना के अनुष्ठान से विशुद्धान्तःकरण वाले पुरूष के लिए ही ज्ञान का विधान किया गया है। इसी ज्ञानकाण्ड में प्रतिपादित विद्या को ब्रह्मविद्या अध्यात्मविद्या कहते हैं। इस प्रकार उपनिषदों की प्रामाणिकता न केवल वैदिक धर्मावलम्बियों की दृष्टि में है, अपितु पाश्चात्य विद्वानों ने भी इनका महत्व मुक्तकण्ठ से स्वीकार किया है। इतना ही नहीं, बहुत से निष्पक्ष विचारशील पाश्चात्य विद्वानों ने औपनिषद सिद्धान्त को अपने जीवन में आत्मसात् भी किया है। संहिता भाग मात्र को वेद मानने वाले व्यक्ति भी ईशावास्योपनिषद् की प्रामाणिकता में सन्देह नहीं करेगें; क्योंकि यह उपनिषद् शुक्ल यजुर्वेद संहिता का चालीस वाँ अध्याय रूप है। प्रथम मन्त्र के प्रतीक को लेकर ही इसका नाम ईशावास्योपनिषद् पड़ गया है।

इस समय उपलब्ध उपनिषदों में से प्रायशः ईशादि दश उपनिषदों पर आचार्यों का भाष्य मिलता है। अतः इनकी प्रामाणिकता में किञ्चित् सन्देह नहीं हो सकता। आचार्य भगवत्पाद भगवान् शङ्कराचार्य जी ने ईशावास्यादि दश उपनिषदों पर भाष्य लिखकर वेदान्तमार्ग को प्रशस्त बना दिया जो अद्वैतवाद का प्रतिपादक श्रौतसिद्धान्त का अनुपम ग्रन्थ है। यद्यपि परवर्ती आचार्यो ने उस पर धूलि प्रक्षेप का असफल प्रयत्न किया है, तथापि निष्पक्ष विवेकशील व्यक्ति को अद्वैत ही श्रौत सिद्धान्त प्रतीत हुआ है और आज भी हो रहा है। श्रुतियों का ही समन्वय ब्रह्मसूत्र में है और तात्पर्यरूप श्रीमद्भगवद्गीता है। इसीलिए इन्हें प्रस्थानत्रयी भी कहते हैं- इनके ऊपर प्रातः स्मरणीय आचार्य भगवत्पाद का शांकर भाष्य लोक विख्यात है। भाष्य का तात्पर्य अद्वैत वेदान्त आचार्य के मुख से अध्ययन कर के ही जाना जा सकता है, अन्यथा नहीं। ''संन्यस्य श्रवणं कुर्यात्'' इस वाक्य के अनुसार वेदान्त श्रवण और विचार के मुख्य अधिकारी चतुर्थाश्रमी यति ही माने गए हैं। ' समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं'' के अनुसार आचार्य मुख से ही वेदान्त श्रवण का आदेश श्रुति देती है। स्वातन्त्र्येण वेदान्त विचार से न केवल अपूर्व लाभ से वञ्चित होना पड़ेगा, अपितु तदर्थ ज्ञान में विपर्यय भी हो जाता है। अतः अद्वैत वेदान्त के आचार्यमुख से ही वेदान्त का श्रवण कर अनुशीलन से श्रुति एवं तद्भाष्य के रहस्यमय अर्थ को जान कर उसे अपने जीवन में आत्मसात् करना चाहिए।

शुक्ल यजुर्वेदीय काण्व शाखा की ईशावास्योपनिषद् के ऊपर अन्य उपनिषदों की अपेक्षा सर्वाधिक भाष्य एवं टीकाएं उपलब्ध हैं, सभी ने अपने विचारों को श्रुति सम्मत बनाने के लिए अथक परिश्रम किया है। हमने भी इसके अनेक भाष्य व टीकाएँ देखीं, किन्तु आचार्य भगवत्पाद विरचित शाङ्कर भाष्य ही समीचीन प्रतीत हुआ। अतएव इसके रहस्य को समझाने के लिये एक लघु प्रयत्न हमने किया है। इसकी सफलता के विषय में पाठक ही प्रमाण होंगे।

शांकर भाष्य के रहस्योद्घाटन के लिए आनन्दगिरि टीका एक मात्र साधन है किन्तु संस्कृत में होने के कारण वह हिन्दी भाषा भाषियों के लिए उपयुक्त नहीं है, अतः यह आवश्यक था, कि हिन्दी भाषा के माध्यम से उपनिषदों एवं उनके शाङ्करभाष्य का रहस्य उद्घाटन किया जाय। यद्यपि सम्प्रति कुछ उपनिषद् शाङ्करभाष्य के अनुवाद उपलब्ध भी हैं फिर भी हिन्दी भाषी पाठकों की ओर से सदा यह शिकायत रही, कि लोक विख्यात उपनिषद् शाङ्कर भाष्य का मर्म स्पर्शी कोई अनुवाद व टीका हिन्दी में ऐसी नहीं है, जिसके आधार पर उसका रहस्य समझा जावे, जैसे के तैसे शब्द रख देने से न हिन्दी भाषा भाषियों के लिए उपयुक्त है और न संस्कृत भाषाभाषियों के लिए। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिये शाङ्कर भाष्य की भाष्यार्थदीपिका नामक हिन्दी टीका हमने इस पर लिखी है। इसमें जो अच्छी बात है वह गुरुजनों की है और जो त्रुटि है वह हमारी। यदि हमारा यह प्रयत्न उपनिषद् शाङ्करभाष्य को समझाने के लिये कुछ उपयुक्त सिद्ध हुआ, तो क्रमशः सभी उपनिषद् शाङ्करभाष्य पर भाष्यार्थदीपिका लिखी जा सकेगी।

भारत के सुप्रसिद्ध ऋषिकेशस्थ कैलासआश्रम में विशुद्ध शाङ्करी परम्परा के अनुसार अद्यावधि अध्ययन अध्यापन हो रहे हैं। कैलासाश्रम के मनीषियों ने आनन्द गिरि टीकसहित प्रस्थानत्रयी शाङ्कर भाष्य पर गम्भीर चिन्तन के बाद टिप्पण लिख रखे हैं, जो ग्रन्थ लगाने में अत्यन्त उपयोगी हैं। इसके बिना ग्रन्थ का लगना दुःशक्य है। कैलासाश्रम में आने पर सर्वप्रथम इस धरोहर की ओर हमारा ध्यान गया। अतः इस प्रकाशन में उसे भी सम्मिलित कर लिया गया। गोविन्द प्रसादिनी टिप्पणी, आनन्दगिरि टीका एवं भाष्यार्थदीपिका के सहित ईशावास्योपनिषद् का यह संस्करण अपूर्व होगा। कैलास आश्रम शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में कैलासाश्रम शताब्दी समारोह महासमिति ने अपनी अनेकधा माङ्गलिक प्रवृत्तियों में प्रकाशन कार्य का भी निश्चय किया है। (एतदर्थ श्री कैलास विद्या प्रेस, की स्थापना की गयी। जिसमें इसका प्रकाशन हुआ है।) गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणी की प्रेस कापी करने में हमारे प्रिय श्री ब्र० विष्णु चैतन्य जी ने अथक परिश्रम किया है। शोध्यपत्र के संशोधन में श्री डा० उमेशानन्द जी शास्त्री, ब्र० रामानन्द जी शास्त्री तथा श्री स्वामी केशवानन्द सरस्वती जी का प्रयत्न श्लाघनीय है। ये सभी पुण्यात्मा भगवत्कृपा के पात्र हैं एवं हम इनकी मङ्गल कामना करते हैं।

अन्त में हम पाठकों से पुनर्निवेदन कर देना चाहते हैं कि अद्वैत वेदान्त के आकर ग्रन्थ उपनिषद् शाङ्कर भाष्य के तात्पर्य को बतलाने वाली उसकी भाष्यार्थ दीपिका तथा टिप्पणी का अनुशीलन कर यदि हमें आप इस सम्बन्ध में कुछ संकेत करेंगे, तो यथासम्भव इसके अग्रिम संस्करण में एवं विशेष रूप से अन्य उपनिषदों की भाष्यार्थ दीपिका में उसका परिमार्जन किया जायेगा। इत्योंशम्।

मिति अक्षयतृतीया वि० 2035

भगवत्पादीय
महामण्डलेश्वर स्वामी विद्यानन्द गिरि
कैलास आश्रम, मुनि की रेती
ऋषिकेश (उत्तराखण्ड)

द्वितीय संस्करण प्रस्तावना

प्रथम संस्करण की अपेक्षा द्वितीय संस्करण के सम्पादन कतिपय दृष्टियों से अधिक महत्वपूर्ण माना येगा। भाष्य में उद्धृत वाक्यों का स्थान-सङ्केत एक महत्वपूर्ण कार्य है। टिप्पणियों में पहले कुछ शुद्धियाँ रह गयी थी उनको शुद्ध किया गया है। मूल मन्त्र, मन्त्रानुवाद भाष्य, आनन्दगिरि टीका और ष्य की हिन्दी व्याख्या सुव्यवस्थित रखने से पाठकों को पढ़ने में अत्यन्त सुविधा एवं प्रसन्नता होगी। का श्रेय द्वितीय संस्करण के सम्पादक हमारे प्रिय श्रीमत् स्वामी निश्चलानन्दगिरि जी और उनके योगी विद्वान् श्रीमान् मणिलाल दवे जी एवं ब्रह्मचारी सूर्यचैतन्य जी को मिलता है। हम इन सभी नुभावों की मङ्गल कामना करते हैं।

ाबन्धन
0 सम्वत् 2050
ङ्कराब्द 1206

भगवत्पादीयः
आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विद्यानन्दगिरि
कैलास आश्रम, मुनि की रेती
ऋषिकेश (उ० प्र०)

कैलास आश्रम एकादश पीठाधीश्वर की प्रस्तावना

श्री अभिनव चन्द्रेश्वर महादेव के कृपा कटाक्ष से कैलास आश्रम के विभूतियाँ का करुणा से ज्ञयों के हित के लिये ईशावास्योपनिषद के ये तृतीय संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है ज्ञानपिपासु की लाभ उठावें।

ाख संक्रान्ति
ांक 13-4-12

भगवत्पादीयः
स्वामी दिव्यानन्द सरस्वती
श्री कैलास आश्रम
ऋषिकेश (उत्तराखण्ड)

शुक्लयजुर्वेदान्तर्गतमाध्यन्दिनीशाखानुसार-
मीशावास्योपनिषन्मन्त्राणां पाठः।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।
ॐ ईशा वास्यमिदꣳ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।।१।।
कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳ समाः। एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे।।२।।
असुर्या नाम से लोका अन्धेन तमसावृताः । ताꣳस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः।।३।।
अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन्पूर्वमर्षत्।
तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत्तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति।।४।।
तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके। तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ।।५।।
यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानुपश्यति । सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विचिकित्सति ।।६।।
यस्मिनन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः।।७।।
स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरꣳ शुद्धमपापविद्धम्।
कविर्मनीषी परिभूः स्वयंभूर्याथातथ्यतोऽर्थान्व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः।।८।।
अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽसम्भूतिमुपासते । ततो भूय इव ते तमो य उ सम्भूत्याꣳरताः ।।९।।
अन्यदेवाऽऽहुः सम्भवादन्यदाहुरसम्भवात् । इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे ।।१०।।
सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदोभयꣳ सह। विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्याऽमृतमश्नुते ।।११।।
अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते। ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायाꣳरताः ।।१२।।
अन्यदेवाहुर्विद्ययान्यदाहुरविद्यया । इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे ।।१३।।
विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयꣳ सह । अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते ।।१४।।
वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्तꣳ शरीरम् । ॐ क्रतो स्मर क्लिबे स्मर कृतꣳ स्मर ।।१५।।
अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम।।१६।।
हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्। योऽसावादित्ये पुरुषः सोऽसावहम् ।।१७।।
ॐ खं ब्रह्म ।।१८।।
ॐ पूर्ण मित्यादिशान्तिः ३।।
इति शुक्लयजुर्वेदीयमाध्यन्दिनीशाखान्तर्गता ईशावास्योपनिषद्। (शु. य. सं. अ. ४०)।

ॐ

श्रीमच्छङ्करभगवत्पादो विजयतेतराम्

ईशावास्योपनिषद्

सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्योपेता

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

[ॐ= वह (निरुपाधिक परब्रह्म) पूर्ण है, और यह (सोपाधिक कार्यब्रह्म भी) पूर्ण है, क्योंकि पूर्ण से पूर्ण आविर्भूत हुआ। (तथा तत्त्व साक्षात्कार के समय एवं प्रलय काल में) पूर्ण (सोपाधिक कार्यब्रह्म) के पूर्णत्व को लेकर (अर्थात् अपने में लीन करके) पूर्ण (निरुपाधिक परब्रह्म) ही शेष बचा रहता है। त्रिविध ताप की शान्ति होवें।]

भाष्यार्थ दीपिका- यह शुक्ल यजुर्वेद का शान्तिपाठ है, इसमें शान्तिपाठ के व्याज से सम्पूर्ण वेद का तात्पर्य अद्वैतब्रह्म का सम्यक् प्रतिपादन किया गया है। साथ ही त्रिविध दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति की कामना भी दिखायी गयी है।

"प्रणवः सर्ववेदेषु" (सम्पूर्ण वेदों में प्रणव ॐ मैं हूँ) इस भगवद्गीता वाक्य के अनुसार प्रणव सम्पूर्ण वेदों का प्रतिपाद्य परमेश्वर का सर्वश्रेष्ठ नाम है। इस प्रणव ने अपने अर्थ गाम्भीर्य के कारण न केवल तीनों लोकों को अपनी तीनों मात्राओं से मापा है, अपितु लोकातीत-माया एवं उसके कार्य के अधिष्ठान-परमेश्वर को भी लक्षणा के द्वारा अमात्रपद से ज्ञापक होने के कारण उसे भी माप रखा है। अतः सम्पूर्ण वेद एवं उपनिषद् तथा विशेष रूप से माण्डूक्योपनिषद् इसी प्रणव की महिमा गा रहे हैं। जिसका विशेष विवेचन उन उपनिषदों की भाष्यार्थ दीपिका में यथा समय किया जायेगा।

---

१. विद्योत्पत्तावन्तरायविघातायादौ शान्तिमन्त्रं पठति-ॐ पूर्णमद इत्यादि। अस्यार्थः अदस्तत्पदलक्ष्यं ब्रह्म, पूर्णमाकाशवद् व्यापि। अपरिच्छिन्नमिति यावत्। इदं च त्वंपदलक्ष्यं जीवस्वरूपमपि पूर्णम्। ननु द्वयोः पूर्णत्वं विरुद्धं वस्तुपरिच्छेदादित्यत आह--पूर्णादित्यादि। पूर्णाद्ब्रह्मणः पूर्णमेव जीवस्वरूपमुदच्यत उद्रिच्यत उदेतीति यावत्। पूर्णस्य परिणामासंभवेन तत उत्पद्यमानस्यौपाधिकत्वमेव महाकाशादुद्गच्छतो घटाद्याकाशस्य तथादर्शनात्। औपाधिकस्य च तदेव तथ्यं रूपं यतः स उदेतीति निदानाभेदात् पूर्णादुद्रिच्यमानं पूर्णमेवेति भावः। ननु जीवस्वरूपस्य पूर्णत्वे कुतस्तन्नानुभूयते तत्राह-पूर्णस्येत्यादि। 'पूर्णस्य यत्पूर्णं स्वरूपं तन्मात्रमादाय उपाध्यंशमपहायेति यावत्। पश्यत इति शेषः। पूर्णमेवावशिष्यते-पूर्णमेव स्वरूपमवभातीति यावत्। घटेन सहावलोक्यमानस्य नभसोऽपूर्णत्वभानेऽपि घटांशं विहायावलोकने पूर्णत्वस्यैवानुभवो यथेति भाव। त्रिःशान्तिरिति पठनन्त्वाध्यात्मिकादित्रिविधोपद्रवशमनायेति ध्येयम्। आदौ च प्रणवघोषो वेदोच्चारणनियतो मङ्गलमातनोतीति विज्ञेयम्।

संक्षेपतः यहाँ पर इतना ही समझें, कि प्रणव अपनी तीनों मात्राओं के द्वारा शक्तिवृत्ति से कार्य ब्रह्म का और अमात्रपद से कारण–परब्रह्म प्रतिपादन कर रहा है।

कार्यब्रह्म तथा कारण ब्रह्म भेद से परमेश्वर के दो रूप हैं। प्रत्यक्ष, तर्क एवं आगमादि प्रमाणों से प्रतीयमान जगत् परमात्मा के कार्यरूप हैं और केवल वेदान्तप्रमाणैकगम्य विशुद्ध–चैतन्य कारण ब्रह्मरूप है, इसे सोपाधिक तथा निरुपाधिक भी कहते हैं। अविवेकियों को कारणब्रह्म सदा परोक्ष ही रहता है। एवं तत्त्ववेत्ताओं को भी ब्रह्माकारवृत्ति का विषय नहीं होता, किन्तु ब्रह्माकार वृत्ति का भी साक्षी ही रहता है। अतएव इस शन्तिपाठ में उसे परोक्ष अर्थ का वाचक ''अदः'' इस शब्द से कहा गया है। वह कारण ब्रह्म पूर्ण है, क्योंकि व्यापक होने से सभी देश में, नित्य होने से सभी काल में तथा आत्मरूप से सभी वस्तुओं में विद्यमान है।

यह दिखने वाला कार्य–जगत् भी पूर्ण ही है, क्योंकि तत्त्वतः यह भी ब्रह्मरूप ही है एवं उसी से प्रकट हुआ है। चैतन्यब्रह्म में अध्यस्त प्रपञ्च में ब्रह्म की ही सत्ता, स्फूर्ति तथा प्रियत्व दिखता है। यदि प्रपञ्च में से इन तीनों को निकाल लिया जाय, तो प्रपञ्च का अस्तित्व नहीं रहेगा। वह असत् जड़ और दुःख रूप हो जायेगा और केवल पूर्ण ब्रह्म ही शेष रहेगा।

आध्यात्मिक, आधिदैविक तथा आधिभौतिक इन त्रिविध दुःखों की शान्ति के लिए तीन बार शान्ति कहा गया है। प्रपञ्च अंध्यस्त है, उसका अधिष्ठान ब्रह्म है। अध्यस्त पदार्थ की सत्ता अधिष्ठान के साक्षात् होने से पूर्व तक ही रहती है। भ्रमकाल में अधिष्ठान के सामान्य अंश के साथ ही अध्यस्त की प्रतीति होती है, उसके बिना नहीं। एवं अधिष्ठान के विशेष अंश को देखने के बाद वह अधिष्ठान ही शेष रह जाता है। अध्यस्त पदार्थ का तो अत्यन्ताभाव ही हो जाता है। इसी अधिष्ठान तथा अध्यस्तभाव (ब्रह्म एवं प्रपञ्च में अन्योन्याध्यास) को इस शान्ति पाठ से दिखलाया गया है। यही शाङ्कर वेदान्त का सिद्धान्त है और इसी की सूचना यहाँ से मिल रही है। अतः केवलाद्वैत शाङ्कर सिद्धान्त का स्पष्ट प्रतिपादन इस वाक्य से किया गया है।

उप–नि पूर्वक सद् धातु से उपनिषद् शब्द बनता है। उप=समीप; नि=नितान्त; सद्=नाश, गति और अवसादन अर्थ होता है। अर्थात् जिसके प्राप्त हो जाने पर अवश्यमेव अनादि अज्ञान का नाश, सर्वात्मा ब्रह्म की प्राप्ति तथा अविद्याजन्य संसार दुःखों की शिथिलता हो जाती है, उसी को उपनिषद् कहते हैं। ऐसी वस्तु ब्रह्मज्ञान ही है। अतः ब्रह्मज्ञान को ही उपनिषद् कहते हैं। ब्रह्मज्ञान का प्रापक होने से ग्रन्थ को भी गौणीवृत्ति से उपनिषद् कह देते हैं। तभी "मैं उपनिषद् पढ़ता हूँ" "उपनिषद् पढ़ाता हूँ" ऐसा लोक–व्यवहार होता है।

उपनिषद् संहिताभाग, आरण्यक–ब्राह्मण भाग दोनों में देखी जाती है। यह ईशावास्योपनिषद् शुल्क यजुर्वेद के काण्वशाखा तथा माध्यन्दिनीशाखा दोनों का ही चालीसवाँ अध्यायरूप है। इसमें शाखाभेद से कहीं–कहीं पाठ–भेद भी है। भगवान् श्रीशङ्कराचार्य जी ने काण्वशाखा के ईशावास्योपनिषत् पर भाष्य किया है। इसका नाम इसके प्रारम्भिक मन्त्र के प्रथमपद को प्रतीक मानकर ही रखा गया है।

शुक्ल यजुर्वेदीय संहिता भाग की होने के कारण अन्य उपनिषदों की अपेक्षा इसका महत्त्व अधिक है। जो लोग संहिता भाग को ही वेद मानते हैं, ऐसे आर्य–समाज के विद्वज्जन भी इसे प्रामाणिक मानेंगे ही। अतएव इसके ऊपर अन्य उपनिषदों की अपेक्षा अधिक भाष्य तथा टीकायें लिखी गयीं है और आज भी लिखी जा रही हैं।

ईशा वास्यमित्यादयो मन्त्राः कर्मस्वविनियुक्तास्तेषामकर्मशेषस्याऽऽत्मनो याथात्म्य-

[1]येनाऽऽत्मना परेणशा व्याप्तं विश्वमशेषतः। सोऽहं [2]देहद्वयीसाक्षी [3]वर्जितो देहतद्गुणः ।।१।।

ईशा वास्यमित्यादिमन्त्रान्व्याचिख्यासुर्भगवान्भाष्यकारस्तेषां [4]कर्मशेषत्वशङ्कां तावद् व्युदस्यति। तथाहि [5]कर्मजडाः केचन मन्यन्ते स्म। ईशा वास्यमित्यादयो मन्त्राः कर्मशेषा मन्त्रत्वाविशेषादिषे त्वादिमन्त्रवत्। अतः [6]पृथक्प्रयोजनाद्यभावाद [7]व्याख्येया इति तान्प्रत्याह-ईशा वास्यमित्यादय इति। कर्मस्व विनियुक्ता इति। **इषेत्वेति शाखां छिनत्तीत्यादिवद्वि [8]नियोजक प्रमाणादर्शनात् [9]प्रकरणान्तरत्वाच्चेत्यर्थः।[10] श्रौतविनियोगाभावेऽपि बर्हिर्देवसदनं दामीत्यस्य बर्हिर्लवनप्रकाशन [11]सामर्थ्याद्बर्हिर्लवने यथा विनियोगस्तथा कर्मशेषात्मप्रकाशनसामर्थ्येन कर्मस्वेषां विनियोग इत्यपि नाऽऽशङ्कनीयमित्याह**-तेषामिति।

वैदिक संहिता भाग के जितने भी मंत्र हैं उन सभी के ऋषि, देवता और छन्द होते हैं, तथा कल्पसूत्रों में उन सभी मन्त्रों का किसी न किसी कर्म में विनियोग बतलाया गया है। कर्म से सम्बन्ध न रखने वाले वेदभाग प्रामाणिक नहीं माने जा सकते, क्योंकि 'आम्नायस्य क्रियार्थत्वादानर्थक्यमतदर्थानाम्" इस जैमिनी सूत्र के अनुसार कर्म से सम्बन्ध रखने वाले वेदभाग को ही सार्थक कहा गया है। तदनुसार ईशोपनिषद् में कहे गये मन्त्रों का भी कर्म में विनियोग मानना चाहिए। साक्षात् विनियोजक प्रमाण न दीखने पर भी इन मन्त्रों का जप में विनियोग अदृष्ट के लिये मानना चाहिए, अन्यथा इन मन्त्रों में आनर्थक्य आ जायेगा। कर्म में दुराग्रह रखने वाले कुछ लोगों की ऐसी मान्यता हैं। उनका यह भी कहना है कि मन्त्रत्व तो सभी मन्त्रों में समान ही है। अतः अन्य मन्त्रों की भाँति ईशावास्योपनिषद् के मन्त्रों का भी कर्म में विनियोग होना ही चाहिए। ऐसी स्थिति में धर्मोपार्जन से भिन्न प्रयोजन न रहने के कारण इन मन्त्रों की व्याख्या अनावश्यक है। ऐसे लोगों के प्रति 'ईशावास्यमित्यादयः' वाक्य से भगवान् भाष्यकार कहते हैं कि--"ईस्यावास्यादि मन्त्रों का कर्म में विनियोग नहीं है, क्योंकि जो कर्मों का शेष नहीं है, ऐसे आत्मा के यथार्थ-स्वरूप का प्रतिपादन करने वाले ये मन्त्र हैं।" कर्मशेषत्व=अंगत्वावबोधक श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान तथा समाख्या ऐसे ६प्रमाण हैं जिनसे कर्मशेषत्व का बोध होता है। इनमें पूर्व-पूर्व की अपेक्षा उत्तर-उत्तर दुर्बल होते हैं।

'व्रीहिभिर्यजेत, दध्ना जुहोति' इत्यादि वाक्यों में तृतीया श्रुति से व्रीहि=धान्य में याग का शेषत्व तथा दधि में होम का शेषत्व अवगत हो रहा है। यहाँ पर यागादि क्रिया प्रधान है और व्रीहि इत्यादि उनके

१. ईशेत्याद्युपनिषदि विद्याप्रकरणप्रतिपाद्यं तत्त्वमेव परममङ्गलरूपं स्मरन्निबध्नाति-येनेति। आद्यमन्त्रोक्तस्येश आत्माभिन्नत्वं यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूदित्यतोऽवगतमात्मनेशेति सामानाधिकरण्येनोक्तम्। तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधातीत्यादिना-ऽऽयातमस्य परत्वं परेणेत्युक्तम्। व्याप्तमित्यादिराद्यमन्त्रपूर्वार्धार्थस्यैव संक्षेपः। तस्यैव विवक्षितोऽर्थो येन व्याप्तं सोऽहमिति। वक्ष्यति हि स्वयं सर्वात्मक ईश्वरोऽस्मीति ज्ञातव्यमेष तत्त्वोपदेशश्छान्दोग्ये तत्त्वमसीतिवदित्यर्थ इति। कविर्त्वादिनोक्त सर्वद्रष्टृत्वं देहद्वयीसाक्षीति संक्षिप्तम्। अकायमित्यादिप्रतिपाद्यं देहादिराहित्यं चतुर्थचरणेन संगृहीतमिति ध्येयम्। २. देहद्वयीति-निरावरणस्यैवात्र विवरणाधिकार इति ध्वनयितुं द्वयीत्युक्तमन्यथा त्रयीतिस्यादिति ध्येयम्। कारणाभावेऽपि कार्यावस्थानं तु दण्डवियोगेऽपि (समवायिकारणनाशादपि कार्यनाशमभ्युपगच्छतां समवायिकारणनाशेऽपि क्षणं कार्यावस्थितिवदिति वाऽनुरूपनिदर्शनोक्तिरिति ध्येयम्) किञ्चित्कालं चक्रभ्रमिवदविरुद्धं प्रकृते प्रारब्धस्यैव वेगस्थानीयत्वात्। ३. ननु कार्यसत्त्वे कारणाभावोऽकिञ्चित्कर इत्यत आह-वर्जित इति। वस्तुतस्तद्वर्जितस्यापि तत्साक्षित्वे स्वप्नद्रष्टा निदर्शयितव्य इति। ४. कर्मशेषत्वशङ्कामिति- कर्मसम्बन्धित्वेति यावत्। ५. कर्मजडाः= कर्मैव पुमर्थसाधनं नेतरदिति-बलवदाग्रहा इति यावत्। ६. पृथक्= कर्मकाण्डात्पृथगित्यर्थः। प्रयोजनादीत्यादिना शेषानुबन्धग्रहः। ७. अव्याख्येया इति-नहि विशिष्टानुबन्धविधुरो ग्रन्थो व्याख्यानमर्हत्यफलत्वादिति भावः। ८. विनियोजकेति-क्रियासम्बन्धबोधकेत्यर्थः ९. प्रकरणान्तरत्वादिति-अकर्मप्रकरणस्थत्वादिति यावत्। अत्र इषेत्वेत्यादि- मन्त्रवदिति व्यतिरेक्युदाहरणमूह्यम्। अनेन च हेतुद्वयेन पूर्वानुमानस्य सत्प्रतिपक्षत्वमुक्तम्। विनियोजक-प्रमाणवत्त्वं कर्मप्रकरणस्थत्वं चेत्युपाधिद्वयेन सोपाधिकत्वं वेति ध्येयम्। १०. श्रौतेति-निरपेक्षो रवः श्रुतिस्तत्प्रतिपाद्येत्यर्थः। ११. सामर्थ्यादिति-सामर्थ्यात्मकलिङ्गप्रमाणादित्यर्थः। (अर्थप्रकाशनसामर्थ्यं हि लिङ्गम।)

प्रकाशकत्वात्। याथात्म्यं चाऽऽत्मनः शुद्धत्वापापविद्धत्वैकत्वनित्यत्वाशरीरत्वसर्वगतत्वादि

शुद्धत्वादिविशेषणस्याऽऽत्मनः कर्मशेषत्वे [1]प्रमाणाभावात्तद्याथात्म्यं न केवलं कर्मानुपयोगि किन्तु कर्मणा विरुध्यते चेत्याह-याथात्म्यं चेति। [2]शुद्धोऽहं स्वभावतो नाऽऽगन्तुकेनापि पाप्मना विद्धः [3]सर्वत्रैको[4]ऽशरीर [5]आकाशोपम इति जानन्न [6]कटाक्षेणापि कर्म वीक्षते। [7]किन्त्वापातप्रतिपत्तिरप्येतादृशी निरुणद्ध्येव कर्मप्रवृत्तिमित्यर्थः। किञ्च यः कर्मशेषः स उत्पाद्यो दृष्टो यथा [8]पुरोडाशादिः।

शेष=अंग है, ऐसा तृतीया श्रुति से जाना जा रहा है। एवं 'इषे त्वा' इस मन्त्र को "इषे त्वेति शाखां छिन्नत्ति" इसे बोलकर पलाश शाखा को छेदन करे) अर्थात् पलाश शाखा छेदन करते समय इस मन्त्र का विनियोग करना चाहिए। इस प्रकार विनियोग बतलाने वाला ब्राह्मण वाक्य है। वैसे ही ईशादि मन्त्रों का अमुक कर्म में विनियोग करें, ऐसा विनियोजक कोई वाक्य दीखता नहीं हैं।

अभिप्राय यह है कि याग में पुरोडाश की आवश्यकता होती है, पुरोडाश के लिए दूध चाहिए। गोदोहन काल में वत्स अपाकरण (बछड़े को हटाना) पलाश दण्ड से किया जाता है। पलाश दण्ड के लिये पलाश काष्ठ का छेदन करते समय "इषे त्वा" इस मन्त्र को बोला जाता है। इसका विनियोजक वाक्य मिल जाता है। अतः "इषे त्वा" इत्यादि मन्त्र कर्म के शेष जैसे वाक्य प्रमाण से माने जाते हैं, वैसे ही किसी कर्म में आत्मा का विनियोजक वाक्य मिलता तो आत्मा भी कर्म का शेष माना जा सकता था। विनियोजक के अभाव में कर्म का शेष आत्मा को नहीं कहा जा सकता है।

कर्म के प्रकरण में आत्मा के याथात्म्य का प्रतिपादक ईशादि मन्त्रों का पाठ भी नहीं है। ये मन्त्र भिन्न प्रकरण में पढ़े गये हैं, कर्म के प्रकरण में नहीं। यथा "दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत" (स्वर्गकामपुरुष दर्शपूर्णमास याग से इष्ट की भावना करें) इस दर्शपूर्णमास याग में कथम्भावआकांक्षा होने पर उसके समीप में पढ़े गये "समिधो यजति" (समिद् याग से इष्ट की भावना करें) समिद् यागादि पञ्च प्रयाजों का प्रकरण प्रमाण से दर्शपूर्णमास में विनियोग माना जाता है क्योंकि 'फलवत्सन्निधौ अफलं तदङ्गम्' (फलवान् के समीप में पढ़ा हुआ फलशून्य उसका अङ्ग माना जाता है) इस न्याय से दर्शपूर्णमास के अङ्ग प्रयाजादि हो जायेंगे। दर्शपूर्णमास में स्वर्गफल का श्रवण हो रहा है, किन्तु प्रयाज में किसी फल का श्रवण नहीं है और ये दर्शादि के निकट पढ़े गये हैं। अतः प्रकरण प्रमाण से प्रयाजादि उसके अङ्ग हो जाते हैं। प्रकृत में ईशादि मन्त्रों द्वारा बतलाये गये आत्मविज्ञान से शोक मोह का सन्तरण रूप फल पृथक् सुना जाता है। अतः ईशादि मन्त्रों को फल शून्य नहीं कह सकते।

कथञ्चित् श्रौतविनियोग के अभाव में भी लिङ्ग प्रमाण होने पर "ब्रर्हिर्देवसदनं दामि" इस मन्त्र में

---

१. प्रमाणाभावादिति-अहं कर्तेत्यादिप्रतीतेरशुद्धात्मावगाहित्वादिति भावः। २. शुद्धोऽहं स्वभावत इति-आगन्तुकाशुद्ध्यभावस्यापापविद्धमित्यनेन लभ्यत्वाच्छुद्धमित्यत्र स्वाभाविकं शुद्धत्वं विवक्षितमिति भावः। ३. कवित्वविशेषणभाष्ये तदुपपादकं नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टेति वक्ष्यते। तेन च सर्वशरीरावच्छिन्नस्यैकत्वं लभ्यते तदाह-सर्वत्रैक इति ४. अकायमित्यादिवक्ष्यमाणमाह-अशरीर इति। ५. आकाशोपम इति-स पर्यगादीत्यस्यार्थः। ६. न कटाक्षेणापीति- न हि निष्पातकोऽनादरेणापि प्रायश्चितं पश्यतीति प्रत्यक्षमेवेति भावः। ७. किन्त्वापातेत्यादि-लोके हि लिप्सितार्थस्यानायासेन प्राप्तिसन्देहेऽपि तदर्थमायासमकुर्वतां दर्शनात् । सन्देहोऽप्रवर्तक इति भावः। ८. पुरोडाशादिरिति-मदन्तीजलेन सिद्धस्य पिष्टापिण्डस्य चतुर्थ्यन्तदेवतानामपूर्वकत्वेति पदान्तेन मन्त्रेणाभिम- र्शनानन्तरं कूर्मवदाकारे कृते पुरोडाशपदवाच्यता। भर्जनपात्र्यधिश्रयणकाले यज्जलपात्रमधिशृ (श्रि) तं भवति तत्रत्यं जलमपूशब्दविशेषणत्वाद्बहुवचनान्तेन मदन्तीशब्देनोच्यत इति श्रौतपदार्थनिर्वचने स्थितम्। तथा चोत्पाद्यः पुरोडाशो हवनीयद्रव्यभेदः पिष्टमय इति लभ्यते।

[१५]वक्ष्यमाणम् । तच्च कर्मणा विरुध्येतेति युक्त एवैषां कर्मस्वविनियोगः । नह्येवंलक्षणमात्मनो याथात्म्यमुत्पाद्यं विकार्यमाप्यं संस्कार्यं कर्तृभोक्तृरूपं वा येन कर्मशेषता स्यात्। सर्वासामुपनिषदामात्मयाथात्म्यनिरूपणेनैवोपक्षयात् ।

[१]विकार्यः सोमादिः। [२]आप्यो मन्त्रादिः। [३]संस्कार्यो व्रीह्यादिस्तदुत्पाद्यादिरूपत्वं [४]व्यापकं व्यावर्तमानमात्मयाथात्म्यस्य [५]कर्मशेषत्वमपि व्यावर्तयति। तथाऽऽत्मयाथात्म्यं कर्तृभोक्तृ च न भवति येन ममेदं समीहितसाधनं ततो मया कर्तव्यमित्यहङ्कारान्वयपुरःसरः [६]कर्त्रन्वयः स्यादित्याह–नह्येवमिति। ननूपनिषदां [७]जपोपयोगित्वाद[८]न्यस्य च प्रमाणस्यादर्शनान्नास्त्येवैतादृशमात्मयाथात्म्यं, तत्राऽऽह–सर्वासामिति। [९]यत्परः शब्दः स शब्दार्थ इति मीमांसाप्रसिद्धेः सर्वासामुपनिषदां चै [१०]कात्म्ये तात्पर्यदर्शनान्न [११]जपोपयोगित्व मुपनिषदां शक्यं वक्तुम्। [१२]तथाहि ईशा वास्यमित्यु [१३]पक्रम्य स पर्यगाच्छुक्रमित्यु पसंहारा–

बर्हिनामक तृण के छेदनरूप अर्थ का प्रकाशन इस मन्त्र से हो रहा है। अतः बर्हिछेदनरूप कर्म में इस मन्त्र का लिङ्गप्रमाण से विनियोग किया जाता। वैसे यहाँ पर यदि आत्मा कर्म का शेष होता तो कर्मशेष आत्मा के प्रकाशक होने से इन मन्त्रों का कर्म में विनियोग हो सकता था। आत्मा शुद्ध है, पाप से सर्वथा विमुक्त है, एक है, नित्य है, शरीर रहित है तथा सर्वव्यापक है। इस प्रकार आत्मा के स्वरूप के प्रतिपादक होने से इन मन्त्रों का कर्म में विनियोग होना तो दूर रहा, उल्टे आत्मज्ञान से कर्म के अधिकार का उपमर्दन हो जाता है। आत्मा का शुद्धत्वादि यथार्थरूप कर्म से उत्पाद्य नहीं, विकार्य नहीं, प्राप्य एवं संस्कार्य भी नहीं है। किम्बहुना आत्मा में कर्तृत्व भोक्तृत्व भी नहीं है। यदि आत्मा कर्ता या भोक्ता होता तो किसी प्रकार कर्म का शेष आत्मा को कहा जा सकता था। जब आत्मा में कर्तृत्व-भोक्तृत्व ही नहीं है तो फिर उसे कर्म का शेष (अङ्ग) कैसे कह सकते हैं? और ऐसी दशा में कर्मों का अशेष आत्मा के प्रतिपादक ईशादि मन्त्रों का कर्म में विनियोग भी कैसे कहा जा सकता है? अर्थात् नही कहा जा सकता है।

मीमांसा शास्त्र में यह प्रसिद्ध है कि शब्द का अर्थ तो वही होगा जिसे वह प्रतिपादन कर रहा है। इस नियम के अनुसार सभी उपनिषद्-वाक्य आत्मा के एकत्व प्रतिपादन में ही समाप्त हो जाते हैं। यथा 'ईशावास्यम्' इस वाक्य से प्रारम्भ करके 'स पर्यगाच्छुक्रम्' इस वाक्य से उपसंहार होने के कारण आत्मा के यथार्थ स्वरूप का ही प्रतिपादन उपक्रम उपसंहार से हो रहा है। 'अनेजदेकम् 'तदन्तरस्य सर्वस्य' इन मन्त्रों के द्वारा बार-बार आत्म-याथात्म्य का ही प्रतिपादन सुना जाता है। 'नैनद्देवा आप्नुवन्' इस वाक्य से आत्मा में अलौकिकता बतलायी गयी है। "तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" इस वाक्य से फल का कथन किया गया है। 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि', इस मन्त्र से सौ वर्ष जीने की इच्छा वाले भेददर्शी अज्ञानियों के लिए लोकसिद्ध कर्मप्रवृत्तिका अनुवाद कर "असुर्या नाम ते लोकाः" इस वाक्य से निन्दा करते हुए

१. विकार्य इति–कण्डनादिविकारार्हः। २. आप्य इति–गुरुमुखादध्ययनेन प्राप्यः। ३. संस्कार्यः–प्रोक्षणादिसंकारार्हः। ४. व्यापकमिति–यत्र कर्मशेषत्वं तत्रोत्पाद्याद्यन्यतमत्वमिति व्याप्तिनिरूपकमित्यर्थः। ५ कर्मशेषत्वमपि व्यावर्तयतीति–व्यापकाभावे व्याप्याभावस्य सर्वसम्मतत्वात्। न हि वह्न्यभावधिकरण उत्पद्यमानं धूममवलोकयत्यभ्रान्तः कश्चिदिति। ६. कर्त्रन्वयः – कर्तृत्वे कर्मसम्बन्ध आत्मन इत्यर्थः। ७.जपोपेतिहुंफड़ादिनिरर्थकशब्दवज्जपमात्रोपयोगित्वादित्यर्थः। ८. अन्यस्य–प्रत्यक्षादेरित्यर्थः। ९. यत्परः– यत्तात्पर्यकः। १० ऐकात्म्ये तात्पर्येति–निष्कर्षतया शुद्धत्वादिसकलविशेषण-संक्षेपकं लघुत्वादेकमैकात्म्यमुदग्राहीत्यवधेयम्। ११.जपोपयोगित्वम्– अनर्थकत्वमभिधेयराहित्यमिति यावत्। १२. 'उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वताफलम्। अर्थवादापपत्ती च लिंगं तात्पर्यनिर्णये'–इत्युक्तानि तात्पर्यग्राहकाणि लिंगानि दर्शयति–तथाहीत्यादिना। १३. इत्युपक्रम्येत्यनयोरैकात्म्यमिति मध्ये शषनिवेशः। एवमित्युपसंहारादित्यत्रापि तथा शेषस्तस्यैवेति एवमग्रेऽपि। १४. इत्युपसंहारादिति–प्रकृतोपनिषदि स पर्यगादितिमन्त्रान्तमेव ब्रह्मविद्याप्रकरणमिति तस्योपसंहारत्वोक्तिर्युक्ता। १५. वक्ष्यमाणमिति–स पर्यगादित्याद्यष्टममन्त्रे वक्ष्यत इत्यर्थः।

गीतानां मोक्षधर्माणां चैवंपरत्वात् । तस्मादात्मनोऽनेकत्वकर्तृत्वभोक्तृत्वादि चाशुद्धत्व-

दनेजदेकं तदन्तरस्य सर्वस्येत्यभ्यासदर्शनान्नैनद्देवा आप्नुवन्नित्य[१]पूर्वतासङ्कीर्तनात्को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यत इति [२]फलवत्तासङ्कीर्तनात्कुर्वन्नेवेहेति जिजीविषोर्भेददर्शिनः कर्मकरणानुवादेनासुर्या नाम त इति निन्दयैकात्म्यदर्शनस्य स्तुतत्वात्तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधातीति [३]युक्त्यभिधानाच्चास्यास्तावदु[४]पनिषद ऐकात्म्यतात्पर्यं दृश्यते। एवमन्यासामप्युपनिषदामुपक्रमोपसंहारैकरूप्याभ्यासापूर्वताफलवत्तार्थवादयुक्त्युपपादनानि षट् तात्पर्यलिङ्गानि[५] विकल्पेन समुच्चयेन चास्माभिस्तत्त्वालोके दर्शितानीति नेह प्रतन्यन्ते। किञ्च [६]प्रत्ययसम्वादोऽपि [७]बलवत्त्वे कारणं प्रसिद्धम्। विद्यते चोपनिषदर्थे गीतादिसम्वादस्तस्मादु[८]पनिषत्पदसमन्वयेनावगम्यमानमैकात्म्यं न प्रमाणान्तरानुपलम्भविरोधेनापलपनीयम्। [९]यथेन्द्रियान्तरेणानवगम्यमानमपि रूपं चक्षुषाऽवगम्यमानं नापह्नूयते तथैकात्म्यमपि नापह्नवार्हमित्याह–गीतानामिति। 'समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्। विनश्यत्स्वविनश्यन्तं यः पश्यति स पश्यति' इत्यादिगीतानाम्। 'एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः। एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्' इत्यादिमोक्षशास्त्राणां चैकात्म्यपरत्वादित्यर्थः। यद्येतादृशमात्मतत्त्वं तर्हि निरधिकारित्वात्कर्मकाण्डमुच्छिद्येतेत्यपि नाऽऽशङ्कनीय-

आत्मैकत्व दर्शन की ही प्रशंसा की गयी है। एवं 'तस्मिन्नपो मातारिश्वा दधाति' इस मन्त्र से युक्ति को भी उपस्थित किया है। इस प्रकार ग्रन्थ के तात्पर्य निर्णायक उपक्रमादि छः लिङ्गों के द्वारा सभी उपनिषदों का आत्मैकत्व-दर्शन में ही तात्पर्य सुनश्चित होता है।

"समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्" इत्यादि गीता वाक्य एवं "एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्" इत्यादि मोक्षशास्त्र भी आत्मैकत्व के प्रतिपादक है। यदि कहो कि इस प्रकार आत्मतत्त्व है, तब तो अधिकारी के अभाव में कर्मकाण्ड का उच्छेद हो जायेगा, तो ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि आत्मा में नानात्व कर्तृत्व, भोक्तृत्वादि, अशुद्धत्व तथा पापविद्धत्वादि लोकानुभवसिद्धवृत्ति को लेकर ही कर्मों का विधान किया गया है। वस्तुतः अपरोक्ष आत्मयाथात्म्य ज्ञानवाले तत्त्ववेत्ता की दृष्टि में जब सम्पूर्ण लोक का ही बाध हो जाता है तो तदन्तःपाती कर्मकाण्ड भी अप्रामाणिक है। क्या 'मा हिंस्यात् सर्व भूतानि' इस निषेध शास्त्र के अर्थ का निश्चय हो जाने पर श्येन-याग की विधि प्रामाणिक मानी जायेगी? अर्थात् नहीं। वह तो

१. अपूर्वतेति–इन्द्रियाद्यगोचरतेति यावत्। २. फलवत्तेति–प्रकृतैकात्म्यज्ञानस्येत्यादिः। ३. युक्तीति–हिरण्यगर्भादेरपि नियतप्रवृत्त्यन्यथाऽनुपपत्तिरूपयुक्तीत्यर्थः। ४. उपनिषद इति–अत्रत्य विद्याप्रकरणस्येति यावत्। ५. विकल्पेन समुच्चयेन चेति–क्वचिदेकद्व्यादि यथासम्भवं क्वचित् षडपीत्यर्थः क्वचित्प्रतिलिंगं वाक्यभेदः। क्वचिद्वाक्याभेदेन कतिपयलिङ्ग-संग्रह इति वा। कासाञ्चिद्भेदेन कासाञ्चित्त्वतिदेशादिविधयैकयोक्त्येति वा संभावितोऽर्थस्तत्त्वं तु तत्त्वालोकादेवालोक्येतेत्यलम्। ६. प्रत्ययसंवादः–प्रमाणतौल्यं, तुल्यप्रमाणमिति यावत्। ७. बलवत्त्वे–अन्यतरप्रत्ययस्येति शेषः। तव तावत्प्रत्ययो मन्त्राः कर्मशेषा इति, ममत्वशेषा इति तत्र मदीयप्रत्ययस्य बलवत्त्वे इत्यर्थः। ८. उपनिषत्पदसमन्वयेनेति–उपनीयेममात्मानं ब्रह्मापास्तद्वयं पुनः निहन्त्यविद्यां तज्जं च तस्मादुपनिषन्मता। इत्युक्तार्थ- कोपनिषच्छब्दवाच्यत्वेनेति यावत्। सदेरन्तर्भावितण्यर्थत्वे। उप नितरां सादयति संसारहेतुभूतामविद्यां नाशयतीति। अन्यथोपात्मनः समीपे निषीदति प्रतिपादकत्वेनेति व्युत्पत्त्या आत्मयाथात्म्यप्रतिपादकतैवोपनिषच्छब्दितस्य लभ्यत इति भावः। ९. यथेन्द्रियान्तरेणेति––ननु विषमोऽयमुपन्यासो यावतेन्द्रियान्तरेण रूपं नावगम्यत इति यत तत्कस्य हेतोः न तावद्रूपं नास्तीति, किं तर्हि तस्य तस्मिन्नयोग्यत्वादेव प्रकृते तु न तथा यतः कर्ताऽहं सुखी दुःखीत्येवमात्मनि योग्येनापि प्रत्यक्षादिना भवदुक्तयाथात्म्यस्यानवगाहनात्तदपलप्यमिति चेन्नैवं "यन्मनसा न मनुते" "तं त्वौपनिषदं पुरुषमित्यादि–श्रुतेरिन्द्रियान्तरस्य रूप इवोपनिषदतिरिक्तमानस्यात्मन्ययोग्यत्वस्यैव सिद्धत्वात् कर्ताऽहमित्यादिप्रतीतौ त्वध्यस्तात्मभावस्यान्तःकरणस्यैव कर्तृत्वादयो धर्माः स्वयंप्रकाशेन साक्षिणैव स्फोर्यन्त इति महता दीर्घेण विचारेण भाष्यकारादिभिरेव तत्र तत्रोपपादयिष्यत इत्यलम्।

पापविद्धत्वादि चोपादाय लोकबुद्धिसिद्धं कर्माणि विहितानि।

यो हि कर्मफलेनार्थी दृष्टेन ब्रह्मवर्चसादिनाऽदृष्टेन स्वर्गादिना च द्विजातिरहं न काणकुब्जत्वाद्यनधिकारप्रयोजकधर्मवानित्यात्मानं मन्यते, सोऽधिक्रियते कर्मस्विति ह्यधिकारविदो वदन्ति। तस्मादेते मन्त्रा आत्मनो याथात्म्यप्रकाशनेनाऽऽत्मविषयं [१]स्वाभाविकमज्ञानं निवर्तयन्तः शोकमोहादिसंसारधर्मविच्छित्तिसाधनमात्मैकत्वादिविज्ञान-मुत्पादयन्ति। इत्येवमुक्ताधिकार्यभिधेयसम्बन्धप्रयोजनान्मन्त्रान् संक्षेपतो व्याख्यास्यामः।।

मित्याह-तस्मादिति। **औपनिषदात्मयाथात्म्यविज्ञानवत इष्यत एव कर्मकाण्डा[२] प्रामाण्यम् । यथा न हिंस्यात्सर्वा भूतानीति निषेधशास्त्रार्थनिश्चयवत इष्यत एव श्येनादिविध्यप्रामाण्यम्। यथा च तीव्रक्रोधाक्रान्तस्वान्तं प्रत्येव श्येनादिविधिप्रामाण्यं तथा [३]मिथ्यात्मदर्शिनं प्रत्येव कर्मविधिप्रामाण्यमित्यर्थः। अत्र जैमिनिप्रभृतीनां सम्मतिमाह**-यो हीत्यादिना। **[४]अर्थित्वादियुक्तस्य कर्मण्यधिकारः षष्ठेऽध्याये प्रतिष्ठापितः। अर्थित्वादि च मिथ्याज्ञाननिदानम्। न हि नभोवन्निष्क्रियस्य स्वत एव दुःखासंसर्गिणः परमानन्दस्वभावस्य सुखं मे स्याद्दुःखं मे मा भूदित्यर्थित्वं शरीरेन्द्रियसामर्थ्येन च समर्थोऽहमित्यभिमानित्वं मिथ्याज्ञानं विना सम्भवतीत्यर्थः। यस्मादात्मयाथात्म्यप्रकाशका मन्त्रा न कर्मविधिशेषभूता न च मानान्तरविरुद्धास्तस्मात्प्रयोजनादिमत्त्वमपि तेषां सिद्धमित्याह**- तस्मादेत इति।

तीव्र क्रोध से आक्रान्त अन्तःकरणवालों के लिए ही प्रामाणिक है। ठीक वैसे ही अनात्मा में आत्मबुद्धिवालों के लिए ही कर्मकाण्ड का विधान किया गया है। अतः कर्मकाण्ड का कोई अधिकारी न रहेगा, ऐसा नहीं कह सकते। क्योंकि आचार्य जैमिनि ने कहा है कि, 'जो दृष्ट फल ब्रह्मवर्चस् इत्यादि को चाहता है, अथवा अदृष्ट फल स्वर्गादि को चाहता है, एवं मैं द्विजाति हूँ, ऐसा मानता है और काणापन, लङ्ङापन इत्यादि अनधिकार के प्रयोजक धर्मवाला अपने को नहीं मानता, वही कर्म में अधिकारी माना जाता है।' ऐसा अधिकार शास्त्र के मर्म को जानने वाले लोग कहते हैं। अतः ईशावास्यादि मन्त्र आत्मा के यथार्थ स्वरूप का प्रकाशक होने से आत्मा का आवरण करने वाले अनादिकालीन स्वाभाविक अज्ञान को निवृत्त करते हुए शोक, मोह इत्यादि संसार धर्म का नाशक आत्मैकत्व विज्ञान को उत्पन्न करते हैं। मीमांसा के षष्ठ अध्याय में फल कामना-युक्त व्यक्ति को कर्म का अधिकारी बतलाया गया है और फलकामना मिथ्याज्ञानमूलक है क्योंकि आकाश के समान निष्क्रिय, स्वभाव से दुःखसंसर्गशून्य परमानन्द स्वरूप आत्मा में मिथ्याज्ञान के बिना मुझे सुख मिले और दुःख कभी भी न हो ऐसी कामना नहीं हो सकती एवं शरीर तथा इन्द्रियों के सामर्थ्य से अपने को सशक्त माननारूप अभिमान भी मिथ्याज्ञान के बिना हो नहीं सकता। अतः कामना एवं मिथ्या अभिमान मूलक मिथ्याज्ञान को निवृत्त करने में आत्मैकत्वविज्ञान ही समर्थ है और ऐसा ज्ञान उपनिषदों से ही हो सकता है। इसलिए उपनिषदों को कर्मशेष अर्थ का प्रतिपादक किसी भी प्रकार नहीं मान सकते। साथ ही उपनिषदों का अधिकारी, विषय, प्रयोजन एवं सम्बन्धरूप अनुबन्धचतुष्टय भी भिन्न ही है, जिसे ईशादि मन्त्रों द्वारा बतलाया जायेगा। इन मन्त्रों की व्याख्या भगवत्पाद शङ्कराचार्य जी संक्षेप में करेंगे।

---

१. स्वाभाविकमिति-अनादिसिद्धमित्यर्थः। अज्ञानं निवर्तयन्त इत्यादि -तथा च--आत्मैकत्वादिविज्ञानोत्पत्तिरज्ञाननिवृत्तिश्च मन्त्राणामवान्तरं प्रयोजनं शोकादिसंसारोच्छित्तिस्तु परमं, तल्लिप्सुरधिकारी, आत्मयाथात्म्यमभिधेयं प्रतिपादकत्वादिस्तु सम्बन्ध इति भावः २. अप्रामाण्यम्-अनादरस्तात्त्विकप्रामाण्याभाव इति यावत्। ३. मिथ्यात्मदर्शिनम्= कर्त्राद्यात्मदर्शिनम्। ४. अर्थित्वादियुक्तस्येति--अत्र वदन्ति 'अर्थी दक्षो द्विजोऽहं बुध' इति मतिमान् कर्मसूक्तोऽधिकारीत्यादिः।

हरिः ॐ । ईशा वास्यमिदꣳ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम्।। १।।

जगत् में (अर्थात तीनों लोकों में) जो कुछ जड़ चेतन संसार है, वह सब ईश (पद लक्ष्य निरुपाधिक परब्रह्म) से आच्छादनीय है (इस प्रकार सर्वत्र ब्रह्मदृष्टि से मिथ्या नाम-रूपात्मक जगत् का त्याग हो जाता है) उसी त्याग से तू आत्मा का पालन कर, अर्थात् आत्मस्वरूप में स्थित हो जाय। किसी के धन की इच्छा न कर। (जब ब्रह्मदृष्टि से सम्पूर्ण नामरूपात्मक जगत् का बाध हा गया, तो भला! किसका धन है जिसकी आकांक्षा करें?)।।१।।

ईशा वास्यमित्यादि । ईशा ईष्ट इतीट् तेनेशा । ईशिता परमेश्वरः परमात्मा सर्वस्य। स हि सर्वमीष्टे सर्वजन्तूनामात्मा सन्[१] प्रत्यगात्मतमया, तेन स्वेन रूपेणाऽऽत्मनेशा वास्यमाच्छादनीयम्। किम्? इदं सर्वं यत्किञ्च यत्किञ्चिज्जगत्यां पृथिव्यां जगत्तत्सर्वं स्वेनाऽऽत्मनेशेन प्रत्यगात्मतयाऽहमेवेदं सर्वमिति परमार्थसत्यरूपेणानृतमिदं सर्वं चराचरमाच्छाद-

---

व्याख्येयत्वमुक्त्वा प्रतिपदं व्याचष्टे-ईशेति। **ईश ऐश्वर्येऽस्य धातोः क्विपि लुप्ते कृदन्तरूपमीट् तस्य तृतीयैकवचनमीशेति। ननु [३]कर्तरि क्विब्विधानात्परमात्मनश्चाविक्रियत्वात्कथं क्विबन्त शब्दवाच्यतेति, तत्राऽऽह**-ईशितेति। **[४]मायोपाधेरीशनकर्तृत्वसम्भवात्क्विबन्तशब्दवाच्यता न विरुध्यते, [५]निरुपाधिकस्य च लक्ष्यत्वं भविष्यतीत्यर्थः । [६]ईशित्रीशितव्यभावेन तर्हि [७]भेदः प्राप्त इत्याशङ्क्याऽऽह**-सर्वजन्तूनामात्मा सन्निति। **[८]यथाऽऽदर्शादिषु [९]प्रतिबिम्बानामात्मा सन्बिम्बभूतो देवदत्त [१०]ईशिता**

सर्वत्र ब्रह्म दृष्टि का उपदेश

जो सम्पूर्ण संसार का शासक हो, उसे ईश कहते हैं। ऐसे ईश्वर से पृथिवी में सम्पूर्ण जड़चेतनरूप जगत् को आच्छादन कर देना चाहिए और उसी परमार्थ सत् रूप परमेश्वर के दर्शन से असत्य जगत् का त्याग हो जाता है तथा ऐसे त्याग भाव से आत्मा का रक्षण करना चाहिए एवं किसी के धन की आकांक्षा नहीं करनी चाहिए।

ईश् धातु से कर्ता में क्विप् प्रत्यय करने पर ईश् शब्द बनता है । निर्विकार चैतन्य में ईशन-कर्तृत्व सम्भव न रहने पर भी माया उपाधि वाले चैतन्य में ईशन-कर्तृत्व सम्भव ही हैं। अतः मायोपाधिक

---

१. प्रत्यगात्मतयेति--प्रत्यग्रूपत्वादित्यर्थः प्रत्यक्त्वमान्तरत्वम्। २. प्रत्यगात्मतया-सर्वस्य प्रत्यगात्मत्वात्। ३. कर्तरि क्विबिति--कर्तरि कृदित्यनुशासनादिति भावः। ४. मायिनं तु महेश्वरमिति श्रुतिमनुसंधाय परमेश्वरपदस्वारस्येनाह-मायोपाधेरिति माया यस्योपाधिस्तस्य मायोपाधेः। ५. ननु याथात्म्यप्रतिपादकस्य मन्त्रस्य कुतः सोपाधिपरतेत्यत आह--निरुपाधिकस्य चेति। लक्ष्यस्यैव तात्पर्यविषयतेति भावः । ६. ईशित्रीशितव्यभावेनेति--ईशितव्य ईशितुर्भिद्यत ईशितव्यत्वाद्राजभिन्नप्रजादिवदित्यनुमानेनेति यावत्। ७. भेदः प्राप्त इति--तथा च गतमैकात्म्यपरत्वं मन्त्रस्येति भावः। ८. कथमेकस्मिन्नेवेशित्रीशितव्यभाव इत्याशङ्कां दृष्टान्तेन शातयति-यथेति। ९. प्रतिबिम्बानामात्मासन्बिम्बभूतो देवदत्त ईशिता भवतीति एतद्दृष्टान्तानुरोधान्मायोपहितस्येश्वरस्यैव प्रतिबिम्बो जीव इत्यवगन्तव्यम्। ननु मायोपहितस्य मायायामेव प्रतिबिम्बो भवेत् स च बिम्बमाययोरेकैकत्वादेक एव स्यान्न तु नाना, न चेष्टापत्तिरेवेति वक्तुं शक्यं, जीवानां नानात्वप्रतीतिविरोधाद्भाष्येऽपि सर्वजन्तूनामिति बहूक्तिविरोधाच्चेति चेन्मैवम्। एक एव हि मायाप्रतिबिम्बो जीवो मायोत्थनानान्तःकरणैरवच्छिद्यमानो नानात्वप्रतीतिभाग् भवति। भाष्येऽपि लोकसिद्धानुवाद एवेत्यनवद्यम्। यथैकस्मिन्नेव सुमहति काचफलके शिल्पिचातुर्येण किञ्चिदुच्चपुष्पाकृतिनानावयवैरवकीर्णे एकधैव प्रतिफलन् सविताऽनेकधा भाति तद्वदिति दृष्टान्तो दृश्यः। प्रतिबिम्बानामात्मेति-वास्तवं रूपमित्यर्थः। नहि बिम्बापगमे प्रतिबिम्बमवस्थातुमीष्ट इति। १०. ईशितेति-प्रतिबिम्बानां बिम्बचेष्टाधीनचेष्टाकत्वादिति भावः।

भवति तथा [1]कल्पितभेदेनेशित्रीशितव्यभावसंभवान्न [2]वास्तवभेदानुमानं संभवतीत्यर्थः। वस आच्छादने। अस्य रूपं वास्यम्। [3]तत्त्वत ईश्वरात्मकमेव सर्वं भ्रान्त्या यदनीश्वररूपेण गृहीतं तत्सर्वमीश्वर एवाऽऽत्मैवेति ज्ञानेनाऽ[4]ऽच्छादनीयम्। सर्वात्मक ईश्वरोऽस्मीति ज्ञातव्यमेष[5]तत्त्वोपदेशश्छान्दोग्ये तत्त्वमसीतिवदित्यर्थः। [6]'ब्रह्मैव सर्वमात्मैव [7]सत्प्रकाशविशेषतः। [8]हेयोपादेयभावोऽयं न सन्स्वप्नवदीर्यते'।। [9]उक्तं च-'न बन्धोऽस्ति न मोक्षोऽस्ति न विकल्पोऽस्ति तत्त्वतः। नित्यप्रकाश एवास्ति विश्वाकारो

चैतन्य ईश् शब्द का वाच्यार्थ है तथा निरुपाधिक चैतन्य लक्ष्यार्थ है। परमेश्वर हो सम्पूर्ण जगत् का शासक हो सकता है, क्योंकि वह सम्पूर्ण प्राणियों का आत्मा है। जिस प्रकार दर्पण में पड़े हुए प्रतिबिम्ब का आत्मा (असली रूप) बिम्बरूप देवदत्तादि पुरुष उस प्रतिबिम्ब का शासक माना जाता है, क्योंकि बिम्ब में विकार होने के बाद प्रतिबिम्ब कभी भी निर्विकार रह नहीं सकता। अतः ईशिता ईशितव्य भाव कल्पित होने से दोनों में पारमार्थिक भेद का अनुमान नहीं किया जा सकता। उसी पारमार्थिक स्वरूप (सभी प्राणियों के आत्मरूप स्वस्वरूप ईश्वर) से ब्रह्माण्ड कटाह में वर्तमान भूत-भौतिक, जड़-चेतन सम्पूर्ण जगत् को आच्छादन कर देना चाहिए, क्योंकि परमार्थतः ईश्वर होता हुआ भी भ्रान्ति से जीव और जगत् रूप से प्रतीत हो रहा है। अतः यह सम्पूर्ण संसार 'मैं ही हूँ' इस प्रकार प्रत्यगात्मक ईश्वर दृष्टि से सम्पूर्ण जगत् को आच्छादन करने के लिये श्रुति का आदेश है। सम्पूर्ण संसार का अन्तरात्मा ईश्वर मैं हूँ, ऐसा जानना ही तत्त्व-उपदेश है, जिसे उद्दालक महर्षि ने अपने पुत्र श्वेतकेतु के प्रति नव बार तत्त्वमसि वाक्य का उपदेश किया है। साधन-चतुष्टय-सम्पन्न उत्तम अधिकारी को तत्त्वमसि इत्यादि महावाक्य श्रवणमात्र से हेय-उपादेय भावशून्य अन्तरात्मा का ब्रह्मरूप से साक्षात्कार हो जाता है। जिसे उपदेश मात्र से जीव एवं जगद्भावरूप मिथ्या-दृष्टि निवृत्त नहीं होती, उसे भी विचारादि के बाद ब्रह्मात्मैक्य का साक्षात्कार हो जाने पर मिथ्या-दृष्टि निवृत्त हो जाती है, इसे दृष्टान्त से समझाते हैं।

---

१. कल्पितभेदेनेति जीवेश्वरयोरित्यादिः। २. न वास्तवभेदानुमानमिति-वास्तवभेदस्य व्याप्तिघटकत्वे प्रतिबिम्बे व्यभिचारात् कल्पितस्तु भेदो वास्तवैकात्म्याविघटकतया नास्माकमनिष्ट इति भावः। ३. तत्त्वतोऽनीश्वरस्येश्वरात्मकत्वोपदेशोऽनर्थाय भवति, न स परमाप्तवेदार्ह इत्यभिप्रेत्याह-तत्त्वत इति। ४. आच्छादनीयम्विषयीकरणीयमिति यावत्। ५.ननु तत्त्वतोऽनीश्वरस्यापि जगत ईश्वरत्वेनोपासनार्थ एवायमीश्वरात्मत्वोपदेशो भविष्यति। शालग्रामशिलायां विष्णुत्वोपदेशवत् तन्नैकात्म्यपरत्वमुपनिषदां, न च वेदोक्तामुपास्तिं कुर्वाणोऽनर्थमियाद्विद्यया देवलोक प्राप्तिसाधनत्वश्रवणादित्याशङ्कमानम्प्रत्याह -एष तत्त्वोपदेश इति। यथावस्तूपदेश एवायं न तूपास्त्यर्थमारोप्योपदेश इति भावः। ६. ननु तत्त्वमसीत्युपदेशोऽप्यात्मनो ब्रह्मत्वेनोपास्त्यर्थ एव मनो ब्रह्मेत्यादिवदिति न तद्दृष्टान्तेनास्य तत्त्वोपदेशत्वमवगन्तुमर्हमिति विप्रतिपद्यमानं युक्त्या बोधयति--ब्रह्मैव सर्वमात्मैव सत्प्रकाशाविशेषत इति। सर्वं सच्चिद्ब्रह्माभिन्नं सन्घटःस्फुरतीत्येवं नियमेन सत्स्फुरणानुविद्धतया प्रतीयमानत्वात् इदमनुविद्धतया प्रतीयमानतदर्थरज्ज्वाभिन्नसर्पादिवदित्यर्थः। ७. सत्प्रेति-सतो ब्रह्मण एव स्फुरणविशेषादयं हेयोपादेयभावो यथा स्वप्ने द्रष्टुरेकस्यैव तत्तदात्मना स्फुरणाद्धेयत्वमुपादेयत्वं च तद्वदतो न सन् असन् ईर्यते उच्यते ब्रह्मविद्भिरित्यर्थः। अविशेषत इति चेत्पाठस्तदा सर्वत्र सत्तास्फुरणयोरनुगमात्सर्वमात्मैवेति पूर्वत्रैव हेतुत्वेनान्वयः। ८. ननु सर्वस्य ब्रह्मत्वे प्रतीयमानो हेयोपादेयभावो नोपपद्येत, नहि यद्धेयं तदेवोपादेयमपि संभवति, विरोधात्। किं च सर्वं चेदात्मा तदा देहमात्मानं मन्यमानैः किमपराध्यते; तत्राह-हेयोपादेयभावोऽयं न सन्निति। यत ईर्यत=उच्यते नाममात्रमित्यर्थः वाचारम्भणश्रुतेः। अत्रायं प्रयोगः-हेयोपादेयतागर्भः प्रपञ्चः,' सन्न भवति, ईर्यमाणत्वाद्वाच्यत्वादित्यर्थः। वाच्यत्वं दृश्यत्वाद्युपलक्षणं स्वप्नवदिति। तथा चैकस्मिन्नेव द्रष्टरि स्वप्ने नानाविरुद्धमिथ्या -धर्माणां दृश्यमानत्वान्न किंचिदनुपपन्नम्। ९. ब्रह्मैव सर्वमात्मैवेत्यत्र स्वयं युक्तिमभिधाय प्रत्ययान्तरं संवादयति-उक्तं चेत्यादिना। नित्यप्रकाश आत्मैव विश्वात्मना विवर्तमानो बन्धाद्याकारः प्रतिभाति। न बन्धाद्येव वस्तु सदिति पद्यार्थः।

[1]नीयं स्वेन[2] परमात्मना । यथा चन्दनागर्वादेरुदकादिसम्बन्धजक्लेदादिजमौपाधिकं दौर्गन्ध्यं तत्स्वरूपनिघर्षणेनाऽऽच्छाद्यते स्वेन पारमार्थिकेन गन्धेन। तद्वदेव हि स्वात्मन्य-

---

महेश्वरः' इति। **यस्यौ[3]पदेशिकज्ञानमात्रेणानृतदृष्टिर्न तिरस्क्रियते तस्य [4]विचारादिप्रयत्नेन तत्त्वप्रकाशे सत्यनृतदृष्टिस्तिरस्क्रियेतेत्यभिप्रे[5]त्य दृष्टान्तमाह**-यथेति। **चन्दनागर्वादेरुदकादिसम्बन्धादार्द्रीभावादिना जातं यद्दौर्गन्ध्यमौपाधिकं मिथ्या तद्यथा तत्स्वरूपनिघर्षणाभिव्यक्तेन स्वाभाविकेन गन्धेनाऽऽछाद्यते तद्वद्विचारादेः [6]स्वरूपसद्भावान्मिथ्याबुद्धेर्बाधकत्वं संभवतीत्याह**-तद्वदेव हीति। **स्वभावोऽना-**

जिस प्रकार चन्दन अगरु इत्यादि सुगन्धित द्रव्य में जलादि-सम्बन्ध से गीलापन आ जाने के कारण औपाधिक दुर्गन्ध आ जाती है, जो चन्दन के घिसने से उसके पारमार्थिक निजरूप गन्ध के द्वारा ढक दी जाती है। ठीक वैसे ही आत्मा में उनादि अविद्या प्रयुक्त कर्तृत्व, भोक्तृत्वादिरूप सम्पूर्ण द्वैत नामरूप एवं कर्म भेद से भिन्न समस्त विकार समूह परमार्थ सद्रूप आत्मभाव से त्याग दिये जाते हैं। चन्दन एवं अगरू इत्यादि द्रव्य का पारमार्थिक रूप सुगन्धयुक्त है, किन्तु उनमें जल के सम्पर्क से गीलापन आ जाता है, पुनः दुर्गन्धि भी आ जाती है। वह दुर्गन्धि चन्दनादि में स्वाभाविक नहीं है अपितु जलरूप उपाधि के कारण से है। औपाधिकरूप सदा नहीं रहता। उपाधि के हटते ही पारमार्थिकरूप प्रकट हो जाता है एवं औपाधिकरूप मिट जाता है। तभी तो घर्षण से चन्दन के पारमार्थिक-स्वरूप प्रकट होते ही औपाधिक दुर्गन्ध का आच्छादन हो जाता है। वैसे ही विचार से सम्पूर्ण प्रपञ्च में मिथ्यात्वबुद्धि आ जाती है, जो अविद्योपाधि के कारण से कर्तृत्व-भोक्तृत्वादिरूप एवं नामरूप तथा कर्म भेद से अनेक भाव में विभक्त दिखता था। अतः आपाततः प्रतीत होने वाले द्वैत की निवृत्ति का एकमात्र साधन वेदान्त-विचार ही है।

इस प्रकार विचारादि साधनों से अनृत दृष्टि तिरस्कृत हो सकती है। अतः यह सम्पूर्ण संसार तथा मैं परमेश्वर ही हूँ, ऐसी भावना से युक्त पुरुष का लोकैषणा, वित्तैषणा तथा पुत्रैषणा त्याग में ही अधिकार है, कर्मों के करने में नहीं। कर्म में तो अनात्मा में दृढ़ आत्म भाव वाले पुरुष का ही अधिकार शास्त्रों में बतलाया गया है। इसे बार-बार श्रुति के शब्दों में भगवत्पाद श्रीशङ्कराचार्य जी कहेंगे।

श्रुति के "त्यक्तेन" इस शब्द का अर्थ "त्यागेन" करना चाहिये, क्योंकि त्यक्तेन पद का यथाश्रुत अर्थ करने पर सङ्गति बैठती नहीं है। क्या त्यक्त अथवा मृतपुत्र एवं भृत्य किसी का पालन कर सकता है? अर्थात् नहीं। उनके साथ सम्बन्ध का उच्छेदन हो जाने के कारण हमारे आत्मा के संरक्षण में वे समर्थ नहीं हैं। अतः 'त्यक्तेन' पद का अर्थ 'त्यागेन' करना ही इष्ट है। त्याग के बाद ही उस त्यक्तैषणात्रय संन्यासी

---

१. कर्मसंबन्धित्वेनोपन्यस्तमिति कर्मणा समुच्चेतव्यत्वेन य उ विद्यायांꣳरता इत्यादौ विद्याशब्देन विवक्षितमिति यावत्। न च तस्य कर्मसंबन्धयोग्यत्वेऽपि प्रकृतोपनिषद्यप्रकृतत्वादयुक्तमुपादानं, प्रकृतस्याप्ययोग्यस्येव योग्यस्याप्यप्रकृतस्य "अक्ताः शर्करा उपद्धाती"त्यादावनुपादानदर्शनात्। तत्र हि केनाक्ता इत्यपेक्षायां तैलादिनाऽक्तत्वसंभवे- ऽप्यप्रकृतत्वात्तन्नादीयते, "तेजो वै घृतमि"त्याद्यर्थवादवाक्ये च घृतस्य प्रकृतत्वेन तदेवोपादीयत इति शङ्कनीयम्। उपनिषदन्तरे प्रकृतत्वात्सर्वा चोपनिषदेकमेव ज्ञानकाण्डमिति राद्धान्तात्। २. न्यायतः शास्त्रतो वेत्येतद्विवरीतुकामो भास्करमेवाङ्गारावक्षयणं करोति शाकल्यमिव-यच्चोक्तं भास्करेणेति। ३. न हीत्यादि-तथा सति"ईदूदेद्द्विवचनमि"ति प्रकृतत्त्वाविशेषादेका रोऽप्यदसोमादित्यत्र सम्बध्येतेत्याद्युदाहार्यम्। ४. एकां युक्तिमुक्त्वाऽपरामाह-किंचेति। ५. फलस्य व्यवधानमिति-अनेन सहकारस्यावसरं दर्शयति। ६. दर्शादेरिति-आदिना पौर्णमासस्तयोः समुच्चयात्। दर्शपौर्णमासयोर्हि समुच्चयोऽभ्युपेयते। ७. तत इति- ज्ञानफलयोः समकालत्वेन सहकारानवकाशादिति यावत् । ८. न्यायतः पराभिमतसमुच्चयासंभवमुपपाद्य शास्त्रतस्तमुपपादयिष्यन्नाह-किंचास्या इति। ९. प्रकृतोपनिषद्व्याख्यानभूते बृहदारण्यकाख्ये ब्राह्मणग्रन्थ इत्यर्थः। विविदिषन्तीत्यत्र धात्वर्थं प्रधानीकृत्याह-इष्यमाणवेदन इति। १०. दुर्बलेनेति-"श्रुतिलिङ्गवाक्यप्रकरणस्थानसमाख्यानां समवाये पारदौबल्यमर्थविप्रकर्षादि"तिन्यायात्प्रकरणस्य श्रुत्यपेक्षया परत्वेन दुर्बलत्वमिति भावः। ११. सहकारितयेति-नहि साधनकरणं फले साधनसहकारि भवति। घटकरणस्य दण्डस्य जलाहरणे घटसहकारित्वादर्शनादिति भावः। १२. इत्यप्ययुक्तमिति-निन्द्यत्वप्रधानत्वयोः समानाधिकरणत्वासंभवादिति हेतुं गर्भयित्वा प्रधानस्य चेत्युक्तम्। १३. तत्रैव सूत्रविरोधं समुच्चिनोति-अत इति। ब्रह्मविद्यायाः स्वातन्त्र्येण पुरुषार्थहेतुत्वादेव मोक्षफले स्वस्वाश्रमविहितकर्मापेक्षा नास्ति शुक्तिज्ञानस्येव रजतभ्रमनिवृत्ताविति। ३.४.२५ ब्र. सूत्रार्थः। अत्राग्नीन्धनादिशब्देन कर्माणि लक्षितानि। १४. ननु प्रधाननिन्दया प्रधानाप्रधानयोः समुच्चयासम्भवे समप्रधानयोरिव विद्याकर्मणोः समुच्चयो भवतु तत्राह -समसमुच्चयश्चेति। १५. परेणापि-समुच्चयवादिनाऽपि। १६. न केवलं नेष्यते, किन्तु परिहृतोऽपि सविरोधधिया तेनात्मग्रन्थाभास इत्याह-विरोधेन च परिजह इति। ग्रन्थाभासस्यावलोकनमप्याभास एवेतिकृत्वा लिटं प्रायुङ्क्त। यद्वा सिद्धान्तिभिरेव स परिहृतो ज्ञानकर्मणोर्विरोधमुपदर्शयद्भिरुपमर्दं चेत्यादि सूत्रेणेत्यर्थः। श्रुतियुक्तिभ्यामुपपादितं शुद्धब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानकर्मणोः समुच्चयासम्भवमुपसंहरति- तस्मादिति। १७. देवताज्ञानम्=देवतोपासनम्। १८. समुच्चयः कमणेति शेषः। १९. न संभवतीति-समुच्चयो हि फलातिरेकाय चिकीर्ष्यत उभयोरेकफलकत्वे चान्यतरलभ्यमेव द्वयलभ्यं नातिशयितमिति व्यर्थ एव समुच्चयः स्यादिति भावः।

(ब्र० १/५/१३) इति [१]पृथक्फलश्रवणात्। तयोर्ज्ञानकर्मणोरिहैकैकानुष्ठाननिन्दा समुच्चिची-किमिति व्याख्यायते? [२]अध्ययनविधेर्मोक्षादर्वाक्पर्यवसानानुपपत्ते[३]र्देवलोकादिप्राप्तेः फलाभासत्वा-[४]त्प्रहाणार्थैव निन्दा किं नेष्यते? तत्राऽऽह-तयोर्ज्ञानकर्मणोरिति। [५]न फलशब्दो [६]मोक्षे रूढो [७]मोक्ष-

यहाँ पर भट्ट भास्कर का कहना है, कि जब सम्पूर्ण उपनिषद् एक ब्रह्मविद्या का ही प्रकरण है तो फिर अमुक मन्त्र से संन्यासियों के लिए ज्ञाननिष्ठा और अमुक मन्त्र से उनमें असमर्थ-अज्ञानियों के लिए कर्मनिष्ठा बतलाई गई है, ऐसा प्रकरण-भेद करना सर्वथा अनुचित है। अतः ज्ञान, कर्म तथा उपासना के अधिकारी भिन्न-भिन्न नहीं है, अपितु एक ही व्यक्ति ज्ञान के साथ उपनिषद् में कहे गये कर्म तथा उपासना का भी अनुष्ठान कर सकता है, इसमें कोई विरोध नहीं है किन्तु विचार दृष्टि से भट्ट भास्कर का उक्त मत समीचीन प्रतीत नहीं होता, क्योंकि उपनिषदों में प्राणादि उपासना का भी विधान देखा जाता है। उन उपासनाओं को ज्ञान का अंग बतलाना समुचित प्रतीत नहीं होता, क्योंकि उनका फल पृथक ही उपनिषदों में सुना जाता है। यदि उन उपासनाओं का स्वतन्त्र फल नहीं कहे होते तो 'फलवत्संनिधावफलं तदङ्गम' इस न्याय से ज्ञान का अङ्ग मान सकते थे। यदि किसी वाक्य में फल का श्रवण होता हो और उसके समीप में पड़े हुए वाक्य में फल का श्रवण नहीं होता तो वह फलशून्य वाक्य फलवाले वाक्य का अंग माना जाता है। प्रकृत में ब्रह्मज्ञान का और उपासनाओं का भी फल स्वतन्त्ररूप से श्रुति बतलाती है, फिर भला दोनों में अङ्गाङ्गी-भाव कहना कैसे ठीक हो सकेगा? इसी प्रकार व्याकृत तथा अव्याकृत उपासना का समुच्चय-विधान भी प्रकरण भेद से इष्ट है क्योंकि उक्त उपासनाओं का प्रकरण भिन्न ही है। यथा कर्मकाण्ड में अधिकार भेद से अग्निहोत्रादि प्रकरण में भेद माना जाता है, वैसे ही उपनिषदों में भी अधिकार भेद से विद्या के प्रकरण में भेद मान लेने पर कोई विरोध नहीं है, क्योंकि कुछ विद्याएँ कर्म के विरुद्ध तथा कुछ अविरुद्ध देखी गयी हैं, जिन विद्याओं का कर्म के साथ विरोध नहीं है, उन्हीं का समुच्चय बतलाना श्रुति को इष्ट है। अतः संसार की निवृत्ति ही जिसका फल है, एवं जिसका कर्म के साथ विरोध है, ऐसे आत्मैक्य विज्ञान का किसी भी श्रौत अथवा स्मार्त कर्म के साथ समुच्चय करना विवेकियों को इष्ट नहीं होगा, किन्तु देवता विज्ञान अर्थात् उपासनाओं का ही उक्त कर्म के साथ समुच्चय करना इष्ट है।

यह आपको कैसे अवगत हुआ कि 'अन्धं तमः' इत्यादि अग्रिम प्रसङ्ग कर्मनिष्ठा से जीने की इच्छावाले अज्ञानी के लिए प्रारम्भ किया जा रहा है, तत्त्ववेत्ता के लिए नहीं?

'यस्मिन् सर्वाणि भूतानि' इस मन्त्र से सम्पूर्ण भूतों को आत्मरूप से देखने वाले के लिये साध्य-साधन भेद का उपमर्दन होने के पश्चात् उस आत्मैकत्वदर्शी को उस समय क्या शोक और क्या मोह? ऐसे शोक-मोह को निवृत्ति करने वाला आत्मैकत्व विज्ञान का किसी भी कर्म तथा उपा-

१. पृथक्फलश्रवणादिति-न समुच्चयानुपपत्तिरिति शेषः। कर्मणस्तु पितृलोकाख्यं पृथक्फलमनुपदमेव वक्ष्यतीत्य-वधेयम्। २. कथं तर्हि व्याख्यायतां; तत्राह-अध्ययनेति। ३. मोक्षात्मकं नित्यं फलमनुद्दिश्य वेदाध्ययनं विदधानः स्वाध्यायोऽध्येतव्य इत्येष विधिर्न साफल्यमश्नुवीत, न च तथा सति प्रामाण्यमियादिति भावः। ननु मोक्षादर्वाचीनमपि स्वर्गादिफलमुद्दिश्य प्रवर्तनमानोऽपि स साफल्यमाप्नोतु नेत्याह-देवेत्यादिना। ४. तथा च किमर्था निन्देत्यत्राह-प्रहाणार्थैवेति। देवताविज्ञानादि मोक्षासाधनस्य तित्याजयिषयेति यावत्। ५. यदुक्तमध्ययनविधेरित्यादि तद्भाष्यभावोक्तिमिषेण परिहरति-न फलशब्दो मोक्षे रूढ इति। असाधारण इत्यर्थः। मोक्षातिरिक्ताशक्तत्वे सति मोक्षे शक्त इति यावत्। ६. न मोक्षे रूढ इति-येन मोक्षातिरिक्तसाधनत्वेनाप्यध्ययनविधिरफलत्वेनाप्रामाण्यं गच्छेदिति भावः। ७. तत्र हेतुमाह--मोक्षमित्यादिना।

षया न[1] निन्दापरैवकैकस्य[2] [3]पृथक्फलश्रवणात्। '[4]विद्यया त[5]दारोहन्ति'। 'विद्यया देवलोकः'। 'न तत्र [6]दक्षिणा यन्ति' (शत १०/५/४/१६) 'कर्मणा [7]पितृलोकः' (बृ० १/५/१६) इति। नहि[8] शास्त्रविहितं किंचिदकर्तव्यतामियात् [9]तत्रान्धं तमोऽद[10]र्शनात्मकं तमः [11]प्रविशन्ति। के? येऽविद्यां विद्याया [12]अन्याऽविद्या तां कर्मेत्यर्थः। [13]कर्मणो विद्याविरोधित्वात्। तामविद्यामग्निहोत्रादिलक्षणामेव[14] [15]केवलामुपासते [16]तत्पराः सन्तोऽनुतिष्ठन्तीत्यभिप्रायः।

सना के साथ समुच्चय करना विवेकशील व्यक्ति नहीं चाहता है, क्योंकि तत्त्वज्ञान का कर्म के साथ समुच्चय कथमपि सम्भव नहीं है। यहाँ पर तो विद्या एवं अविद्या के समुच्चय विधान की इच्छा से ही अविद्वानों की निन्दा की जा रही है।

'जिस ब्रह्मविद्या का प्रसङ्ग इस उपनिषद् के प्रथम मन्त्र में प्रारम्भ किया गया, समुच्चय की दृष्टि से उसीकी आगे निन्दा की जा रही है, यह भट्टभास्कर का कथन ठीक नहीं है, क्योंकि प्रसङ्ग मात्र से कर्म के साथ ब्रह्मविद्या का सम्बन्ध मानना उचित नहीं है, योग्यता भी देखनी चाहिए। कर्म के साथ सम्बन्ध के लिए ब्रह्मविद्या में योग्यता नहीं है, क्योंकि शुद्धब्रह्मात्मैक्य बोध सम्पूर्ण कर्तृत्वादि अध्यास का नाशक होने के कारण कर्म के साथ उसका कैसे समुच्चय होगा? अर्थात् नहीं हो सकता है। साथ ही यह भी विचारणीय है कि जिसके निष्पन्न होने पर भी तत्काल फल नहीं मिलता है, तो उसे सहकारी के साथ समुच्चय करने की आवश्यकता होती है। दर्शपूर्णमास इत्यादि कर्म के निष्पन्न होने पर तत्काल स्वर्गादि फल नहीं मिलता, अतः ऐसे कर्मो के साथ अन्य किसी का समुच्चय किया जा सकता है। आत्मैकत्वविज्ञान प्राप्त हो जाने पर तत्त्वदर्शी में शोक-मोह की निवृत्ति तत्काल ही देखी जाती है। यही श्रुति भी कह रही है 'तत्र को मोहः कः शोकः'। एकत्व दर्शन काल में ही मोहादि की निवृत्ति होने के कथन से उस ज्ञानादि का फल कालान्तरीय नहीं है। अतः वहाँ पर जिसका जिसके साथ न्यायतः वा शास्त्रीय दृष्टि से समुच्चय सम्भव हो सकता है, उसी के प्रसङ्ग में यहाँ पर कहा जा रहा है। देवता विषयक विज्ञान को दैववित्त कहते हैं, उसी का कर्म

१. न निन्दापरैवेति- न कर्मोपासनयोर्जिहापयिषयेति यावत्। २. एकैकस्य सफलं च जिहापयिषितं चेति विप्रतिषिद्धमिति भावः। ३. अत्र हेतुमाह-पृथगिति। ४. पृथक्फलमेव श्रावयति-विद्ययेत्यादिना। ५. तदारोहन्तीति-तद्धिरण्यगर्भपदमुपासनयाऽधिगच्छन्तीत्यर्थः। एवमग्रेऽपि नेयम्। ६. दक्षिणाः-दक्षिणोपलक्षितयज्ञादिकर्मानुष्ठातारः। दक्षिणमार्गानुगामिनः कर्मिण इति यावत्। ७. पितृलोकः-स्वर्गः। ८. ननु सफलमपि कुतो न जिहासितव्यं स्यात्तत्राह-नहीति। तथाहि सति शास्त्रस्याननुष्ठापकत्वलक्षणमप्रामाण्यं प्रसज्येत तच्चानिष्टमिति भावः। ९. तत्र=तथा सति। उपपत्त्या प्रकृते विद्यापदेन देवताज्ञानस्यैव ग्राह्यत्वनिश्चये सतीति यावत्। १०. अदर्शनात्मकमिति- अज्ञानात्मकमहन्ताद्यभिमानात्मकाज्ञानकार्यप्रचुरां निःश्रेयससम्पादनाक्षमप्रायां देवादियोनिमिति यावत्। ११. प्रविशन्ति-प्राप्नुवन्तीति यावत्। १२. अविद्यामित्यत्र विद्या सम्यग्ज्ञानं नञर्थस्तु विरोधित्वमित्याशयेन व्याचष्टे-विद्याया अन्येति। १३. ननु विद्याया अन्यत्वं घटादावपि भवति, तत्कुतः कर्मैव गृह्यते तत्राह-कर्मणो विद्याविरोधित्वादिति। अविद्याशब्दस्य कर्मार्थत्वेऽयं हेतुः। तथा च विरोधित्वमेवात्र नञर्थः। विद्याया अन्येत्यादि तु व्युत्पत्तिमात्रं विरोधित्वमेव वा अन्यत्वं विवक्षितम्। विरोधित्वस्य नञर्थत्वे च निगदन्ति "सादृश्यं तदभावश्च तदन्यत्वं तदल्पता, अप्राशस्त्यं विरोधश्च नञर्थाः षट् प्रकीर्तिता" इति। विरोधित्वञ्चानयोर्निरूपितमधस्ताद्भिन्नाधिकारित्वमुपपादयद्भिर्वक्ष्यते चेति भावः। १४. सर्वं वाक्यं सावधारणमिति न्यायेनाऽऽह-एवेति। १५. तदेव विवृणोति-केवलामिति उपास्त्यसमुच्चितामित्यर्थः। १६. कर्मणः केनाप्यनुपास्यमानत्वादुपासत इत्यस्थाने प्रयुक्तमाशङ्क्य व्याचष्टे-तत्परा इति। तत्कर्मैव परं परमपुरुषार्थसाधनत्वेनाभिप्रेतं येषामिति विग्रहः।

ततस्तस्मादन्धात्मकात्तमसो भूय इव [1]बहुतरमेव ते तमः प्रविशन्ति । के? कर्म हित्वा ये उ ये तु विद्यायामेव देवताज्ञान एव रता [2]अभिरताः।।९।।

तत्रा[3]वान्तर[4]फलभेदं विद्याकर्मणोः समुच्चयकारणमाह। [5]अन्यथा [6]फलवदफलवतोः सन्निहितयोरङ्गा[7]ङ्गितैव स्यादित्यर्थः।

सम्बन्धी रूप से उपन्यास किया गया है, परमात्म विज्ञान का नहीं। 'उपासना से देवलोक को प्राप्त करता है, ऐसा उपासना का पृथक फल सुना गया है, केवल कर्म और केवल उपासना के अनुष्ठान की निन्दा की गई है, जबकि केवल कर्म और उपासना का पृथक्-पृथक् फल सुना गया है इसलिए निन्दा करने वाली श्रुति वाक्य का तात्पर्य निन्दा में नहीं है, अपितु समुच्चय विधान में ही है। अन्यथा एक-एक अनुष्ठान का फल-कथन व्यर्थ हो जायेगा। श्रुति कहती है कि 'देवोपासना से देवपद पर आरूढ़ होते हैं, उपासना से देवलोक प्राप्त होता है, उपासना से जिस स्थान को प्राप्त करता है, वहाँ पर दक्षिणायन से जाने वाले नहीं जाते हैं। केवल कर्मानुष्ठान से पितृलोक प्राप्त होता है'। इस प्रकार उपासना तथा कर्मानुष्ठान का पृथक्-पृथक् फल का श्रवण हो रहा है। दोनों का अनुष्ठान जब शास्त्र विहित है तो भला शास्त्रविहित कोई भी कर्म अकर्तव्य कैसे होगा? अतः एक-एक की निन्दा, समुच्चय विधान के अभिप्राय से ही की गई है।

उक्त मन्त्र का अर्थ है कि जो विद्या के विरोधी अविद्यात्मक कर्म में लगे हुए हैं वे तो अदर्शन-रूप तम में प्रवेश कर रहे हैं। अविद्या का अर्थ कर्म इसलिए भी किया गया है, क्योंकि कर्म विद्या का विरोधी है। ऐसी केवल अग्निहोत्रादि रूप अविद्या की उपासना अर्थात् अनुष्ठान जो करते हैं वे तो घोर अन्धकार में जा रहे हैं किन्तु उनसे भी अधिक घोरतम अन्धकार में वे प्रवेश कर रहे हैं, जो शास्त्रविहित अग्निहोत्रादि कर्म का परित्याग कर देवता ज्ञानरूप उपासना में ही अभिरत हो रहे हैं। यहाँ पर दोनों का अवान्तर फलभेद समुच्चय का कारण कहा गया है। अन्यथा एक वाक्य फल वाला आर तत्संनिधान में दूसरा वाक्य फलशून्य हो तो 'फलवत्संनिधावफल तदङ्गम्' इस न्याय से उक्त संनिहित दो वाक्य में अङ्गाङ्गी-भाव होने लग जायेगा।।९।।

स्वतन्त्र कर्म और उपासना का फल

नवम मन्त्र से केवल कर्मानुष्ठान अथवा केवल उपासनानुष्ठान की निन्दा की गयी, इतना ही नहीं, अपितु उनसे अनिष्ट-प्राप्ति भी बतलायी गयी । अतः कर्म एवं उपासना दोनों ही निष्फल हैं? इस शंका का समाधान मन्त्र स्वयं ही कर रहा है, कि 'विद्या (उपासना) से अन्य ही फल प्राप्त होता है और अविद्या (कर्म) से अन्य फल प्राप्त होता है, ऐसे विद्वान् लोक कहते हैं, एवं हमने उन विद्वानों की बात भी सुनी है, जिन्होंने ज्ञान और कर्म की सम्यक् व्याख्या की थी। 'उपासना से देवलोक को प्राप्त करता है' इस श्रुति

---

१. बहुतरमिति- तमसो बहुतरत्वं तत्कार्यस्याभिमानादेराधिक्यम्।

२. अभिरता इति-रतिमन्तः सन्तो घटन्त इति यावत्। ३. ननु तर्हि त्याज्यमेव कर्मोपासनद्वयमित्याशङ्कामपनुदन्मन्त्रान्तरमवतारयति-तत्रेत्यादिना। तत्र प्रत्येकं निन्दितत्वे विहितत्वेन त्यागायोगे च सतीति यावत्। ४. अवान्तरफलेति-मुख्यं तु चित्तशुद्धि-ज्ञानद्वारकमोक्ष एव फलमित्याशयः। ५. अन्यथेति-अवान्तरफलभेदानुक्तावित्यर्थः ६. फलवदफलवतोरित्यादि-"फलवत्संनिधावफलं तदङ्गमि"ति न्यायादिति भावः। संनिहितत्वं चानयोरेकाशास्त्रविहितत्वं, शास्त्रं चैकं वेद एवेत्यवधेयम्। ७. अङ्गाङ्गितैवेति-प्रधानयोर्हि सहानुष्ठानस्य समुच्चयव्यपदेशो दर्शपूर्णमासयोरिव। नत्वङ्गाङ्गिनोर्दर्शादिप्रयाजाद्योरिवेत्यभिप्रायः।

अन्यदेवाहुर्विद्ययाऽन्यदाहुरविद्यया ।
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे ।।१०।।

[विद्या (देवोपासना) से (देवलोक की प्राप्तिरूप) अन्य ही फल बतलाते हैं तथा अविद्या (अग्निहोत्रादि कर्म) से (पितृलोक की प्राप्तिरूप) अन्य फल कहते हैं। ऐसा हमने बुद्धिमान् पुरुषों से सुना है जिन्होंने हमारे प्रति उन (फल के सहित ज्ञान और कर्म) की व्याख्या की थी।।१०।।]

अन्यदेवेत्यादि। अन्यत्पृथगेव विद्यया क्रियते फलमित्याहुर्वदन्ति। "विद्यया देवलोकः" 'विद्यया तदारोहन्ति' इति श्रुतेः। अन्यदाहुरविद्यया कर्मणा क्रियते 'कर्मणा पितृलोकः' (बृ० १/५/१६) इति श्रुतेः। इत्येवं शुश्रुम श्रुतवन्तो वयं धीराणां धीमतां वचनम्। य[1] आचार्या

से उपासना का फल देवलोक की प्राप्ति बतलायी है, और 'कर्म से पितृलोक की प्राप्ति होती है' इस श्रुति से कर्मानुष्ठान का फल पितृलोक की प्राप्ति बतलायी गयी है, ऐसा हमने उनके रहस्य जानने वाले विद्वानों का व्याख्यान सुना है। इस वाक्य से श्रुति बतला रही है कि यह रहस्यमय ज्ञान आचार्य परम्परा से प्राप्त किया जाता है, केवल अपने मनःकल्पित विचारों से उक्त रहस्यमय ज्ञान को नहीं प्राप्त कर सकते हैं।

मन्त्र में आया हुआ 'अन्य' शब्द उपासना तथा कर्म में सफलत्व का बोधक है एवं 'एव' शब्द से दोनों में अङ्गाङ्गी-भाव का निषेध भी किया है। मन्त्र में उपासना का फल बतलाते समय अवधारणार्थक 'एव' शब्द से देवता-विज्ञान का फल केवल देवलोक की प्राप्ति है, किन्तु कर्म का फल अन्तः-शुद्धि द्वारा आत्मज्ञान की प्राप्ति भी है। अत एव कर्म का फल बतलाते समय केवल 'अन्यत्' शब्द का प्रयोग किया गया वहाँ पर अवधारणार्थक 'एव' शब्द नहीं है।

इस रहस्य के व्याख्याता ऋषि मन्त्रद्रष्टा हुए हैं, इसलिये 'धीराणाम्' पद से कहा गया है, क्योंकि मन्त्रद्रष्टा से भिन्न व्यक्ति स्वातन्त्र्येण अर्थ-प्रतिपादन में भूलकर सकता है, किन्तु मन्त्रद्रष्टा, आप्तकाम ऋषि कर्म तथा उपासना के तन्त्र को जानने वाले कभी भी भूल नहीं कर सकते। उन्हीं का यह आगम परम्परा से हमारे सामने उपस्थित है। अतः पृथक्-पृथक् अनुष्ठान की निन्दा का तात्पर्य इन दोनों की निष्फलता बतलाने में नहीं है; अपितु उन दोनों का समुच्चय बतलाने में है। एक-एक का पृथक् अनुष्ठान यदि सर्वथा निष्फल हो तो उन दोनों का समुच्चय अनुष्ठान कैसे हो सकता है? लोक में देखा गया है कि एक सिकता तेल देने में असमर्थ है। सिकता-समूह से तेल नहीं निकलता; किन्तु एक तिल या सरसों तेल देने में समर्थ है, तो उनके समूह में भी तेल देने का सामर्थ्य है। अतः उक्त अन्वय-व्यतिरेक के आधार पर उन दोनों के पृथक्-पृथक् अनुष्ठान का भी फल है, जिसे दशम मन्त्र से बतलाया गया है।

दो सफल एवं समर्थ का ही साहचर्य लोक में भी देखा जाता है, यथा कृषि-वाणिज्यादि में एक समृद्ध एवं समर्थ है, और दूसरा दरिद्र तथा समर्थ पङ्गु एवं प्रमादी है, तो उन दोनों का कभी साहचर्य नहीं चल सकता है। इसके विपरीत दोनों समृद्ध तथा सशक्त हों और मिलकर कृषि-वाणिज्यादि करें, तो पूर्व की अपेक्षा अधिक लाभ होता देखा गया है। वैसे ही कर्म और उपासना दोनों ही निष्फल हों, अथवा एक का फल होता हो और दूसरे का नही; तो दोनों परिस्थिति में कर्म और उपासना का समुच्चय बन नहीं सकता है।

---

१. के ते धीमन्त इत्यत आह -य इति।

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयꣳ सह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते।।११।।

[जो कोई विद्या और अविद्या इन दोनों को एक साथ ही एक ही पुरुष से अनुष्ठेय (जानकर) वैसे ही अनुष्ठान करता है वह कर्म रूप अविद्या से (स्वाभाविक प्रवृत्तिरूप) मृत्यु को पार कर विद्या से (देवात्म भाव रूप आपेक्षिक) अमृतत्व को प्राप्त करता है।।११।।]

नोऽस्मभ्यं तत्कर्म च ज्ञानं च विचचक्षिरे व्याख्यातवन्तस्ते[1]षामयम[2]ागमः [3]पारम्पर्यागत इत्यर्थः।।१०।।

[4]यत एवमतो विद्यां चाविद्यां च देवताज्ञानं कर्म चेत्यर्थः। यस्तदेतदुभयं सहैकेन

मनिच्छतामपि [5]समीहिते [6]फलव्यवहारदर्शनात्ततो[7] यो देवलोकादिमुपादित्सते तस्य तदपि फलं [8]भवत्येवेत्यर्थः ।।९।।१०।।११।।

ऐसी स्थिति में 'फलवत्संनिधौ अफलं तदङ्गम्' इस न्याय से अङ्गाङ्गी भाव प्राप्त होगा, समुच्चय नहीं। समुच्चय के लिए दोनों की सफलता अनिवार्य है। इसीलिए मन्त्रद्रष्टा ऋषियों की व्याख्या को प्रमाण मानकर कर्म तथा उपासना का फल पृथक्-पृथक् बतलाया गया है।

यहाँ पर यह स्मरण रहे कि विद्या का अर्थ उपासना तथा अविद्या का अर्थ कर्म लेना ही उचित है, क्योंकि तत्त्वज्ञान का किसी के साथ समुच्चय सम्भव नहीं और अविद्या पद में नञर्थ विरोधी होने के कारण विद्या का विरोध कर्म के साथ ही है। अतः अविद्या पद का अर्थ कर्म किया गया है जिसे श्रुति, युक्ति तथा अनुभव के आधार पर बतला रही है।।१०।।

कर्मोपासना समुच्चय का फल

इस प्रकार देवोपासना तथा कर्मानुष्ठान दोनों ही शास्त्रविहित्र होने के कारण सफल हैं, ऐसा कहने के बाद अब दोनों का समुच्चय बतला रहे हैं। जबकि ऐसी बात है, इसलिए देवोपासना और शास्त्रविहित कर्म इन दोनों को जो कोई एक ही पुरुष से एक साथ अनुष्ठेय समझता है, वह अग्निहोत्रादि कर्म से स्वाभाविक प्रवृत्तिरूप मृत्यु को जीतकर देवोपासना से देवभाव की प्राप्तिरूप अमृत को प्राप्त कर लेता है।

समुच्चय का अर्थ होता है सहानुष्ठान। वह समुच्चय दो प्रकार का होता है, क्रमसमुच्चय और सहसमुच्चय। जीवन में कुछ दिनों तक कर्म का अनुष्ठान करने के बाद उपासना या ज्ञान के अनुष्ठान

---

१. तेषां च तद्व्याख्यानं नात्मकल्पनयेत्याह--तेषामिति। २. आगमः-उपदेशः। ३. पारम्पर्यागत इति-आचार्यपरम्पराप्राप्त इत्यर्थः। यतस्तेऽपि श्रुत्यवष्टम्भेनाहुरिति जगदुः। ततो नास्यागमस्याप्रामाण्यं शङ्कनीयमिति भावः। ४. उभयोः फलवत्त्वेन त्यागायोगात् प्रत्येकानुष्ठानस्य च निन्दितत्वादिति वदन्समुच्चयविधाने मन्त्रमवतारयति-यत एवमत इति। ५. समीहिते-लिप्सिते स्वर्गादावित्यर्थः। ६. फलव्यवहारदर्शनादिति-शक्त्यैव फलशब्दप्रयोगसद्भावादिति यावत्। ७. तत इति-मोक्षादर्वाचीनफलेनापि स्वाध्यायविधेः प्रामाण्यस्याक्षतत्वादिति यावत्। ८. भवत्येवेति-तथा च न सफलस्य तित्याजयिषा घटत इति प्रहाणार्हमेव वचः प्रहाणार्थैव निन्देत्येतदिति भावः। ९. इत्यर्थ इति-ततः समुच्चिचीषयैव निन्देति राद्धान्त इत्युपसंहर्तव्यम्।

पुरुषेणानुष्ठेयं [1]वेद तस्यैवं समुच्चयकारिण एवै[2]कपुरुषार्थसम्बन्धः [3]क्रमेण स्यादित्युच्यते- अविद्यया कर्मणाऽग्निहोत्रादिना मृत्युं [4]स्वाभाविकं कर्म ज्ञानं च [5]मृत्युशब्दवाच्यमुभयं

में लग जावें, तो उसे क्रमसमुच्चय कहते हैं वैसे ही प्रतिदिन कुछ समय तक अग्निहोत्रादि कम करना उसके बाद देवोपासना और तदनन्तर वेदान्त ज्ञान प्राप्ति के साधन वेदान्तश्रवणादि में प्रवृत्त होना, इसे भी क्रमसमुच्चय कहते हैं। किन्तु एक ही पुरुष से एक ही समय में अग्निहोत्रादि कर्म, देवोपासना अथवा ब्रह्मज्ञान के अनुष्ठान को सहसमुच्चय कहते हैं। एक ही समय में भिन्न-भिन्न पुरुष से कर्म, उपासना और ज्ञान के अनुष्ठान को भी कथञ्चित् सहसमुच्चय कहा जा सकता है। इस प्रकार क्रम समुच्चय तथा सहसमुच्चय के भी दो-दो भेद हो जाते हैं। इनमें से भिन्न-भिन्न पुरुष से एक काल में कर्मादि के अनुष्ठान रूप सहसमुच्यय मानने में कोई विरोध नहीं है, अर्थात् एक पुरुष अग्निहोत्रादि कर्मानुष्ठान में लगा हुआ है तो दूसरा देवोपासना में एवं तीसरा ज्ञान के साधन में निरत है। ऐसे समुच्चय मानने में किसी को कुछ भी विरोध नहीं होता, लेकिन श्रुति को ऐसा अभिमत नहीं है, क्योंकि 'तीर्त्वा' पद में 'त्वा' प्रत्यय किया गया है, जो एक कर्त्ता में पूर्वकालिक क्रियावाचकधातु से हुआ करता है। अतएव पाणिनीय सूत्र में कहा गया है 'समानकर्तृकयोः पूर्वकाले' (३/४/२१)

यहाँ पर 'अविद्यया मृत्यु तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते' (अविद्या से मृत्यु को पार कर विद्या द्वारा अमरत्व को प्राप्त कर लेता है)। इस प्रकार मृत्यु का सन्तरण करने वाला तथा अमरत्व प्राप्त करने वाला एक ही व्यक्ति है जिसने विद्या एवं अविद्या का एक साथ अनुष्ठान किया है। अतः विद्या एवं अविद्या के अनुष्ठान का कर्ता भिन्न-भिन्न श्रुति को इष्ट नही है किन्तु एक ही कर्ता इष्ट है।

क्रमसमुच्चय के दो भेद बतलाये गये थे। उनमें से प्रथम पक्ष मानने में कोई विरोध तो नहीं है। किन्तु श्रुति में 'यस्तद्वेदोभयं सह' इससे क्रमसमुच्चय का प्रतिपादन करना श्रुति को अभीष्ट नहीं जान पड़ता। अन्यथा 'उभयं सह' कहने को कोई आवश्यकता नहीं थी। क्रमसमुच्चय के द्वितीय पक्ष में बतलाया गया है, कि प्रतिदिन कुछ समय तक अग्निहोत्रादि कर्म का अनुष्ठान, तत्पश्चात् उपासना का एवं ज्ञान का साधन कर लेना चाहिए, किन्तु विचार करने पर यह पक्ष भी असङ्गत है क्योंकि सर्वात्म भाव के चिन्तन में लगे हुए व्यक्ति से क्रिया कारक तथा फल भेदवाले कर्म का अनुष्ठान कैसे सम्भव हो सकेगा? ऐसे व्यक्ति के लिए तो 'आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तया' इस वाक्य से क्षणभर भी अनात्म चिन्तन का निषेध कर तैलधारावत् नित्य-निरन्तर ब्रह्म और आत्मा की एकता का चिन्तन ही बतलाया गया है।

१. वेदेति--विदित्वाऽनुतिष्ठतीत्यर्थः, तस्यैव समुच्चयकारिण इत्युत्तरस्माद्भाष्यात्। २. एकपुरुषार्थसम्बन्ध इति-एकः पुरुषार्थो देवात्मभावाख्यममृतं तत्प्राप्तिरित्यर्थः। ३. क्रमेणेति-स्वाभाविककर्मज्ञानाख्यमृत्युतरणपूर्वकमिति यावत्। ४. मृत्युपदं व्याचष्टे-स्वाभाविकं कर्मज्ञानं चेति। शास्त्रानाधेयं पुरुषबुद्धिप्रभवं प्राक्तनसंस्कारानुसारिक्रियासामान्यमुपासनसामान्यं चेत्यर्थः। ५. ननु मृत्युशब्दो मारके यमादौ प्रसिद्धस्तत्कुतोऽन्यथा व्याख्यायते। तत्राह-मृत्युशब्दवाच्यमुभयमिति। सा वा एषा देवता (प्राणाख्या) एतासां देवतानां (वागादीनां) पाप्मानं मृत्युमपहत्य यत्रासां दिशामन्तः [शास्त्रीयज्ञानदिसंस्कृतजनाधिष्ठितमध्यदेशा-(आर्यावर्तः पुण्यभूमिर्मध्यं विन्ध्यहिमागयोः) तिरिक्तो देशो दिशामन्तः] तद्गमयाञ्चकारेत्यादिश्रुतौ (आदिना "असतो मा सद्गमये"ति मन्त्रव्याख्यानभूता श्रुतिर्गृह्यते। तत्र हि मृत्युर्वा असदित्यसच्छब्दितं स्वाभाविकं ज्ञानं कर्म च मृत्युत्वेन व्याख्यायत इति) स्वाभाविकज्ञानकर्मणी एव पाप्मपदेन परामृश्य तयोर्मृत्युत्वव्यपदेशात्ते एवात्र मृत्युत्वेन विवक्ष्येते, तयोर्मरणशालिसंसारहेतुत्वेन मारकत्वानुगमात्। कर्मणा मृत्व्यन्तरतरणायोगाच्चेति भावः।

तीर्त्वाऽति[१]क्रम्य [२]विद्यया देवताज्ञानेनामृतं [३]देवतात्मभावमश्नुते प्राप्नोति। [४]तद्ध्यमृतमुच्यते यद्देवतात्मगमनम्।।११।।

इसके विपरीत क्रिया-कारक फल भेदवाले कर्म में निरत व्यक्ति अद्वैतात्मा का चिन्तन कैसे कर सकेगा? अतः क्रमसमुच्चय का द्वितीय पक्ष भी श्रुति, युक्ति एवं अनुभव से विरुद्ध होने के कारण अग्राह्य है। परिशेषतः एक कालावच्छेदेन एक ही व्यक्ति से विद्या एवं अविद्या का सहानुष्ठान रूप समुच्चय बतलाना ही श्रुति को इष्ट है। इसी अभिप्राय से एक-एक के पृथक्-पृथक् अनुष्ठान की निन्दा की गयी है और साथ ही दोनों का दशम मन्त्र से फल भी बतलाया गया है। अत एव एकादश मन्त्र की व्याख्या करते हुए भगवान् भाष्यकार ने कहा है कि, जो कोई विद्या एवं अविद्या को एक साथ एक ही पुरुष से अनुष्ठेय समझता है, ऐसें समुच्चय अनुष्ठान करने वालों को क्रमशः दोनों के फल के साथ सम्बन्ध हो जाता है। वह सहानुष्ठान कर्त्ता पहले शास्त्रविहित-अग्निहोत्रादि श्रौतकर्म तथा स्ववर्णाश्रमानुसार स्मार्तकर्म के द्वारा स्वाभाविक पाशविक प्रवृत्तिरूप कर्म तथा स्वाभाविक चिन्तनरूप ज्ञान से मृत्यु को पार करके देवोपासना से देवात्मभाव (अमरत्व) को भी प्राप्त कर लेता है। देवता भी अमर कहे जाते हैं, इसलिये देवात्मभावआपेक्षिक अमृतत्व माना गया है।

जल की भाँति जीव की प्रवृत्ति नीचे की ओर होती है, शास्त्र उसे संयम का मार्ग बतलाकर धीरे-धीरे ऊपर की ओर जाने की प्रेरणा देता है। इसीलिये स्वाभाविक प्रवृत्ति प्राणी को पतन की ओर ले जाने के कारण मृत्यु शब्द से कही गयी है। इस स्वाभाविक प्रवृत्तिरूप मृत्यु को जीतने के साधन शास्त्रोक्त

---

१. अतिक्रम्येति-निरुध्येत्यर्थः। तत्प्रयुक्तदुरदृष्टोत्पत्तिं प्रतिबध्येति यावत्। शास्त्रीयमेव कर्मादि सदानुतिष्ठतस्त-त्संस्कारप्राचुर्येण स्वाभाविकज्ञानकर्मसंस्कारा उपमृदिता भवन्तीति प्रसिद्धमेव। तदुत्थपुण्यप्रभावाच्च ते क्षरन्ति ततस्तदनुसारिप्रवृत्त्यभावेन, पापोत्पत्तिप्रतिबन्धः। २. एवं कर्मणा निष्पापो विशुद्धः सन्देवतोपासनोत्थपुण्यादृष्टवशेन देवभावाख्यममृतमधिगच्छतीत्याह-विद्ययेत्यादिना। ३. देवतात्मभावमश्नुत इति-नन्वेकैकस्यापीदमेव फलम्। 'विद्यया देवलोकः, कर्मणा पितृलोकः' इति श्रुतेः। तत्तल्लोकप्राप्तिर्हि तत्तल्लोकेषु देवात्मनाऽवस्थानमेव तत्कथं निन्दितमेवैकैकस्य फलं समुच्चयफलत्वेनाभिधीयत इति चेन्न। अमृताख्यदेवतात्मभावप्राप्तिर्नाम देवतासायुज्यम्। व्यष्ट्युपाधिकृत-परिच्छेदनिर्मोकेन समष्ट्युपाध्युपहितत्वाधिगम इति यावत्। लोकप्राप्तिस्तु लोकाभिमानिदेवतासामीप्यादिरूपेति भेदात्। वस्तुतस्तु देवतात्मभावो ज्ञानद्वारामोक्षसाधनम्। "ब्रह्मणा सह ते सर्वे सम्प्राप्ते प्रतिसञ्चरे। परस्यान्ते कृतात्मानः प्रविशन्ति परं पदमिति" ब्रह्मलोकगतानां ब्रह्मणा सहैव मोक्षश्रवणात्। लोकप्राप्तिस्तु भोगमात्रसाधनमित्येव भेदः, तथा च सकामकर्मोपासने निन्दित्वा निष्कामतत्समुच्चयोऽत्र विधीयत इति मन्तव्यम्। सकामनिष्कामयोरेव तयोर्भोगमोक्षहेतुत्वात्। ज्ञानकाण्डे चात्र ज्ञानसाधनकर्मोपासनयोरेव विधातुमर्हत्वादिति। ननु निष्कामानुष्ठानस्य मोक्षहेतुत्वे एकैकस्यापि तथाऽनुष्ठानं परम्परया मोक्षपर्यवसाय्येव भविष्यतीति समुच्चयविधानमफलमेवेति चेन्न। सत्वरं फलजनननानुकूलतया सफलत्वात्। एकैकानुष्ठाने हि विलम्बेन फलं, समुच्चयेन तु सद्य एव, समुच्चयेन मलविक्षेपयोर्युगपदपाकरणादेकैकतस्तु क्रमेणेत्यलम्। ४. नन्वमृतं नाम पीयूषापरपर्यायं नाकिनां पेयं किमपि द्रव्य प्रसिद्धम्। देवात्मभावस्तु नामृतत्वेन प्रसिद्धस्तत्कथं प्रसिद्धमपहायाप्रसिद्धमुच्यते, शास्त्रप्रसिद्धत्वान्नैवमित्यभिप्रेत्याह-तद्धीति। "मृत्योर्माऽमृतं गमये"त्यादेर्देवतात्मभाव एवामृतत्वेनोच्यते, तथा च तत्र ब्राह्मणम् "अमृतं मा कुर्वित्येवैतदाहेति"। नाकिपेयस्य तु केवलेनापि कर्मणा लब्धुं शक्यतया समुच्चयफलत्वोक्तेरसाङ्गत्यादनवकाश एवेति भावः।

कर्म ही हैं। वे कर्म देवोपासना के साथ अनुष्ठान किये जाने पर देवात्मभाव को प्राप्ति में सहायक हो जाते हैं। यदि अग्निहोत्रादि-शास्त्रोक्त कर्मों का परित्याग कर केवल उपासना में निरत होता हो तो निश्चित है कि वह प्रत्यवाय का भागी होगा। वैसे ही देवार्पण बुद्धि से कर्म को करते हुए देवतोपासना नहीं करता तो वह भी नवम मन्त्रोक्त रीति से घोरतम अन्धेरे में जायेगा।

यहाँ पर इस बात को कभी न भूलें कि कर्म का समुच्चय, देवतोपासनादि के साथ ही सम्भव है, ब्रह्मात्मैक्य विज्ञान के साथ नहीं। अतः उक्त प्रसङ्ग में कर्म तथा उपासना का समुच्चय ही बतलाया गया है, क्योंकि ब्रह्मात्मैक्यज्ञान से कर्ता साधन तथा फलभेद का बाध हो जाने के कारण भला अद्वैतज्ञान के साथ कर्म का कैसे समुच्चय हो सकता है? अर्थात् नहीं हो सकता।

कर्म एवं उपासना के समुच्चय-विधान के लिए प्रत्येक के पृथक्-पृथक् अनुष्ठान की निन्दा की गयी है। ऐसी व्याख्या क्यों की गयी? ऐसा क्यों न माना जाय कि आत्यान्तिक दुःख की निवृत्ति तथा परमानन्द की प्राप्तिरूप परम पुरुषार्थ ही वस्तुतः फल है। शेष देवादि-लोक की प्राप्ति तो फलाभास है। जो फल के समान प्रतीत होता हो, किन्तु दुःखमिश्रित होने के कारण वस्तुतः फल नहीं है, तो उसे फलाभास कहते हैं, देवादि लोक की प्राप्ति ऐसी ही है। इसीलिए मोक्षाभिलाषी पुरुषों को दूर से ही परित्याग करने के लिये उसकी निन्दा की गयी है? तो ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि धर्म अर्थ, काम तथा मोक्ष ऐसे चार पुरुषार्थ बतलाये गये हैं। इनमें नित्य, निरतिशय होने के कारण मोक्ष परम पुरुषार्थ है और शेष तीन अनित्य तथा सातिशय होने के कारण केवल पुरुषार्थ हैं। अन्यथा मोक्ष के लिये 'परम' विशेषण देना व्यर्थ ही हो जायेगा, साथ ही फल शब्द केवल मोक्ष अर्थ में रूढ़ नहीं है। मुमुक्षु से भिन्न व्यक्ति में भी फलाभिलाषी शब्द का प्रयोग किया जाता है। अतः सचुच्चय विधान के लिये ही प्रत्येक के पृथक् अनुष्ठान की निन्दा की गयी है, एवं दोनों का फल भी बतलाया गया है। इससे भी समुच्चय विधान करना इष्ट जान पड़ता है, जिसे ग्यारहवें मन्त्र से बतलाया गया है।

देवता तथा उनके लोक को शास्त्रों में अमृत कहा गया है। परमार्थ दृष्टि से ब्रह्म से भिन्न सभी वस्तुओं का ब्रह्मज्ञान से अन्त हो जाता है। व्यवहार दृष्टि से भी इस लोक एवं अस्मदादि शरीर के समान ही देवलोक एवं देवशरीर का नाश श्रुति, युक्ति तथा अनुभव से सिद्ध है फिर इन्हें अमर कैसे कहा जाता है? 'अमरा निर्जरा देवाः' ऐसा अमरकोश में भी देवताओं को अमर और अजर कहा गया है, किन्तु पूर्वोक्त श्रुति, युक्ति तथा अनुभव से ब्रह्म से भिन्न सभी वस्तुओं का अन्त ही देखा जाता है, फिर उन्हें अमर क्यों कहा जाता है? इसका उत्तर यह है कि मरण शब्द का अर्थ स्थूल-सूक्ष्म शरीर का वियोग होता है 'मृङ् प्राणत्यागे' ऐसे 'मृ' धातु से मरण शब्द बना है। लोक में प्राणादि सूक्ष्म शरीर के स्थूल शरीर से निकल जाने को मरण शब्द से कहा जाता है, जो इस मृत्युलोक की परिपाटी है। देवलोक में देवताओं का शरीर 'दिव्य' कहा गया है। शुभ कर्म के फलस्वरूप देवलोक की प्राप्ति होती है। वहाँ पर देवलोकानुरूप कर्म का फल भोग लेने पर शेष कर्म के अनुसार जीव इस संसार में उत्तमाधम शरीर को प्राप्त करता है। यह सब होते हुए भी देवलोक में देवताओं का शरीर प्राण निकल जाने पर इस लोक के समान लाश रूप से पड़ा रहता है, जिसकी अन्त्येष्टि करने के लिये उनके सम्बन्धिया को मृत देव शरीर को श्मशान में ले जाना पड़े, ऐसी बात नहीं है, किन्तु देवलोक के उचित फल भोग समाप्ति की चिन्ता से उसका शरीर पिघलकर वैसे ही पंच महाभूतों में मिल जाता है, जैसे उष्णता से बर्फ गलकर पानी बन जाता है। अतः उसमें मरण शब्द का प्रयोग न होने के कारण उन्हें अमर कहा गया है। वैसे ही देवताओं को अजर कहने का तात्पर्य यह है कि इस लोक में शुक्र शोणित के सम्बन्ध से गर्भ में पकता हुआ जीव योनि से बाहर आता है और पुनः अन्नादि से पुष्ट हो शैशव,

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽसम्भूतिमुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ सम्भूत्याᳬरताः ।।१२।।

[जो असम्भूति (अव्याकृत प्रकृति काम-कर्म की बीजभूत अविद्या) की उपासना करते हैं वे घोर अन्धेरे में प्रवेश करते हैं और जो सम्भूति (हिरण्यगर्भरूप कार्य ब्रह्म) में रत हैं, वे मानो उससे भी अधिकतर अन्धेरे में प्रवेश करते हैं।।१२।।]

[1]अधुना व्याकृताव्याकृतोपासनयोः समुच्चिचीषया प्रत्येकं निन्दोच्यते--अन्धं तमः

[2]चित्तन्त्रा माया [3]परमेश्वरस्योपाधिः । "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् (श्वे० ४-१०) इत्यादिश्रुत्यन्तरप्रसिद्धाऽत्रासंभूतिशब्देनोच्यते न ब्रह्म । तस्य निर्विकारस्य

कुमार, युवा इत्यादि अवस्थाओं को प्राप्त करता हुआ वृद्ध हो जाता है, ऐसी परिपाटी भी देवलोक की नहीं है, अपितु देवलोक में गये व्यक्ति को प्रारम्भ से अन्त तक षोडश वर्ष की अवस्था में रहकर अपने कर्मानुसार दिव्य भोगों को भोगना पड़ता है। वह शरीर सांकल्पिक हुआ करता है। जब बाल्यावस्था ही नहीं हुई तो भला वृद्धावस्था क्यों कर आने लगे? अतएव देवताओं को अजर कहा गया है। जरावस्था का लक्षण होता है कि शरीर में झुर्रियाँ पड़ जायें, बाल सफेद हो जाये, दाँत गिर जाये एवं इन्द्रियाँ शिथिल हो जाये। देवताओं के शरीर में ये सब नहीं होते। अतएव उन्हें अमर कह दिया गया है। इस प्रकार अस्मदादि शरीर एवं लोक की अपेक्षा चिरस्थायी होने के कारण देवताओं के शरीर एवं लोक को अमृत शब्द से कहा गया है, जिसे कर्म तथा उपासना का सहानुष्ठान कर्ता प्राप्त कर लेता है।

इस प्रकार कर्म एवं उपासना के सहसमुच्चय प्रसङ्ग को बतलाकर अब व्याकृत एवं अव्याकृत उपासना के सहसमुच्चय विधान के लिये आगे का प्रसङ्ग प्रारम्भ किया जाता है।।११।।

व्यक्त और अव्यक्त उपासना का समुच्चय

श्रुति को व्याकृत एवं अव्याकृत उपासना का भी समुच्चय करना इष्ट है। इसीलिये इन दोनों के पृथक्-पृथक् अनुष्ठान भी 'अन्धं तमः प्रविशन्ति' इत्यादिक मन्त्र से निन्दा कर रही है, कि 'जो असम्भूति (अव्याकृत प्रकृति) की उपासना कर रहे हैं, वे अन्धेरे में प्रवेश कर रहे हैं। उनसे भी अधिक अन्धकार में वे प्रवेश कर रहे हैं, जो सम्भूति की (व्याकृत की) उपासना में रत हैं'

इस मन्त्र में आये हुए असम्भूति पद का अर्थ-अव्याकृत प्रकृति है। अर्थात् 'सम्भूति-सम्यग् भवनम्-उत्पत्तिर्यस्य कार्यस्य' इस व्युत्पत्ति के अनुसार सम्भूति का अर्थ नामरूप वाला कार्य होता है,

१. शुद्धान्तःकरणेभ्यो विरक्तेभ्यः संन्यासिभ्य ईशावास्यमित्यादिना ब्रह्मात्मैकत्वविद्या सफलोक्ता। अन्ध तम इत्यादिना त्वशुद्धान्तःकरणानां ज्ञानाधिकारित्वसम्पत्तये प्रकरणान्तरमारब्धं, तत्र ये मलविक्षेपात्मकाशुद्धिद्वयवन्तस्तेभ्यः सत्वरफललाभाय कर्मोपास्तिसमुच्चयो व्यधायि। ये तु विक्षेपमात्राशुद्धिमन्तस्तेभ्यः केवलोपास्तिरेव वक्तव्या, तत्रापि सत्वरफलसम्पत्तये व्याकृताऽव्याकृतोपासनयोः समुच्चयमेव विधित्सति वेद इत्याशयेनावतारयति-अधुनेत्यादिना। कार्यकारणे हिरण्यगर्भप्रकृती व्याकृताव्याकृतशब्दाभ्यां भण्येते। २. ननु प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधादिति ब्रह्मण एव प्रकृतित्वनिर्णयात्तस्या अविद्याऽव्याकृताख्येति व्याख्याविरुद्धेत्याशङ्क्याह-चित्तन्त्रेत्यादि। चित्तन्त्रत्वोक्त्याऽस्याः प्रधानत्वं व्यवच्छिनत्ति। ३. परमेश्वरस्योपाधिरिति-ब्रह्मणि जगज्जन्मादिहेतुत्वरूपपरमेश्वरत्वस्य निबन्धनमित्यर्थः।

प्रविशन्ति येऽसम्भूतिं सम्भवनं संभूतिः सा[१] यस्य कार्यस्य सा सम्भूतिस्तस्या अन्याऽसम्भूतिः प्रकृतिः कारणम[२]विद्याऽव्याकृताख्या तामसंभूतिमव्याकृताख्यां प्रकृतिं कारणमविद्यां [३]कामकर्मबीजभूतामदर्शनात्मिकामुपासते ये ते तदनुरूपमेवान्धं तमोऽदर्शनात्मकं प्रविशन्ति। ततस्तस्मादपि भूयो बहुतरमिव तमः प्रविशन्ति य उ संभूत्यां [४]कार्यब्रह्मणि हिरण्यगर्भाख्ये रताः।।१२।।

---

[५]साक्षात्प्रकृतित्वानुपपत्तेः। [६]भास्कराभिमतस्तु परिणामवादस्तत्त्वालोके निरस्त एवास्माभिः। [७]सांसारिक-

---

उससे भिन्न अव्याकृत कारणरूप प्रकृति को असम्भूति पद से कहा गया है। ये दोनों ही चेतन ब्रह्म के परतन्त्र हैं। उनमें से कार्य अपने कारण के अधीन होता है, इस नियम के अनुसार व्याकृत जगत् अव्याकृत प्रकृति के अधीन है एवं अव्याकृत प्रकृति चेतन ब्रह्म के आश्रित है, क्योंकि मायान्तु प्रकृति विद्यान्मायिनन्तु महेश्वरम्' इत्यादि श्रुत्यन्तर में भी परमेश्वराधीन माया को जगत् की प्रकृति कहा गया है। यद्यपि प्रकृति के उत्पत्ति रहित होने के कारण ब्रह्म भी असम्भूति पद से कहा जा सकता है, तथापि निर्विकार होने से ब्रह्म विकारयुक्त प्रपञ्च का साक्षात् कारण नहीं हो सकता। अतः प्रपञ्च का साक्षात् प्रकृतित्व असम्भूति पद वाच्य अव्याकृत प्रकृति में ही है। इसी को अविद्या पद से भी कहा जाता है। यही सम्पूर्ण कामनाओं तथा शुभाशुभ कर्मों का बीच है तथा बुद्धि के ऊपर आवरण डालने वाली होने के कारण अदर्शनरूपा भी है। अत एव ऐसी असम्भूति की उपासना करने वाले को तदनुरूप अदर्शनात्मक अन्धेरे में प्रवेश करना पड़ता है, किन्तु उससे भी अधिक अन्धेरे में वे प्रवेश करते हैं, जो हिरण्यगर्भ नामक सम्भूति पद वाच्य कार्य ब्रह्म में निरत हैं।

विद्या और अविद्या के अर्थ के समान ही सम्भूति एवं असम्भूति के व्याख्यान में भी अनेक विद्वानों ने अनेक कल्पनाएँ की हैं। उन सभी कल्पनाओं को निराकरण यहाँ सम्भव नहीं एवं इष्ट भी नहीं है। हम तो शाङ्कर-भाष्य-सम्मत अर्थ को सिद्धान्त मानकर विचार करना उचित समझते हैं।

भाष्य में सम्भूति का अर्थ कार्य ब्रह्म और असम्भूति का अर्थ कारणब्रह्म किया गया है। नामरूप (कार्य जगत) उपाधि से विशिष्ट चेतन को सम्भूति पद से कहा गया है। क्षुद्रजन्तु से लेकर हिरण्यगर्भ

---

१. सा यस्य कार्यस्य सा संभूतिरिति-धर्मशब्दो धर्मिणि लाक्षणिकस्तेजोऽतिशयवति तेज एवायमितिवत्। छान्दसो वा मतुपो लुगित्यभिप्रायः। सम्भूत्यां रता इत्यत्र तथैव योगादसम्भूतिपदेऽपि नञ्बहुव्रीहिर्नादृत इति ध्येयम्। २. सांख्याभिमतां प्रकृतिं वारयति-अविद्याऽव्याकृताख्येति। "तम आसीत्तमसा गूढमग्रे," इति मन्त्रवर्णात्। तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीदिति श्रुतेश्चेति भावः। ३. अविद्यायाःकारणत्वमुपपादयितुं विशिनष्टि-कामेत्यादिना। अविद्या नाम नात्र विद्याऽभावो, येन हिरण्यगर्भादिभावोपादानत्वासम्भवः किन्तु त्रिगुणात्मकभावरूपायास्तस्या विद्याया विरोधादविद्यात्वमित्याशयेनाह-कामेति। ४. सम्भवनं सम्भूतिरित्याद्युक्तविधाया कार्यसामान्यवचनोऽपि सम्भूतिशब्दोऽत्र हिरण्यगर्भमेव परामृशति। तस्यैव कार्येषु प्राथम्यात्प्राणादिभावेन चोपनिषत्सु बहुधोपास्यत्वश्रवणादित्याशयेन संभूतिशब्दं व्याख्याति-कार्येत्यादिना। ५. साक्षादिति-मायोपधानं विनेत्यर्थः।"विकारावर्ति च तथाहि स्थितिमाहे"ति ब्रह्मणो निर्विकारत्वनिश्चयान्मायोपाधिकस्यैव प्रकृतित्वं मायायामेव पर्यवस्यतीति भावः। ६. ब्रह्मणोऽपि परिणामवादिनं तु ग्रन्थान्तरे शिक्षितवन्त एव वयमित्याह -भास्करेति। ७. ननु सुखस्यैव पुरुषेणार्थ्यमानत्वात्प्रकृतिलयस्य च सुखरूपत्वाभावात्कथं पुरुषार्थत्वं तत्राह- सांसारिकेत्यादि। सुखस्येव दुःखाभावस्यापि पुरुषार्थत्वादिति भावः। सुषुप्तौ स्वरूपसुखस्य सत्त्वेऽप्यावृतत्वादिनाऽस्फुटत्वेन तदुपेक्ष्य दुःखानुभवाभावेनैव पुरुषार्थत्वमुक्तमिति ध्येयम्।

अन्यदेवाहुः सम्भवादन्यदाहुरसम्भवात्
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे।।१३।।

[कार्य ब्रह्म की उपासना से अन्य ही (अणिमादि ऐश्वर्यरूप) फल बतलाते हैं तथा अव्यक्त की उपासना से (प्रकृतिलय रूप) अन्य ही फल बतलाते हैं ऐसा हमने बुद्धिमान् पुरुषों से सुना है, जिन्होंने हमारे प्रति उस (फल के सहित व्यक्त और अव्यक्त उपासना) की व्याख्या की थी।।१३।।]

अधुनोभयोरुपासनयोः समुच्चयकारणम[1]वयवफलभेदमाह--अन्यदेवेति। अन्यदेव पृथगेवाऽऽहुः फलं सम्भवात्सम्भूतेः कार्यब्रह्मोपासनादणिमाद्यैश्वर्यलक्षणं व्याख्यातवन्त इत्यर्थः। तथा चान्यदाहुरसम्भवादसम्भूतेरव्याकृतादव्याकृतोपासनाद्यदुक्तम् "अन्धं तमः प्रविशन्ती"ति [2]प्रकृतिलय इति च पौराणिकैरुच्यत इत्येवं शुश्रुम धीराणां वचनं ये नस्तद्विचचक्षिरे व्याकृताव्याकृतोपासनफलं व्याख्यातवन्त इत्यर्थः।।१३।।

दुःखानुभवाभावेन च सुषुप्तिवत्प्रकृतिलयस्य पुरुषेणार्थ्यमानताऽप्युपपद्यते। फलं च कर्मोपासन इव प्रकृत्य-

---

पर्यन्त सभी कार्य ब्रह्म के अन्तर्गत आ जाने से सम्भूति पद के अर्थ हैं, एवं सम्पूर्ण नामरूप का कारण अव्यक्त प्रकृति से विशिष्ट चेतन ही असम्भूति पद का अर्थ होता है। इन दोनों कार्यब्रह्म तथा कारण ब्रह्म की समुच्चयरूप से उपासना ही इस प्रसङ्ग में बतलाई जा रही है।

यह बात ध्रुव सत्य है कि जब तक प्रकृति एवं उसके कार्य ब्रह्मा से लेकर स्तम्ब पर्यन्त सभी से सर्वथा असङ्ग कार्य-कारण से अतीत सर्वाधिष्ठान ब्रह्मचैतन्य का आत्मरूप से साक्षात्कार नहीं हो जाता है, तब तक कर्तव्य की शृंखला से कोई छूट नहीं सकता है। ऐसी स्थिति में शास्त्रविहित कर्म एवं उपासना का परित्याग करने पर उसे अवश्यमेव प्रत्यवाय का भागी होना पड़ेगा। शास्त्रविधि का परित्याग करके भी कर्म पाश से तो जीव बंधा ही रहता है। अत एव गीता में कहा गया कि 'न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्। कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः' (गीता ३/५)। अर्थात् प्रकृति से उत्पन्न गुणों से बन्धा हुआ व्यक्ति क्षणभर भी कर्म किये बिना रह नहीं सकता, वह परवश काम करता है। फिर वेदविहित कर्म का परित्याग कर पाप का भागी क्यों बने? अतः सहस्र माताओं से भी बढ़कर वात्सल्य प्रेमवाली श्रुति भगवती प्राणीमात्र के लिये उचित मार्ग का प्रदर्शन कर रही है।।१२।।

स्वतन्त्र व्यक्त और अव्यक्त उपासना का फल

पहले मन्त्रों में कर्म एवं देवोपासना के समुच्चय का फल बतलाया गया है वहीं सम्भूति तथा असम्भूति की उपासना का नहीं है, किन्तु उसकी अपेक्षा विलक्षण है।

---

१. अवयवफलभेदमिति-एकैकस्य फलभेदमित्यर्थः। समूहस्यैकैकमवयवो भवति। २. प्रकृतिलय इति च पौराणिकैरुच्यत इति-यथाहुस्ते "दशमन्वन्तराणीह तिष्ठन्तीन्द्रियचिन्तकाः। भौतिकास्तु शतं पूर्णं सहस्र त्वाभिमानिकाः। बौद्धा दशसहस्राणि तिष्ठन्ति विगतज्वराः। पूर्णं शतसहस्रं तु तिष्ठन्त्यव्यक्तचिन्तकाः। पुरुषं निर्गुणं प्राप्त कालसंख्या न विद्यत" इति। अत्राव्यक्तं प्रकृतिस्तच्चिन्तकास्तत्रैव लीनाः सन्तः पूर्ण शतसहस्र मन्वन्तराणि तिष्ठन्ति। इत्येष तेषां प्रकृतिलयो वायुपुराणोक्तः। इमे च श्लोका"भवप्रत्ययो विदेहप्रकृतिलयाना"मिति योगसूत्रे भाष्यादावुद्धृताः।

इस संसार में आये हुए मानव अज्ञान दशा में एक दूसरे की अपेक्षा रखता है, इसके बिना वह जीवित नहीं रह सकता। संसार में अन्य की अपेक्षा रखने वाला व्यक्ति अन्य के प्रति यदि अपने कर्तव्य का उत्तरदायित्व निभाता हो, तो वह निश्चित ही मानव कहा जायेगा, अन्यथा दानव की पंक्ति में उसे बैठना पड़ेगा।

यह संसार मायाविशिष्ट चेतन का ही नानात्व है और यदि इसे परमेश्वर का रूप मानकर इसकी सेवा की जाय, तो निश्चित ही कार्य ब्रह्म की उपासना हो जाने के कारण उसे अणिमादि ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी। अन्यथा उसे उक्त ऐश्वर्यादि से वंचित रहना पड़ेगा। इसे 'अन्यदेवाहुः सम्भवात्' इस तेरहवें मन्त्र से श्रुति स्वयं बतला रही है। वैसे ही अव्याकृत प्रकृति से विशिष्ट चेतन की उपासना करने वाले को अन्य ही फल बतलाया गया है, अर्थात् अव्याकृत की उपासना से प्रकृति में विलय रूप फल पौराणिकों ने भी कहा है, उसे असम्भूति की उपासना करने वाले प्राप्त कर लेते हैं। प्रकृति में विलय होना जड़ता की प्राप्ति है, क्योंकि प्रकृति जड़ है। उसमें विलीन होनेवाला व्यक्ति जाड्य धर्म से आक्रान्त हो जाता है। इस रहस्य को जानने वाला असम्भूति की उपासना कर चेतन से जड़ क्यों होने लगे और भला जड़ प्रकृति फल भी कैसे दे सकेगी? इसका उत्तर यह है कि यथा कर्म और उपासना का फल देवताओं के माध्यम से परमेश्वर ही देता है, वैसे ही प्रकृति की उपासना करने पर भी फल देने वाला तो परमेश्वर ही है, एवं प्रकृति में विलीन होने पर सुषुप्ति के जैसे दुःखों का अभाव हो जाने से सुषुप्ति के समान ही प्रकृति में विलय की आकांक्षा हो सकती है। अत एव कुछ दार्शनिकों ने दुःख के अत्यन्ताभाव को ही मोक्ष मान लिया है। सम्भूति एवं असम्भूति की पृथक्-पृथक् उपासना के फल का व्याख्यान मनीषी, तत्त्वदर्शी ऋषियों के मुख से हमने सुना है। दोनों के फल बतलाने का तात्पर्य यही है, कि यदि पृथक्-पृथक् अनुष्ठान का फल न कहे होते, तो समुच्चय अनुष्ठान से भी कैसे फल मिलेगा? एक तिल में तेल देने का सामर्थ्य है, इसीलिये तिल समूह से तेल निकलना है। सिकता के एक कण से तेल नहीं निकलता। अतः सिकता-समूह से भी तेल नहीं निकलता है। तदनुसार सम्भूति एवं असम्भूति की उपासना का भी फल होना ही चाहिये, अन्यथा समुच्चयानुष्ठान ही निष्फल हो जायेगा।

पृथक्-पृथक् अनुष्ठान की निन्दा का तात्पर्य समुच्चय विधान में ही है, न कि निन्दा में। वैसे ही एक के अनुष्ठान से फल और दूसरे के अनुष्ठान से फल न हो, तो दोनों में अङ्गाङ्गी-भाव होने से समुच्चय नहीं बन सकता है।

यदि कार्य ब्रह्मरूप सम्पूर्ण प्राणियों के साथ मानवता एवं अपने उत्तरदायित्व का परित्याग कर केवल अव्याकृत प्रकृति विशिष्ट चेतन की उपासना में लग जाता है, तो उसे अवश्य प्रकृति में विलीन होने से कुछ काल के लिए सुषुप्ति के समान दुःखाभाव का अनुभवरूप फल होगा, किन्तु उस उपासना का फल निस्सीम नहीं है। अतः सुषुप्ति से जागने के समान प्रकृति विलय से उत्थान होने पर उसे अत्यधिक दुःख का अनुभव करना पड़ेगा, क्योंकि स्वकर्तव्य का परित्याग करने से अव्याकृत की उपासना काल में पाप का सञ्चय भी तो होता ही है, जिसके फलस्वरूप उसे पश्वादि योनियों में भी जाना पड़ेगा। अतएव अन्ध तमः प्रविशन्ति' इस वाक्य से अव्याकृत की उपासना करने वाले को अन्धेरे में प्रवेश करना बतलाना गया है। वैसे ही अव्याकृत-विशिष्ट परमेश्वर (कारण ब्रह्म) की उपासना का परित्याग कर केवल इस प्रपञ्चरूप कार्य ब्रह्म में रत रहने वाले को उसकी अपेक्षा भी घोरतम अन्धेरे में प्रविष्ट होना बतलाया गया है, क्योंकि समष्टि

संभूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदोभयꣳसह ।
विनाशेन मृत्युं तीर्त्वाऽसंभूत्याऽमृतमश्नुते।।१४।।

[जो असम्भूति (अव्याकृत प्रकृति) और कार्य ब्रह्म, इन दोनों को साथ-साथ (एक पुरुष से अनुष्ठेय) जान कर अनुष्ठान करता है, वह कार्य ब्रह्म की उपासना से (अनैश्वर्य, अधर्म कामादि दोष रूप) मृत्यु को पाकर असम्भूति के द्वारा (प्रकृतिलय रूप) अमरत्व को प्राप्त करता है।।१४।।]

[1]यत एवमतः समुच्चयः सम्भूत्यसम्भूत्युपासनयोर्युक्त एवैक[2]पुरुषार्थत्वाच्चेत्याह--सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदोभयꣳसह। विनाशेन विनाशो धर्मो यस्य कार्यस्य स तेन धर्मिणाऽभेदेनोच्यते विनाश इति। तेन तदुपासनेना[3]नैश्वर्यमधर्मकामादिदोषजातं च मृत्युं तीर्त्वा [4]हिरण्यगर्भोपासनेन ह्यणिमादिप्राप्तिः फलम्। तेनानैश्वर्यादिमृत्युमतीत्या-संभूत्याऽव्याकृतोपासनयाऽमृतं प्रकृतिलयलक्षणमश्नुते। "[5]संभूतिं च विनाशं च" इत्यत्रा-वर्णलोपेन निर्देशो द्रष्टव्यः । [6]प्रकृितलयफलश्रुत्यनुरोधात्।।१४।।

पासनेऽपि परमेश्वर एव दास्यति। [7]ततो जडत्वात्प्रकृतेः फलदातृत्वानुपपत्तेरुपास्यत्वानुपपत्तिरित्यपि कुचोद्यमेव ।।१२।।१३।।१४।।

भावना का परित्याग कर देने से उत्तरोत्तर व्यष्टि भावना प्रबल हो जाती है और अन्त में वह व्यक्ति अपने शरीर एवं विषय भोग को ही जीवन का सर्वस्व समझने लग जाता है, क्योंकि पर्वत से गिरे हुए पत्थर को अन्यत्र सहारा मिलना दुःशक्य है, वह तो समतल भूमि में आकर ही टिक सकता है। ऐसी भावनाओं का उत्कर्ष एवं अपकर्ष होता ही रहता है। इसलिये अव्याकृत की अपेक्षा कार्य ब्रह्म की उपासना करने वाले को घोरतम अन्धेरे में जाना बतलाया गया है।

यों तो कोई भी व्यक्ति कार्य जगत् का चिन्तन सर्वथा छोड़ नहीं सकता क्योंकि शरीर का निर्वाह भी कार्य जगत् के चिन्तन बिना हो नहीं सकता, फिर अन्य बातों का होना तो दूर ही रह गया। अतः दोनों के समुचित रूप से चिन्तन के लिए एक-एक की पृथक्-पृथक् उपासना की निन्दा की गयी है एवं फल भी बतलाया है।।१३।।

व्यक्ताव्यक्त समुच्चयोपासना का फल

व्याकृत तथा अव्याकृत उपासनाओं का भी फल है, इसीलिए ही दोनों का समुच्चय बतलाना युक्ति युक्त है। यहाँ पर भी विद्या एवं अविद्या की सहसमुच्चयोपासना के समान एक पुरुष से सम्बन्धित होने के

१. यत एवमत इति-यतः प्रत्येकं फलभेदः श्रूयते तस्मादित्यर्थः। २.एकपुरुषार्थत्वादिति-बहुकालमैश्वर्यंसुखानुभवपूर्वकदुःखानुभवाभावरूपैकपुरुषार्थहेतुत्वादिति यावत्। नासौ समुच्चयानुष्ठानमन्तरेण सद्यः शक्यो लब्धुमिति भावः। ३. अनैश्वर्याद्यैव मरणहेतुत्वादिह मृत्युत्वेन विवक्षितमित्याशयेन मृत्युपदं व्याचष्टे-अनैश्वर्यमित्यादिना। ४. कुतस्तेन तादृशमृत्युतरणं तत्राह-हिरण्यगर्भेत्यादि। "यथाक्रतुरस्मिँल्लोके पुरुषो भवति तथेतः प्रेत्य भवती"ति श्रुतेरणिमादिसम्पन्नो हिरण्यगर्भोऽहमस्मीति भावयतस्तादृशफलावाप्तेरेवौचित्यादिति भावः ५. सम्भूतिं च विनाशं चेत्यत्रावर्णलोपेन निर्देश इति-अकारलोपश्छान्दस इति भावः। पूर्वमन्त्रेण साकमस्य मन्त्रस्य संहितापाठे तु 'एङः पदान्तादति' (पा. ६/१/१०९) इति पूर्वरूपत्वमपि शक्यमवगन्तुमिति ध्येयम्। प्रकृतिलयफलश्रुत्यनुरोधादिति-अमृतत्वस्य प्रकृतेऽर्थान्तरत्वासम्भवादसंभूत्युपासनमन्तरेण च प्रकृतिलयाख्यामृतावाप्त्यनुपपत्तेरिति भावः। ७. फलं चेत्याद्युक्तिनिवर्त्यं शङ्काभासं भासयति-तत इत्यादिना।

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये।।१५।।

[आदित्य मण्डलस्थ सत्य ब्रह्म का द्वार (स्वर्ण के समान चमकीले व्यष्टि-समष्टि अहङ्काररूप ज्योतिर्मय पात्र से ढका हुआ है। अतः हे पूषन्! मुझ सत्यधर्मा जिज्ञासु को उस सत्यात्मा की उपलब्धि कराने के लिये तू उस आवरण को हटा ले)।।१५।।]

मानुषदैववित्तसाध्यं फलं [1]शास्त्रलक्षणं [2]प्रकृतिलयान्तम्। एतावती [3]संसारगतिः।

विस्तरेणोक्तमर्थजातं संक्षिप्योपसंहरति-मानुषदैववित्तसाध्यमित्यादिना। **शरीरपाटवं गो-भूहिरण्यादिसाधनसंपत्तिश्च मानुषं वित्तम्। दैवं वित्तं देवताज्ञानम्। उत्तरग्रन्थस्य संबन्धाभिधित्सयाऽ-**

कारण एक साथ एक ही पुरुष से अनुष्ठान के लिए सहसमुच्चय का विधान करना इष्ट है। इसलिए श्रुति कहती है कि असम्भूति और विनाश इन दोनों को जो कोई एक साथ अनुष्ठेय समझता है, वह व्यक्ति विनाश अर्थात् हिरण्यगर्भ की उपासना से अणिमादि ऐश्वर्य के अभावरूप मृत्यु को पारकर असम्भूति (कारण ब्रह्म) की उपासना से प्रकृति में विलयरूप अमृत को प्राप्त करता है।

तेरहवें मन्त्र के अन्त में 'तद्विचचक्षिरे' पद आया है, एवं चौदहवें मन्त्र के प्रारम्भ में सम्भूति पद आया है जो असम्भूति अर्थ में प्रयोग किया गया है। संहिता-पाठ में असम्भूति के आकार का 'एङः पदान्तादति' सूत्र में पूर्वरूप हो जाने के कारण अकार दिखता नहीं। यदि ऐसा न माना जाय तो सम्भूति और विनाश का समान अर्थ हो जाता है, क्योंकि विनाश धर्म हो जिसका, ऐसे कार्य को ही विनाश शब्द से कहा गया है और यही सम्भूति पद का भी अर्थ है। अतः संहिता पाठ का अनुसरण कर असम्भूति छेद करना ही उचित है, या अकार का लोप मान लेना चाहिए।

इस मन्त्र में ऐश्वर्य का अभाव, अधर्म एवं कामादि सम्पूर्ण मानसिक दोषों को मृत्युपद से कहा गया है। अज्ञान दशा में अणिमादि ऐश्वर्य की प्राप्ति को जीव अमृत मानता है। शास्त्रदृष्टि से अधर्म नरकादि दुःख-प्राप्ति के साधन होने के कारण, वह भी मृत्युरूप ही है तथा कामक्रोधादि, शरीर एवं अध्यात्मबल के नाशक होने के कारण साक्षात् मृत्युरूप ही है। इन सभी को विनाश-पद वाच्य हिरण्यगर्भ की उपासना से पार किया जा सकता है, क्योंकि हिरण्यगर्भ उपासना का फल ऐश्वर्य की प्राप्ति बतलाई गयी है। कार्य जगत् को हिरण्यगर्भ का शरीर मानकर सदा ईश्वर भावना से चिन्तन किया जाय, तो इस लोक से लेकर ब्रह्मलोक पर्यन्त सभी लोकों के ऐश्वर्य उसके लिये सुलभ हो जाते हैं। इन उपासनाओं में अन्तर हो सकता है, किन्तु ये सब कार्य-ब्रह्म की ही उपासना मानी जायेगी। जिनका फल सद्यः तथा शीघ्र मिलता है। ऐसा स्मृतियों में 'यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति' इत्यादि श्लोक से स्पष्ट रूप से कहा गया है। वस्तुत वहाँ पर फल देने वाला परमेश्वर ही है।

योगदर्शन में अनेक प्रकार की विभूतियों की प्राप्ति भी कार्यब्रह्म की उपासना का ही फल बतलाया गया है। जिन फलों को देखकर योग में श्रद्धा होती है और वह साधक तत्परता से उसके अभ्यास में लग

---

१. शास्त्रलक्षणमिति- शास्त्रेण लक्ष्यमाणं ज्ञाप्यमानमिति यावत्। २. प्रकृतिलयान्तमिति-पितृलोकादिप्रकृतिलया-वधीत्यर्थः। प्रकृतिलयपर्यन्तमिति यावत्। ३. संसारगतिरिति-संसारान्तःपात्येव फलमित्यर्थः।

[१]अतः परं पूर्वोक्तमात्मैवाभूद्विजानतः' इति सर्वात्मभाव एव सर्वैषणासंन्यासज्ञान-निष्ठाफलम्। [२]एवं द्विप्रकारः प्रवृत्तिनिवृत्तिलक्षणो वेदार्थोऽत्र प्रकाशितः। तत्र प्रवृत्तिलक्षणस्य वेदार्थस्य विधिप्रतिषेधलक्षणस्य कृत्स्नस्य प्रकाशने [३]प्रवर्ग्यान्तं ब्राह्मणमुप[४]युक्तम्। निवृत्तिलक्षणस्य वेदार्थस्य प्रकाशनेऽत[५]ऊर्ध्वं बृहदारण्यकमुपयुक्तं, तत्र [६]निषेकादिश्मशा-

---

र्थविशेषमनुवदति-तत्र निषेकादीत्यादिना। **तदुक्तमिति तं प्रत्युक्तं मन्त्रेण विद्यां चेत्यादिनाऽऽ-[७]पेक्षिकामृतत्वं फलमित्युक्तमस्माभिरिति।।१५।।**

जाता है। अतः विनाश की उपासना से ऐश्वर्यादि के अभाव रूप मृत्यु को पार कर के अव्याकृत की उपासना से प्रकृति में विलयरूप अमृत को प्राप्त कर लेता है।

यद्यपि प्रकृति में विलय होना अमरत्व नहीं है, क्योंकि उपासना का वेग शान्त होने पर पुनः जन्म-मरणादि दुख को प्राप्त करता ही है, फिर भी जैसे देवलोक की प्राप्ति को चिरस्थायी होने के कारण अमृत कहा जाता है, वैसे ही चिरकाल तक सांसारिक दुःखाभाव का अनुभव होने से प्रकृतिलय को भी गौण दृष्टि से अमृत कहा गया है।।१४।।

उपासक की मार्ग याचना

नवम मन्त्र से लेकर चतुर्दश मन्त्र पर्यन्त वर्णन किये गये कर्म एवं देवोपासना के समुच्चय तथा कार्यब्रह्म एवं कारणब्रह्म के समुच्चय की उपासना से उत्कृष्ट स्थिति में पहुंचा हुआ उपासक मोक्षाभिलाषा से आवरण भङ्ग के लिये परमात्मा के सामने अगले दो मन्त्र से प्रार्थना करता है।

कार्य कारण रूप आदित्य मण्डलस्थ पुरुष ही पूर्वोक्त दोनों समुच्चयों से प्राप्त करने योग्य है। अत एव प्रार्थना करता है कि 'हे पूषन्! आप सम्पूर्ण संसार का पोषक होने के कारण कार्य कारण रूप से पूषादेव हो। आप सुवर्ण विकार के समान ज्योतिर्मण्डलरूप हिरण्यपात्र से बाधरहित सत्य के आच्छादित मुख को आवरण रहित कर दो, क्योंकि सत्यस्वरूप आपका मैं दर्शन करना चाहता हूँ'।

अब तक जिसे विस्तारपूर्वक बतलाया गया। उसी अर्थ का संक्षेप-रूप से भाष्यकार उपसंहार कर रहे हैं-स्वस्थ शरीर, गौ, भूमि, सुवर्णादि साधन सम्पत्ति को मानुषवित्त, एवं देवताज्ञान को दैववित्त कहते हैं। इनमें सिद्ध होनेवाला फल इस लोक से लेकर प्रकृति विलय होने तक बतलाया गया है। इस विषय में शास्त्र प्रमाण है। ये सब संसार गतियाँ हैं, अर्थात् इन्हें प्राप्त कर लेने के बाद पुनः संसार में आना पड़ता है, किन्तु इसके बाद होने वाला जो फल है, वह तो लोकैषणा, वित्तैषणा एवं पुत्रैषणा इत्यादि सम्पूर्ण एषणाओं का संन्यास कर ज्ञान में निष्ठा प्राप्ति रूप सर्वात्मभाव ही बतलाया गया है, जिसे 'यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाऽभूद्विजानतः' इत्यादि मन्त्र से पहले ही बतलाया गया है। सर्वात्मभाव की प्राप्ति सद्यः तथा

---

१. अतः परम्=अत ऊर्ध्वं संसारबाह्यं नित्यमिति यावत्। २. एवमिति-यथोक्तफलभेदपुरस्कारेणेति यावत्। ३. प्रवर्ग्यान्तं ब्राह्मणमिति-बृहदारण्यकस्यादितोऽध्यायद्वयात्मकं प्रवर्ग्याख्यकर्मान्तकर्मसमूहप्रतिपादकं ब्राह्मणमित्यर्थः। ४. उपयुक्तम्-अर्थवदित्यर्थः ।५. अत ऊर्ध्वमिति-प्रवर्ग्यान्तब्राह्मणानन्तरं तृतीयाध्यायमारभ्य प्रवृत्तमिति यावत् । ६. निषेकादिश्मशा-नान्तमिति-गर्भाधानादारभ्यान्त्येष्टिपर्यन्तमित्यर्थः ।७. आपेक्षिकामृतत्वमिति-उपास्यदेवतात्मभावावाप्तिरूपमित्यर्थः, नतु साक्षान्निष्प्रपञ्चब्रह्मावाप्तिरूपं निरपेक्षं निरतिशयममृतत्वम् । एतेन निष्कामसमुच्चयानुष्ठानस्य निरतिशयामृतत्वहेतुत्वेऽपि देवतात्मप्राप्तिद्वारकत्वादापेक्षिकत्वोक्तिरक्षतेति ध्येयम्।

नान्तं कर्म कुर्वञ्जिजीविषेद्यो विद्यया सहा[१]परब्रह्मविषयया तदुक्तं 'विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयꣳसह।' अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते' इति। तत्र केन मार्गेणामृतत्वमश्नुत [२]इत्युच्यते--"[३]तद्यत्तत्सत्यमसौ स आदित्यो य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषो यश्चायं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषः" (बृ० ५५.२) [४]एतदुभयं सत्यं ब्रह्मोपासीनो [५]यथोक्तकर्मकृच्च यः सोऽन्तकाले प्राप्ते [६]सत्यात्मानमात्मनः प्राप्तिद्वारं याचते हिरण्मयेन

क्रमशः बतलायी गयी है। उनमें से तत्त्वज्ञानियो को तो तत्त्व-क्षण में ही सर्वात्म-भाव की प्राप्ति श्रुति में बतलायी गयी है, किन्तु पूर्वोक्त दोनों प्रकार के समुच्चय की उपासना से विशुद्ध अन्तःकरण वाले पुरुष को अर्चिरादि मार्ग द्वारा ब्रह्मलोक में जाने पर ब्रह्मा के प्रलय काल में वही तत्त्वज्ञान सर्वात्मभाव की प्राप्ति होती है। तदर्थ मार्ग-याचना का प्रसङ्ग प्रारम्भ कर रहे हैं।

वैसे ही प्रवृत्ति एवं निवृत्ति भेद से दो प्रकार का वेदार्थ भी यहाँ पर बतलाया गया है। उनमें 'दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत' ऐसे विधिरूप और 'ब्राह्मणो न हन्तव्यः,' ऐसे निषेधरूप से प्रवृत्ति-लक्षण वेदार्थ के दो भेद किये हैं, इन सभी विधि निषेधरूप वेदार्थ के प्रकाशन में प्रवर्ग्य उपयुक्त हैं इसके आगे निवृत्तिरूप वेदार्थ के बतलाने में बृहदारण्यक का उपयोग किया गया है। उनमें भी गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि क्रिया पर्यन्त सम्पूर्ण कर्म को करना हुआ जो जीना चाहता है, वह अपर ब्रह्मविषयक विद्या अर्थात् उपासना के साथ कर्मानुष्ठान करें। इसी को 'विद्याञ्चाविद्याञ्च' इत्यादि मन्त्र से कहा गया है। इन दोनों के समुच्चयानुष्ठान से अमृतत्व को प्राप्ति बतलायी गयी है। पर किस मार्ग से जाने पर वस्तुतः अमृतत्व प्राप्त करता है, इस प्रश्न का उत्तर अन्यत्र तथा यहाँ भी दिया गया है। यथा 'वह जो सत्य है, वही यह आदित्य है।' जो इस आदित्यमण्डल में पुरुष है और जो यह दक्षिण नेत्र है, दोनों ही सत्यब्रह्म है। उसकी उपासना करने वाला और जो शास्त्रविहित कर्म करने वाला है, वह मृत्यु के समय आदित्यमण्डल आत्मा की प्राप्ति के द्वार की 'हिरण्यमयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्' इत्यादि से याचना करता है।

पात्र उसे कहते हैं, जिसमें अपनी आवश्यक वस्तु को रखा जाय अथवा जिससे तृप्तिकारक

१. अपरब्रह्म-हिरण्यगर्भाख्यं कार्यब्रह्म । २. इत्युच्यत इति - इत्यपेक्षायां येनाश्नुते स मार्गो हिरण्मयेनेत्यादिनोच्यत इत्यर्थः । ३. ननु दक्षिणस्य पथः केवलकर्मिगन्तव्यतया समुच्चयकारिणामुत्तर एव पन्था इति तदर्थं स्वोपास्यदेवता हिरण्यगर्भ एवार्थनीयः। किमिति सूर्यो याच्यत इत्याशङ्कां शमयितुं बृहदारण्यकश्रुतिमाश्रित्याह-तद्यदित्यादि। तद्यत्सत्यं ब्रह्म पूर्वमुपास्यमुक्तं तदसौ स प्रसिद्ध आदित्यः स च न मण्डलमात्रं किन्तु तदभिमानी पुरुषो दक्षिणाक्षिपुरुषाभिन्न इत्यर्थः। दक्षिणेऽक्षन्पुरुष इत्यनन्तरं 'तावेतावन्योन्यस्मिन्प्रतिष्ठितौ रश्मिभिरेषोऽस्मिन्प्रतिष्ठितः प्राणैरयममुष्मिन् स यदोत्क्रमिष्यन्भवति शुद्धमेवैतन्मण्डलं पश्यति नैनमेते रश्मयः प्रत्यायन्ति' इति श्रुतिशेषः। अयं चाक्षुषः प्राणैश्चक्षुरादिभिरिन्द्रियैर्मण्डलं प्रकाशयन्नमुष्मिन्नादित्ये प्रतिष्ठित इत्यर्थः। ४. अत्र च श्रुत्रौ चाक्षुषपुरुषाभिन्नो हिरण्यगर्भ एव मण्डलाभिमानितयाऽवस्थितः सन्नुपास्यतयाऽवगत इति स एव मार्गार्थमभ्यर्थनीय इत्याशयेनाह - एतदुभयं सत्यं ब्रह्मोपासीन इति। समुच्चये तस्यैवोपास्यत्वादिति भावः। ५. यथोक्तकर्मकृच्चेति-वेदे यथोक्तानि कर्माण्यग्निहोत्रादीनि तानि तथैव करोतीति यथोक्तकर्मकृदित्यर्थः। उपास्ति-समुच्चयार्थश्चकारः, समुच्चयकारीति यावत् । ६. सत्यात्मानमित्यादि-आत्मनः स्वस्य सत्यात्मप्राप्तिद्वारं तदवाप्तिमार्गं सत्यात्मानं स्वोपास्यं याचत इत्यन्वयः। "अकथितं चेत्यत्र दुह्याजित्यादिनियमेन याचतेर्द्विकर्मकत्वम्।

पात्रेण । हिरण्मयमिव हिरण्मयं ज्योतिर्मयमित्येतत्। [1]तेन पात्रेणेवापिधानभूतेन सत्यस्यै-वाऽऽदित्यमण्डलस्थस्य ब्रह्मणोऽपिहितमाच्छादितं मुखं [2]द्वारं [3]तत्त्वं हे पूषन्नपावृण्वपसारय सत्यधर्माय तव सत्यस्योपासनात्[4]सत्यं धर्मो यस्य मम सोऽहं सत्यधर्मा तस्मै मह्यम[5]थवा यथाभूतस्य धर्मस्यानुष्ठात्रे दृष्टये तव सत्यात्मन उपलब्धये ।।१५।।

रसादि का पान किया जाय। समय-समय पर ऐसा पात्र किसी वस्तु को ढाँकने में भी काम आता है। ऐसे पात्र मिट्टी, लोहा, ताम्बा, पीतल, चाँदी आदि अनेक धातुओं के होते हैं, जो टूट जाते हैं, एवं प्रखर अग्नि से जलकर राख में भी मिल जाते हैं, किन्तु सुवर्ण एक ऐसा धातु है, जो प्रकृष्ट अग्निसंयोग से भी जलता नहीं, बल्कि अग्निदाह से और अधिकाधिक चमक उठता है। ऐसे स्वर्ण -पात्र के समान जो पात्र है, उसी को 'हिरण्मयेन पात्रेण' शब्द से कहा गया है, वह अहंकार ही है। व्यष्टि तथा समष्टि भेद से अहंकार दो प्रकार का होता है। इसी अहंकार में प्राणियों के शुभाशुभ कर्म उनके संस्कार, वासना एवं कामनादि बैठे रहते हैं। तत्त्वज्ञान के बिना इन कामनाओं का आधारभूत जो यह अहंकार है, उसका कभी भी नाश नहीं होता। इसी अहंकार से स्थूल शरीर एवं इन्द्रियों के द्वारा अपनी रुचि के अनुरूप शब्दादि विषयों का रस लेता रहता है। यह अहंकार अपने अधिष्ठान कूटस्थ आत्मा तथा व्यापक-ब्रह्म को ढाँकता रहता है। इसलिये पात्र के तीनों ही गुण इसमें विद्यमान होने एवं सुदृढ़ होने के कारण इस अहंकार को हिरण्मयपात्र शब्द से कहा गया है। अनादि काल से आजतक एव तत्त्वज्ञान के अभाव में अनन्त काल तक भी यह अहंकार उस सत्य आत्मा को ढाँके बिना नहीं रह सकता। आश्चर्य तो यह है कि जिस चेतन से इस व्यष्टि-समष्टिरूप अहंकार में सत्ता एवं स्फूर्ति आती है, उस अपने प्रकाशक चेतन को भी इसने ढाँक रखा है। स्वयं भी यह प्रकाशमय प्रतीत होता है, जो कि उसी अपने अधिष्ठानरूप चेतन आत्मा से इसने प्रकाश उधार ले रखा है। ऐसे उधार चमक-दमक से सज-धज कर लोक में अपनी ख्याति फैलाने के लिये साधारण पामर से लेकर बड़े-बड़े शास्त्रज्ञ के हृदय में भी इसने अपना अधिकार कर रखा है। व्यष्टिरूप से यह अहंकार सर्वानुभव सिद्ध है और समष्टि-रूप से विद्यमान इस अहंकार को अनुमान एवं श्रुति से सिद्ध किया जा सकता है। यह अहंकार प्राणिमात्र में अनादिसिद्ध है, और कुछ शास्त्र के आधार पर पीछे से और भी आरोप कर लिया जाता है। सद्योजात शिशु में केवल अनादि सिद्ध मात्र अहंकार होता है; किन्तु ज्यों-ज्यों वह समाज के सम्पर्क में आता है, त्यों-त्यों उसका मनुष्यत्व, ब्राह्मणत्व, संन्यासित्व एवं राष्ट्रीयता का अभिमान बढ़ता चला जाता है और वह अपने आपको चतुर, चालाक मानने लग जाता है, किन्तु वस्तुतः उस सत्य के ऊपर दोहरा परदा पड़ना माना जायेगा। कोई धीर, वीर, शास्त्र एवं आचार्य के उपदेश से इस हिरण्मय पात्र के सदृश सत्य के आवरक इस अहंकार को कुचलने में समर्थ हो पाता है। ऐसे हिरण्मय पात्र से आदित्यमण्डलस्थ सत्यब्रह्म का मुख अर्थात् प्राप्तिद्वार आच्छादित है। अतएव उस समष्टि व्यष्टि अहकार सत्य के आच्छादक को हटाने के लिए उसी सत्य तत्त्व से साधक प्रार्थना करता है। चाहे उस अहंकार के हटाने में स्वयं साधक असमर्थ

१.तेन पात्रेण=पात्रतुल्येन तेजोमण्डलेनेत्यर्थः । २. द्वारमिति=प्राप्तिमार्गमिति यावत् । ३. तत् =पात्रम्। ४. उपासनाख्यस्य धर्मस्य तदुत्थापूर्वविशेषरूपस्य वा धर्मस्योपास्यदेवताऽधीनत्वादुपास्ये ब्रह्मणि धर्मत्वमारोप्याह--सत्यमित्यादि। सत्याख्यं ब्रह्मैव धर्मो यस्य ममेत्यर्थः। ५. धर्मविशेषणं वा सत्यशब्दस्तथा च सत्यो धर्मो यस्येत्येव विग्रह इत्याशयेनाह-अथवा यथाभूतस्येत्यादि।

हो, किन्तु उसकी प्रार्थना को सुनकर वह सत्य स्वयं ही अपने अपने ऊपर रहे हुए आवरण को सत्यतत्त्व के दर्शन के लिए हंटा लेता है। शर्त केवल इस बात की है, कि वह सत्यधर्मा होवें वह भी सत्य की उपासना से ही प्राप्त होता है। साधन के प्रारम्भ में उस सत्य आत्मा के प्रति साधक के मन में उतना आग्रह नहीं होता, जितना कि साधन की परिपाक अवस्था में होता है। यों तो कुछ न कुछ सत्य के प्रति आग्रह सब किसी के मन में हैं, किन्तु इतने मात्र से यह सत्याग्रही या सत्यधर्मा नहीं कहलायेगा। फल खाने वाले सभी को फलाहारी नहीं कहते किन्तु जो केवल फल ही खाता है अन्य वस्तु नहीं खाता, तो ऐसे व्यक्ति को लोक में फलाहारी कहते हैं, वैसे ही कदाचित् असत्य अनात्मा के प्रति आग्रह हो और कदाचित् सत्य आत्मा के प्रति भी आग्रह हो, तो वह इतने मात्र से सत्यात्मा नहीं कहा जा सकता, किन्तु असत्य अनात्मा के प्रति आग्रह का सर्वथा परित्याग कर केवल आत्मा का आग्रह हो, तो इसी कीमत से सत्याग्रही की प्रार्थना सुनकर वह सत्य तत्त्व उस सुदृढ़ हिरण्मय पात्र के सदृश समष्टि व्यष्टि अहङ्कार को पृथक् कर देता है, जिससे उस सत्य तत्त्व की उपलब्धि साधक को हो जाती है। इसी बात को पञ्चदश मन्त्र में बतलाया गया है। अन्यत्र भी 'असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्माऽमृतं गमय' इत्यादि मन्त्र से इसी बात को बतलाया गया है।

इस मन्त्र में परमात्मा को पूषा शब्द से सम्बोधित किया गया है। 'पुष्यतीति पोष्टा, पूषा' अर्थात् पुष्टि अर्थवाले पुष् धातु से पूषा शब्दनिष्पन्न हुआ है। सम्पूर्ण विश्व में सत्ता एवं स्फूर्ति प्रदान कर परमात्मा ही सबका पोषक है। शरीर का पोषण अन्न से होता है किन्तु ज्ञान का पोषण शास्त्र एवं आचार्य के उपदेश से होता है। परमेश्वर सबका गुरु है। 'स सर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात्' इस योगसूत्र से भी परमेश्वर ही सबका गुरु है एवं उपास्य हैं। अतः पूषा शब्द से सम्बोधित कर सत्यधर्मा जिज्ञासु हिरण्मय पात्र रूप अहङ्कार-सत्य के आवरक को हटाने के लिए परमेश्वर से प्रार्थना कर रहा है, क्योंकि आवरण के हटने पर ही सत्यधर्मा अधिकारी सत्य-तत्त्वरूप परमेश्वर का दर्शन कर सकेगा।

मन्त्र में 'दृष्टये' शब्द का अर्थ साक्षात्कार होता है। वह परब्रह्म सदा अपरोक्ष रूप है, किन्तु अनादि अविद्याजन्य अनात्माभिमान के कारण ढँका हुआ-सा प्रतीत होता है। आवरण हटते ही उसका साक्षात्कार हो जाता है।

वास्तव में पूछा जाय तो, वह अहङ्कार रूप आवरण सत्य-तत्त्व को नहीं ढाँकता, किन्तु साधक को दृष्टि को ढाँकता है। बादल सूर्य को नहीं अपितु सूर्य को देखने वाले की दृष्टि को ढाँकता है। फिर भी अविवेकी पुरुष, बादल से सूर्य ढँक गया, ऐसा कहता है। इसी को "घनच्छन्नदृष्टिर्घनच्छन्नमर्कं यथा निष्प्रभं मन्यते चातिमूढः। तथा बद्धवद्भाति यो मूढ़दृष्टेः स नित्योपलब्धिस्वरूपोऽहमात्मा" इत्यादि वाक्य से आचार्यों ने बतलाया है। मानस में भी तुलसीदास जी ने कहा है कि 'यथा गगनघन-पटल निहारी। झपेऊ भानु कहही कुविचारी' इत्यादि। अतः यहाँ पर भी अनादि अविद्याजन्य अनात्मा-भिमान उस साधक की दृष्टि को ही ढाँक रहा है, सत्य परमात्मा को नहीं। सत्य एक सार्वभौम धर्म है, वह किसी सम्प्रदाय विशेष, आचार्यविशेष, ग्रन्थविशेष या देशविशेष से परिच्छिन्न नहीं है। जो तीनों काल में एकरस, अपरिवर्तनशील है, जिसके बिना नास्तिकों का भी अस्तित्व नहीं, ऐसे सत्यधर्म के अवलम्बन करने वाले साधक ही उसका साक्षात्कार कर सकते हैं।

सत्यधर्म अधिकारी एवं परमात्म का भी विशेषण है। जो धर्म-सत्यरूप ही हो, जिसका धर्म सत्य

पूषन्नेकर्षे यम सूर्य प्राजापत्य व्यूह रश्मीन्समूह।
तेजो यत्ते रूपं कल्याणतमं तत्ते पश्यामि
योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि।।१६।।

[हे जगत् पोषक सूर्य! हे एकाकी गमन करने वाले! हे यम! हे (प्राण और रस का पोषण करने वाले !सूर्य! हे प्रजापति के लाडले! तू अपने किरणों को हटा ले। जिससे कि तेरा जो अतिशय कल्याणमय रूप है, उसे मैं देख सकूँ, यह जो आदित्य मण्डलस्थ पुरुष है, वही मैं हूँ।।१६।।]

[1]पूषन्निति। हे पूषन्। [2]जगतः पोषणात्पूषा रविस्तथैक एव ऋषति गच्छतीत्येकर्षिः। हे एकर्षे। तथा [3]सर्वस्य संयमनाद्यमः । हे यम । [4]तथा रश्मीनां प्राणानां रसानां च

ही हो तथा जो सत्य का धारण करनेवाला हो, इन सभी को सत्यधर्मा कहते हैं। अतः मुझ सत्य-धर्म का अनुष्ठान करने वाले की सत्यधर्मा परमेश्वर! अपने साक्षात्कार के लिये हिरण्मय पात्र सत्य के आवरण को हटा लो, यही इस मन्त्र का तात्पर्य है।।१५।।

पिछले मन्त्र में हिरण्मय पात्र के सदृश सत्य के द्वार का आवरक समष्टि अहङ्कार को हटाने के लिये परमेश्वर से प्रार्थना की गयी है। अब प्रस्तुत मन्त्र में परमात्मा के अनेक सम्बोधनों से सम्बोधित कर आवरण हटाने के प्रकार को तथा सत्य की वास्तविकता को बतलाते हुये साधक स्पष्ट कह रहा है कि-मैं आपके उस कल्याणतम रूप को देखता हूँ, क्योंकि वह समष्टि आदित्य-मण्डलस्थ पुरुष तथा व्यष्टि शरीरस्थ पुरुष एक ही तो है। इसीलिये कहता है कि- हे पूषन्! हे एकाकी गमन करने वाले! हे संसार का नियमन करने वाले यम! हे प्राण और इसका शोषण करने वाले सूर्य! हे प्रजापति नन्दन! तू अपनी किरणों को हटा ले, अर्थात् अपने तेज को समेट ले। तेरा जो अति-कल्याणतम रूप है, उसे मैं देखता हूँ। यह जो आदित्यादि मण्डलस्थ पुरुष है, वही मैं हूँ।

पूषन् शब्द का अर्थ पहले कर आये हैं। जगत् का पोषक होने से सूर्य को भी पूषा कहते हैं, क्योंकि सूर्य भी जड़ और चेतन सभी संसार के पदार्थों का प्रकाशक है। वैसे ही एकाकी जो चलता है उसे एकर्षि कहते हैं। यहाँ पर 'हे एकर्षी!' इस सम्बोधन से परमात्मा में एकत्व (अद्वितीयत्व) बतलाया गया है। सजातीय, विजातीय एवं स्वागत भेद से शून्य तत्त्व को ही एकर्षि शब्द से कहा जाता है। जो परमात्मा ही हो सकता है, क्योंकि सत्य के सजातीय सत्य नहीं। विजातीय माया एवं उसके कार्य का अस्तित्व नहीं, एवं निराकार होने से उस सत्य में अवयव नहीं, ऐसी स्थिति में उसमें सजातीय, विजातीय, स्वगत भेद कैसे हो सकते हैं? ऋष्यति=गच्छतीति ऋषिः, अर्थात् ज्ञानस्वरूप।

---

१. पूषन्निति-आत्मार्थेऽनुकूलयितुं भगवन्तं सत्यात्मानं बहुमानं सम्बोधयन्नाहेत्यादिः। २. जगतः पोषणादिति- "अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते। आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजा" इति स्मृतेरिति भावः। ३. सर्वस्य संयमनादिति-अहोरात्रादिकालविभागेन नियतस्य लोकानां सर्वव्यवहारस्य सूर्यगत्यधीनत्वादिति भावः। ४. स्वीकरोतीति सूर्य इति व्युत्पत्तिमाश्रित्याह-तथा रश्मीनामित्यादि। रश्मयो मरीचयः प्राणाश्चक्षुरादीनीन्द्रियाणि रसाश्च जलप्रमुखानि द्रवद्रव्याणि। तत्र रश्मिरसस्वीकरणं व्यक्तमेव, प्राणानां स्वीकरणन्तु प्रश्नोपनिषदि वक्ष्यते। तथा च तत्र श्रुतिः "अथाऽऽदित्य उदयन्यत्प्राचीं दिशं प्रविशति, तेन प्राच्यान्प्राणान् रश्मिषु सन्निधत्ते। यद्दक्षिणां यत्प्रतीचीं यदुदीचीं यदधो यदूर्ध्वं यदन्तरा दिशो यत्सर्वं प्रकाशयति तेन सर्वान्प्राणान् रश्मिषु सन्निधत्ते" (प्र. १-६) इति। सन्निधत्ते-सन्निवेशयति। स्वकिरणैर्व्याप्नोतीति यावत्। तदेव तेषां स्वीकरणमिति ध्येयम्।

स्वीकरणात्सूर्यः। हे सूर्य। [1]प्रजापतेरपत्यं प्राजापत्यः। हे प्राजापत्य। [2]व्यूह विगमय रश्मीन्स्वान्। समूह, एकी कुरु, उपसंहर ते तेजस्तापकं ज्योतिः। [3]यत्ते तव रूपं

सूर्य प्रकाशक होने से विश्व का ज्ञानदाता एवं हिरण्यगर्भ समष्टि अन्तःकरण का प्रकाशक होने से ज्ञानी कहा जाता है। सम्पूर्ण संसार का नियमन करता है, इसलिये परमेश्वर को यम भी कहते हैं तथा संसार का जनक होने से उसे सूर्य भी कहा जाता है।

'सूरिभिर्ज्ञानिभिर्गम्यते इति सूर्यः' अर्थात् जो ज्ञानियों से प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे परमेश्वर को सूर्य कहा जाता है। प्रजापति के लाड़ले को प्राजापत्य कहते हैं, क्योंकि परमेश्वर ने प्रजापति को भी सृष्टि के प्रारम्भ में ज्ञान प्रदान किया है। इन सभी शब्दों से परमात्मा को सम्बोधित कर अब साधक कार्य का निर्देश करता है। हे प्रभो! आप अपनी रश्मियों को सम्यक् प्रकार से एकत्रित कर लीजिये, जिससे कि आपका वह तेजोमय अत्यन्त शोभनरूप आपकी कृपा से मैं देख सकूँ।

इस मन्त्र में रश्मियों को एकत्रित करने के लिये परमात्मा से प्रार्थना की गयी है, जिसे पहले ही हिरण्मय पात्र शब्द से कहा गया था, उसी को यहाँ पर रश्मि शब्द से कहते हैं। अविद्या और अहङ्कार जिस प्रकार चेतन के आवरक हैं, वैसे ही चिदाभास युक्त अन्तःकरण की अहंता एवं ममता-रूप वृत्तियाँ भी परमात्मतत्त्व के दर्शन में अवरोधक हैं। सूर्य के यथार्थ रूप के देखने में जैसे बादल समूह प्रतिबन्धक है, वैसे ही सूर्य की रश्मियाँ भी। बल्कि बादल तो केवल सूर्य के अदर्शन का कारण है, परन्तु रश्मियाँ तो देखने वाले पुरुष की दृष्टि को भी नष्ट कर देनेवाली भी हो जाती हैं। सूर्य के सौन्दर्य, लावण्य एव प्रियता का वस्तुतः दर्शन तो प्रातःकाल ही होता है। ठीक वैसे ही चिदाभासयुक्त माया एवं अविद्या से उत्पन्न संसार तथा उसमें अहंता-ममताकार वृत्तियाँ रश्मि के समान लम्बायमान हैं, जिनसे द्रष्टा की दृष्टि का अवरोध ही नहीं होता, अपितु नाश होने का भी भय रहता है। इन किरणों को हटाने में वह परमात्म देव ही समर्थ है, साधक नहीं। 'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः' एवं 'ये गुण साधन ते नहीं होई। तुम्हरी कृपा पाव कोई कोई' इन वाक्यों से भी यही बात बतलायी गयी है। परमात्मा सच्चिदानन्द है और निःसन्देह सम्पूर्ण जगत् में सत्ता, स्फूर्ति एवं आनन्द रूपता उस परमेश्वर की ही है, किन्तु विषय सङ्ग से प्रतीत होनेवाला आनन्द जीव की दृष्टि का सूर्य की रश्मियों के समान ही नाशक है। अतः परमात्मा विषयों में रही हुई अपनी आनन्दरूपी रश्मियों को खींचकर विषय के प्रति साधक के मन में अनास्था पैदा करा दें, तभी परमात्मा के कल्याणमय शोभनतमरूप का दर्शन जीव कर सकता है, अन्यथा नहीं। परमात्मा का वह रूप केवल आनन्दमय ही नहीं है, किन्तु 'तेजः' अर्थात् ज्ञानरूप भी है। क्योंकि उससे भिन्न माया एवं उसके कार्य सभी जड़ होने से अन्धकारमय है। यदि वह परमात्मा चेतनस्वरूप न रहे तो संसार में किसी भी पदार्थ का दर्शन दुर्लभ हो जायेगा। इसलिये उसे तेजोरूप तथा कल्याणतम कहा गया है। लोक में अनुकूल वस्तु को कल्याणप्रद कहते हैं किन्तु किसी भी पदार्थ में अनुकूलता स्थिर नहीं है। अतः संसार का कोई भी पदार्थ जीव के लिए कल्याणतम नहीं हो सकता। तद्विपरीत अन्तरात्मा परमात्मा किसी के लिए कभी भी प्रतिकूल नहीं होता। अतः एव वह कल्याणतम स्वरूप है। कौषीतकी उपनिषद् में इन्द्र के अनुरोध से प्रतर्दन ने यही तो माँगा था कि 'स उवाच प्रतर्दनः त्वमेव मे

---

१. प्रजापतेरपत्यमिति-कस्मात् प्रजाकामो वै प्रजापतिस्तपस्तप्त्वा मिथुनमुदपादयद्रयिं च प्राणं च, आदित्यो ह वै प्राण इत्यादि श्रुतेः। २. व्यूह विगमयेति-ऊहवितर्के इत्यात्मनेपदिनोऽपि धातोरु"पसर्गादस्यत्यूह्योर्वेति" वाच्यमित्यात्मनेपदस्य विकल्पनात्पाक्षिकं परस्मैपदम्। उपसर्गवशाच्चार्थान्तरे वृत्तिरिति भावः। समूहेत्यत्राप्येवमेव। ३. प्रार्थितयोर्व्यूहनसमूहनयोः प्रयोजनं दर्शयति-यत्त इत्यादिना।

कल्याणतममत्यन्तशोभनं तत्ते [१]तवाऽऽत्मनः प्रसादात्प[२]श्यामि। [३]किंचाहं न तु त्वां भृत्यवद्याचे योऽसावादित्यमण्डलस्थो [४]व्याहृत्यवयवः पुरुषः पुरुषाकारत्वात्पूर्णं वाऽनेन प्राणबुद्ध्यात्मना जगत्समस्तमिति पुरुषः पुरि शयनाद्वा पुरुषः सोऽहमस्मि भवामि।।१६।।

व्याहृत्यवयव इति। "[५]तस्य भूरिति शिरः भुव इति बाहुः सुवरिति [६]प्रतिष्ठा पादावित्य"र्थः।।१६।।१७।।

वृणीष्व यं त्वं मनुष्याय हिततमं मन्यसे' (कौ. ३/३/१) इत्यादि। अतः प्राणी के लिए कल्याणतम पदार्थ परमेश्वर ही है, उसी के साक्षात्कार से अनर्थ संसार की निवृत्ति हो सकती है।

यहाँ एक प्रश्न होता है, कि ऐसी दशा में साधक यदि परमात्मा को देखता है, तो किस रूप में? इसका उत्तर श्रुति स्वयं दे रही है, कि जो वह आदित्यमण्डलस्थ 'भूर्भवः स्वः' इत्यादि व्याहृतिरूप अवयव वाला है, वह मैं हूँ और जो यह शरीर, इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि, अज्ञान का साक्षी इस शरीर में दिखता है, वह आदित्यमण्ड्लस्थ पुरुष ही तो है, क्योंकि सम्पूर्ण संसार में अथवा संसार रूप पुर में पूर्णरूप से व्याप्त होने के कारण तथा शयन करने के कारण उसे पुरुष कहते हैं। आदित्यमण्डलस्थ एव शरीरस्थ पुरुष को एक बतलाकर श्रुति साधक के द्वारा यह भी सूचित करा रही है, कि यहाँ पर आवरण हटाने एवं रश्मिसमूह को पृथक् करने और कल्याणतमरूप दर्शन के लिए प्रार्थना जो साधक कर रहा है, वह सब इसे परमात्मा से अभिन्न होने के कारण अधिकारतः प्राप्त है। भृत्य के समान मैं आपसे याचना नहीं करता, किन्तु स्वभावतः अपने कल्याणतमरूप आपको मैं अभिन्न भाव से देखता हूँ, न कि देखूँगा।

इस मन्त्र में 'असौ-असौ' ऐसे दो बार कहा गया है, उसका तात्पर्य वीप्सा व्याप्ति अर्थ में है अर्थात् मैं केवल आदित्य मण्डलस्थ पुरुष ही नहीं हूँ परन्तु जड़-चेतन, चीटी से लेकर ब्रह्मापर्यन्त सभी में विद्यमान परमात्मा मेरा स्वरूप है। मैं उससे भिन्न नहीं हूँ। भेदवादियों ने मुझे परमात्मा से भिन्न कहकर भेद का संस्कार सुदृढ़ कर दिया था, वह आज अनात्मा अहङ्काररूप आवरण के हट जाने से तथा अहंता-ममतारूप किरणों के दूर हो जाने से मैं अभिन्नरूप से उस परमात्मा का साक्षात्कार कर रहा हूँ।। १६।।

मरणोन्मुख उपासक की प्रार्थना

समुच्चय अनुष्ठान करनेवाले को 'हिरण्मयेन पात्रेण' यहाँ से लेकर मार्ग याचना के सभी अङ्गों का प्रतिदिन अनेक बार स्मरण चिन्तन करना चाहिए, जिससे अन्तकाल में आदित्यरूप आत्मा का ध्यान करने

१. तवाऽऽत्मनः=भवतः। २. पश्यामि-पश्यानीत्यर्थः। ३. अहंग्रहोपासकेनान्तकालेऽपि तथैव वाङ्मनसे व्यापारयितव्ये इति सूचयन्नाह-किं चाहमित्यादि। अनेन च भेदोपासनं भृत्यवद्याचनं च न देवताप्रसादकरं वेदाऽभिप्रेतमिति ध्वन्यते। ४. द्वितीयस्यासौशब्दस्यार्थमाह-व्याहृत्यवयव इति। ५. मण्डलपुरुषस्य व्याहृत्यवयवकत्वं श्रुतिचोदितमेवेति विवक्षन्नपेक्षितान्येव श्रुत्यक्षराणि निक्षिपति-तस्येत्यादिना। तत्रैवं समग्रा बृहदारण्यकश्रुतिस्तथाहि- 'य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषस्तस्य भूरिति शिर एकꣳशिर एकमेतदक्षरं भुव इति बाहू द्वौ बाहू द्वे एते अक्षरे सुवरिति प्रतिष्ठा द्वे प्रतिष्ठे द्वे एते अक्षरे तस्योपनिषदहरिति, हन्ति पाप्मानं जहाति च य एवं वेदे'ति। अत्र देवतामुपनयतीत्युपनिषद्रहस्यं नामाभिधानमनेनाभिधीयमानमेतल्लोकवदभिमुखीभवतीति वृत्तिः। ६. अत्र प्रतिष्ठापदं व्याकरोति-प्रतिष्ठा पादावित्यर्थ इति।

वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्तꣳशरीरम् ।
ॐ क्रतो स्मर कृतꣳस्मर क्रतो स्मर कृतꣳस्मर ।।१७।।

[अब मेरा प्राण (आध्यात्मिक वायु आधिदैविक वायुरूप, सूत्रात्मा को प्राप्त हो, और यह शरीर भस्मान्त हो जावे। हे मेरे संकल्प-विकल्पात्मक मन! अब तू मेरे स्मरणीय का स्मरण कर, मेरे किये हुए का स्मरण कर, अब तू स्मरण कर, अपने किये हुए का स्मरण कर (क्योंकि स्मरण का समय उपस्थित हो गया है)।।।१७।।]

वायुरिति। अथेदानीं मम मरिष्यतो वायुः प्राणोऽध्यात्मपरिच्छेदं हित्वाऽधिदैवतात्मानं सर्वात्मकमनिलममृतं सूत्रात्मानं प्रतिपद्यतामिति वाक्यशेषः। [1]लिङ्ग चेदं ज्ञानकर्मसंस्कृत-मुत्क्रामत्विति द्रष्टव्यम् । [2]मार्गयाचनसामर्थ्यात्। अथेदं[3] शरीरमग्नौ हुतं [4]भस्मान्तं

वाले का प्राणवायु अध्यात्म परिच्छेद का परित्याग कर अधिदैव समष्टि प्राण में मिल जावें।

यहाँ पर प्राणवायु से उपलक्षित लिङ्ग शरीर-सूक्ष्म शरीर हिरण्यगर्भ के सूक्ष्म शरीर से एकीभूत होकर अमृतत्व को प्राप्त होवें एवं स्थूल शरीर भस्मीभूत होकर पृथ्वी में मिल जावें, क्योंकि स्थूल शरीर की अन्तिम गति यही है।

हे संकल्पात्मक प्रधान पुरुष! तुम परमात्मा का स्मरण करो, तुम अपने द्वारा किये हुये कर्म एवं उपासना का बार-बार स्मरण करो।

इस मन्त्र में 'वायुरनिलममृतम्' इस वाक्य में क्रिया का पाठ नहीं है फिर भी उसका अध्याहार कर लेना चाहिए, अर्थात् उपासना तथा कर्म से संस्कृत यह लिङ्ग शरीर अध्यात्म परिच्छेद का परित्याग कर सूत्रात्मारूप अमृतवायु को प्राप्त करें, क्योंकि माग याचना का प्रकरण चल रहा है। इस स्थूल शरीर की अग्नि में आहुति कर देने पर भस्मीभूत हो जावें, यहाँ भी क्रिया का अध्याहार करके ही ऐसा अर्थ करना चाहिए।

ॐ यह परमेश्वर का नाम है, क्योंकि 'ॐ इति ब्रह्मनाम' ॐ इत्येकाक्षरं ब्रह्म' इत्यादि श्रुति-स्मृति में परमात्मा का ॐ नाम सर्वाधिक प्रसिद्ध है। उसकी आलम्बन उपासना तथा प्रतीक उपासना इत्यादि भेद से बहुविध उपासनाएँ बतलाई गयी हैं। यहाँ पर प्रतीक रूप से उस अग्निसंज्ञक परमात्मा को ओम पद से श्रुति बतला रही है, क्योंकि ओम् उसका प्रतीक है। सम्पूर्ण विश्व संकल्प से उत्पन्न हुआ है। यागादि क्रिया भी संकल्प के ऊपर आधारित हैं। इसलिये यज्ञकर्ता एवं महापुरुष परमात्मा दोनों को क्रतु शब्द से कहा गया है। 'यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्' इस गीता वाक्य के अनुसार अन्तकालीन भावना के अनुरूप ही गति होती है। अतः स्मरणीय पदार्थ का स्मरण करना चाहिये, क्योंकि मृत्यु के समय सद्भावना अत्यन्त आवश्यक है। अतः मैंने बाल्यकाल से जो कुछ भी सत्कर्म किया है, उसे स्मरण कर 'स्मर स्मर' पौनः पुन्यम् उच्चारण आदरार्थ है।।१७।।

---

१. वायुरनिलमित्येतदुपलक्षणीकृत्य निष्कर्षमाह-लिङ्गं चेत्यादिना।
२. मार्गयाचनसामर्थ्यादिति-नह्युत्क्रमणेऽविवक्षिते मार्गयाचनं घटन इति भाव ।
३. इदं शरीरं - स्थूलमित्यर्थः ।
४. भस्मान्तमिति-भस्म अन्ते= अन्तिमपरिणामो यस्य तत्। दग्धं भवत्विति यावत्।

भूयात् । [१]ओमिति यथोपासनमोंप्रतीकात्मकत्वात्सत्यात्मकमग्न्याख्यं ब्रह्माभेदेनोच्यते। हे! [२]क्रतो सङ्कल्पात्मक;स्मर यन्मम स्मर्तव्यं तस्य कालोऽयं प्रत्युपस्थितोऽतः स्मरैतावन्तं कालं भावितं कृतमग्ने[३] स्मर यन्मया बाल्यप्रभृत्यनुष्ठितं कर्म तच्च स्मर। क्रतो स्मर कृतं स्मरेति पुनर्वचनमा[४]दरार्थम्।।१७।।

इस प्रकार मृत्यु के समय उत्तमगति प्राप्ति के लिये जीवात्मा को क्या स्मरण करना चाहिये, यह बतलाया गया है। अब उसकी रीति बतलाते हैं, -एवं अब तक उपास्य देव की प्रार्थना कर रहे थे, अब कर्म के साधनभूत देवता की प्रार्थना करते हैं।

हे अग्निदेव! आप हमारे सम्पूर्ण ज्ञान तथा कर्मों के जानने वाले हों अतः हमें अभीष्ट फल प्राप्ति के लिये सुन्दर मार्ग से ले चलो। कुटिल एवं पापमय कर्मों को हम उपासकों से पृथक् कर डालो। इस समय हम आपको बार-बार नमस्कार करते हैं।

अष्टादश मन्त्र से पुनः मार्ग की याचना करता है कि हमें सुन्दर मार्ग से ले चलो। यहाँ पर मार्ग में 'सु' विशेषण दक्षिणायन की निवृत्ति के लिये हैं, क्योंकि दक्षिण मार्ग से गये हुए को पुनः संसार में आना पड़ता है। अतः वह मार्ग तो गमनागमनरूप है। ऐसे मार्ग से जाते-आते मैं अत्यन्त दुखी हो गया हूँ। अतः मैं आपसे यही चाहता हूँ कि बार-बार गमनागमन से रहित मार्ग द्वारा मुझे अपने कर्म एवं उपासना के फल भोग के लिये ले चलो। हम जैसे कर्म उपासना रूप सत्कर्म से विशिष्ट है, उसे हे देव! आप जानते ही हैं। यदि हमारा कुटिल एवं वञ्चनात्मक कुछ पाप हो, तो उसे हमसे पृथक् कर डालो, तभी हम शुद्ध होकर अपने अभीष्ट को प्राप्त कर सकेंगे। एतदर्थ इस समय तो हम आपकी कुछ भी सेवा नहीं कर सकते। इसीलिये केवल बार-बार आपको नमस्कार वचन द्वारा ही कर रहे हैं, क्योंकि अन्य कोई सेवा मरणासन्न हम मुमुक्षुओं से होना सम्भव नहीं है। काण्व शाखा तथा माध्यन्दिनी शाखा दोनों ही का यह अष्टादश मन्त्र है। इस उपनिषद् में आये हुए अष्टादश मन्त्रों की व्याख्या पदशः भाष्यकार ने की, तत्पश्चात् संक्षेपतः विचार करते हैं कि अविद्या से मृत्यु को पार कर अव्याकृत की उपासना से अमृतत्व की प्राप्ति करता है।' ऐसा सुनकर कुछ लोगों को संशय हो सकता है। अतः उसका उत्थापन कर निराकरण के लिये संक्षिप्त रूप से विचार कर रहे हैं-

अच्छा, यहाँ पर पहले आप बताइये, कि किस निमित्त को लेकर आपको संशय हो रहा है?

---

१. ओमिति यथोपासनमिति- ओंखं ब्रह्मेति श्रुत्योङ्कारालम्बने खं ब्रह्मेति दृष्टिविधानात्तथोपासने सत्यब्रह्मणः ओम्प्रतीकत्वात्सत्यं ब्रह्मैव प्रतीकाभेदेनोमिति सम्बोध्यते। तस्यैव सत्यब्रह्मणः पुनरयमग्निर्वैश्वानरो योऽयमन्तः पुरुषे"इत्यादि श्रुत्या जाठराग्नित्वेनोपासनोक्तेराह--अग्न्याख्यमिति। २. तदेव सत्यं ब्रह्म संकल्पेन चिरं विषयीकरणान्निगीर्णमिव सत्तदभिन्नात्मतामिवापन्नं तदात्मना सम्बोध्यते। संकल्पवाचिना क्रतुशब्देनेत्याशयेनाह-क्रतो संकल्पात्मकेति। संकल्पाभिन्नेत्यर्थः। क्रतुशब्दो निघण्टौ द्वितीयाध्यायारम्भे 'अपः अप्न इत्यादि" कर्मनामसु पठित्वा पुनस्तृतीयाध्याये नवमखण्डे "केतः केतुः चेतः चित्तं क्रतुः असुः धीः शचीः माया वयुनम् अभिख्या इत्येकादश प्रज्ञानामानीत्यत्र प्रज्ञानामसु चित्तपर्यायत्वेन पठ्यत इत्यतस्तस्य संकल्पवाचित्वमिति ध्येयम् । ३. आम्रेडितस्य क्रतो स्मर कृतंस्मरेत्यस्यार्थमाह-अग्ने स्मरेत्यादिना। यज्ञादिपूजितोऽग्निरेव क्रतो इति सम्बोधितः । उपास्यं वा सत्यं ब्रह्म। जुहुराणस्य कुटिलस्यैनसः पापस्याग्रे निरास्यत्वे प्रार्थयिष्यमाणत्वाद्बाल्यप्रभृत्यनुष्ठितस्य स्मरणमत्राभ्यर्थितमिति ध्येयम्। ४. आदरार्थमिति-यथाभ्यर्थितस्य स्मरणस्यानुपेक्ष्यत्वज्ञापनार्थमिति यावत्।

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्विश्वानि देव वयुनानि विद्वान।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम।।१८।।

[१]ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।
इति वाजसनेयसंहितोपनिषत्संपूर्णा।।१।।
।।ॐ तत्सत्।।

[हे अग्नि! हमें अपने कर्म फल भोग के लिये सन्मार्ग से ले चलो, हे देव! तू हमारे सम्पूर्ण ज्ञान और कर्म को जानने वाला है। अतः हमारे कुटिल कर्मों को हमसे पृथक् कर दो (अर्थात् नष्ट कर दो)। हम (मुमूर्षु सम्प्रति) तेरे लिये अनेकों नमस्कार मात्र से परिचर्या करते हैं।।१८।।]

पुनरन्येन मन्त्रेण मार्गं याचते-अग्ने नयेति। हे! अग्ने, नय गमय सुपथा [२]शोभनेन मार्गेण। सुपथेति विशेषणं दक्षिगमार्गनिवृत्त्यर्थम्। निर्विण्णोऽहं दक्षिणेन मार्गेण [३]गतागतलक्षणेनातो याचे त्वां पुनः पुनर्गमनागमनवर्जितेन शोभनेन पथा नय। राये धनाय [४]कर्मफलभोगायेत्यर्थः। अस्मान्यथोक्तधर्मफल[५]विशिष्टान्विश्वानि सर्वाणि हे देव [६]वयुनानि

इस पर पूर्व पक्षी कहते हैं, कि विद्या शब्द से मुख्य परमात्मा-विषयिणी विद्या एवं अमृत पद से मुख्य निरपेक्ष अमृतत्व का ग्रहण क्यों नहीं किया जावे, क्योंकि मुख्यार्थ के परित्याग में कोई न कोई कारण अवश्य होना चाहिये?

सिद्धान्ती-हम तो पहले ही बतला चुके हैं कि परमात्मविद्या और कर्म का परस्पर विरोध होने के कारण उन दोनों का समुच्चय बन नहीं सकता। अतः ज्ञान एवं कर्म के समुच्चय की अन्यथानुपपत्ति ही विद्या एवं अमृतत्व शब्द के मुख्यार्थ के परित्याग में बीज है।

पूर्वपक्ष-ठीक है विरोध आप बतलाते हैं, किन्तु वह प्रतीत नहीं होता, क्योंकि शास्त्रीय ज्ञान तथा कर्म का विरोध एवं अविरोध शास्त्र से ही समझा जा सकता है। जिस प्रकार अविद्या का अनुष्ठान और विद्या की उपासना शास्त्र प्रमाण से जानी जाती है, वैसे ही उनके विरोध और अविरोध को भी शास्त्र से ही समझा जा सकता है। यथा किसी प्राणी की हिंसा न करें, यह शास्त्र से जाना गया।

---

१. समाप्तावपि शान्तिपाठस्य साम्प्रदायिकत्वाद्यथोक्तप्रयोजनकत्वाच्च तां पाठयितुं प्रतीकतो विन्यस्यति-ओं पूर्णमद इति।
२. सुपथेत्यत्र"न पूजनादि"ति समासान्तप्रतिषेधः इत्याशयेन व्याचष्टे-शोभनेनेति। ३. गतागतलक्षणेनेति-'अन्ययाऽऽवर्तते पुनरिं'ति स्मृतेरिति भावः। ४. कर्मफलभोगायेति-निष्कामेनाप्यानुषङ्गिकत्वेन भोगस्यावर्जनीयत्वमवगन्तव्यम्। ५. धर्मविशिष्टस्य फलवैशिष्ट्यावश्यंभावनिश्चयादधुनैव तदाह-फलविशिष्टानिति।
६. निघण्टौ वयुनशब्दस्य प्रज्ञानामसु पठितत्वेऽपि कर्मनामपठितक्रतुशब्दपर्यायत्वात्तदर्थकत्वमपि न विरुध्यत इत्यभिप्रेत्य व्याकरोति-वयुनानि कर्माणि प्रज्ञानानि वेति। वाशब्दः समुच्चयप्रकरणात्तदर्थः।

कर्माणि प्रज्ञानानि वा विद्वाञ्जानन्। किं च युयोधि वियोजय विनाशयास्मदस्मत्तो जुहुराणं कुटिलं वञ्चनात्मकमेनः पापम्। ततो वयं विशुद्धाः सन्त इष्टं प्राप्स्याम इत्यभिप्रायः। किंतु वयमिदानीं ते न शक्नुमः परिचर्यां कर्तुंभूयिष्ठां बहुतरां ते तुभ्यं नम उक्तिं नमस्कारवचनं [१]विधेम [२]नमस्कारेण परिचरेमेत्यर्थः।

"अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते"। "विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्याऽमृतमश्नुते" [३]इति श्रुत्वा केचित्[४]संशयं [५]कुर्वन्ति। अतस्तन्निराकरणार्थं संक्षेपतो विचारणां करिष्यामः। [६]तत्र तावत्किंनिमित्तः संशय इत्युच्यते। विद्याशब्देन मुख्या परमात्मविद्यैव [७]कस्मान्न गृह्यतेऽ[८]मृतत्वं च। ननूक्ताया:

मन्त्रान्यदशो व्याख्याय संक्षेपतो विचारमारभते-अविद्यया मृत्युं तीर्त्वेत्यादिना। अमृतत्वं चेति। **अमृतत्वं च मुख्यमेव कस्मान्न गृह्यत इति संबन्धः। शास्त्रीययोर्ज्ञानकर्मणोर्विरोधाविरोधौ**

पुनः शास्त्र प्रमाण से ही 'याग में पशु की हिंसा करनी चाहिए' इस विशेष वाक्य से पूर्वोक्त सामान्यतया सम्पूर्ण प्राणीहिंसा की निवृत्ति बतलाने वाला शास्त्र बाधित हो जाता है। ऐसे ही विद्या और अविद्या के विषय में भी समझना चाहिए। अत: विद्या और कर्म का समुच्चय होने में किसी भी प्रकार का विरोध नहीं?

सिद्धान्ती-परमात्म विद्या एवं कर्म का समुच्चय नहीं बन सकता, क्योंकि श्रुति ने इन दोनों को अत्यन्त विरोधी बतलाया है। कठोपनिषद् में भी विद्या और अविद्या को सर्वथा विपरीत मार्ग कहा गया है। अत: दोनों का सहानुष्ठान कैसे सम्भव होगा? अर्थात् नहीं हो सकता।

पूर्वपक्षी-'विद्याञ्चाविद्याञ्च' ऐसे वचन होने के कारण यहाँ पर दोनों में कोई विरोध नहीं है, चाहे कठोपनिषद् में विरोध रहा हो। अत: शास्त्र वचन से ही इन दोनों में क्या अविरोध सिद्ध हो रहा है?

सिद्धान्ती-ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि इन दोनों के कारण, स्वरूप एवं फल इन सभी में परस्पर विरोध है।

पूर्वपक्षी-विद्या और अविद्या एवं विरोध और अविरोध का विकल्प होना तो सम्भव नहीं है, और इनके समुच्चय का विधान किया गया है। इसलिए इनका परस्पर विरोध नहीं ही है। क्रिया में विकल्प होता है, उसमें पुरुष करने न करने तथा अन्यथा करने में स्वतन्त्र होता है। 'उदिते जुहोति' 'अनुदिते जुहोति' इन दोनों वाक्य से सूर्योदय के बाद अथवा उससे पूर्व हवन करने एवं सर्वथा न करने में पुरुष स्वतन्त्र होता है, किन्तु ज्ञान तो पुरुष तन्त्र नहीं है वह तो प्रमाण एवं वस्तु के अधीन

१. विधेमेति-कुर्यामेत्यर्थः। कुर्म इति यावत्। विध विधाने इत्यनुशासनात्। २. फलितमाह-नमस्कारेण परिचरेमेति। तदुक्तं निघण्टौ "इरज्यति विधेम सपर्यति नमस्यति दवस्यति ऋध्नोति ऋणद्धि ऋच्छति सपर्ति विवासति" इति दशपरिचरणकर्माण इति। ३. इति श्रुत्वेति-इत्यस्यार्थमस्मद्भाषितमाकर्ण्येत्यर्थः। ४. संशयम् -किमत्र तत्त्वज्ञानं विद्याशब्दार्थोऽन्यद्वेति रूपम्। ५. कुर्वन्ति-करिष्यन्ति। ६. ननु व्याख्यानस्य निर्णयार्थत्वात्कुतः संशय इत्याशङ्क्य समाधत्ते-तत्र तावदित्यादिना। ७. कस्मान्न गृह्यत इति-मुख्यत्यागे हेत्वदर्शनात्संशय इति भावः। ८. अमृतत्वं चेति-अत्रापि मुख्यमापेक्षिकं वेति संशयाकारी द्रष्टव्यः। यद्वा संशयं कुर्वन्तीत्यत्र आक्षेप एवं संशयशब्दार्थः। किंनिमित्त इत्यस्य किमाकारक इत्यर्थः। विद्याशब्देनेत्यादिराकारोक्तिरिति व्याख्येयम्।

परमात्मविद्यायाः कर्मणश्च विरोधात्समुच्चयानुपपत्तिः। सत्यम् विरोधस्तु नावगम्यते, विरोधाविरोधयोः शास्त्रप्रमाणकत्वात्। यथाऽविद्यानुष्ठानं विद्योपासनं च शास्त्रप्रमाणकं तथा तद्विरोधाविरोधावपि [1]यथा च 'न हिंस्यात्सर्वा भूतानी'ति शास्त्रादवगतं पुनः शास्त्रेणैव बाध्यते, 'अध्वरे पशुं हिंस्यादि'तिं [2]एवं विद्याविद्ययोरपि स्यात्। [3]विद्याकर्मणोश्च समुच्चयः? न; 'दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्येति ज्ञाता' (क० १/२/४) इति श्रुतेः। विद्यां चाविद्यां चेतिवचनादविरोध इति चेन्न [4]हेतुस्वरूपफलविरोधात्। विद्याविद्या[5]विरोधाविरोधयो[6]र्विकल्पासम्भावत्[7]समुच्चयविधानादविरोध एवेति चेन्न। सहसम्भवानुपपत्तेः। क्रमेणैकाश्रये स्यातां विद्याविद्ये इति

शास्त्रीयावेव ग्राह्यौ न तर्कमात्रेणेति परेणोक्ते सिद्धान्ती शास्त्रसिद्ध एव विरोध इत्याह-न दूरमेते इति। **विषूची [8]नानागती विद्याविद्ये दूरं विपरीते अतिशयेन विरुद्ध इत्यर्थः।** सहसंभवानुपपत्तेरिति। [9]**काऽनुपपत्तिः। [10]काठके विरोधश्रवणात्। [11]तद्गतविद्याविद्ययोर्विरोधोऽस्तु। [12]इह त्वविरोधश्रवणादविरोधो भविष्यतीति [13]न च वाच्यम्। विरोधाविरोधयोः [14]सिद्धत्वेन विकल्पासंभवादुदितानुदितहोमयोर्हि पुरुषतन्त्रत्वाद्युक्तो विकल्प [15]इत्युक्तं। तर्ह्यविरोध एवास्तु समुच्चयविधिबलादिति चेन्न मुख्यब्रह्मविद्याविद्ययोःशुक्तिविद्याविद्ययोरिव सहसंभवानुपपत्तेः, समुच्चयविधिरसिद्धः। (सिद्धे समुच्चयविधौ तद्बलादविरोधावगमोऽविरोधावगमाच्च समुच्चयसिद्धिरित्यन्योन्याश्रयः स्यादित्यर्थः)। सहसंभवानुपपत्तावपि क्रमेणैकाश्रये विद्याविद्ये स्यातामिति चेद्यदि पूर्वमविद्या पश्चात्तु विद्येति क्रमस्तर्हीष्यत एव,**

---

१. यथा चेत्यादि-यथाऽन्यत्र हिंसाया "न हिंस्यादिति" शास्त्रोक्ताऽहिंसया विरोधो हिंसायास्तत्राशास्त्रीयत्वात्। अध्वरे तु न विरोधः हिंसाया अपि शास्त्रीयत्वात्। अध्वरे हिंसायां स्वरूपतो हिंसात्वेऽपि पापाजनकत्वेनाहिंसात्वात्। हिंसात्वाहिंसात्वयोः सहवर्तनात्। तथा च शास्त्रीयाशास्त्रीययोरेव विरोधो न तु द्वयोरपि शास्त्रीययोरिति भावः। २. एवं विद्याविद्ययोरपि स्यादिति-विद्याविद्ययोः सहानुष्ठानस्य शास्त्रेणैव विहितत्वादन्यतरस्याशास्त्रीयत्वाभावेनाविरोधः स्यादित्यर्थः। ३. एवमविरोधे सति सिद्धमभीष्टं पूर्वपक्षी स्पष्टयति-विद्याकर्मणोश्च समुच्चय इति। अत्र चकारस्य तथा च सतीत्यर्थः। ४. हेतुस्वरूपफलविरोधादिति-तत्रात्मनि कर्तृत्वाद्यध्यासोऽर्थित्वादिकञ्चाविद्याया हेतुः। विवेकादिपूर्वा मुमुक्षा तु विद्याहेतुरिति हेतुविरोधः। वाक्यजन्य स्तत्त्वावगाहीन्द्रियान्तरचेष्टानिर्व्यपेक्षो मानसपरिणामविशेषो विद्यास्वरूपम्। सर्वेन्द्रियक्रियौघस्त्वविद्यास्वरूपमिति स्वरूपविरोधः। नित्यं सुखं विद्याफलमनित्यमविद्याफलमिति फलविरोधस्तस्मादित्यर्थः। ज्ञापकं हि वचनं न तु कारकं येन विरुद्धमपि हेत्वादिकमविरुद्धं कुर्यात्। अस्मदर्पितार्थेनैव वचनस्य निराकाङ्क्षतया त्वदभीष्टार्थानापादकत्वादिति भावः। ५. विरोधाविरोधयोरिति-दूरमेते विपरीते इत्याति विद्याञ्चाविद्यां चेत्यादिश्रुतिभ्यामवगम्यमानयोरित्यर्थः। ६. विकल्पासंभवादिति-विकल्पस्य साध्यैकगोचरत्वाद्विरोधाविरोधयोश्च सिद्धत्वेन पुंस्प्रयत्नासाध्यत्वादिति भावः। ७. समुच्चयविधानादिति-विद्याञ्चाविद्यां चेत्यादेर्विधित्वाद्दूरमेते इत्यादेस्तु श्रेयसस्तत्कामस्य च प्रशंसाप्रसङ्गेनोच्यमानतयाऽर्थवादत्वाद्वेदे च विध्यविध्योर्विधेरेव बलीयस्त्वनिश्चयादर्थवादस्य तदनुकूलत्वेनैव नेयतया समुच्चयानर्हवैपरीत्यबोधकत्वाकल्पनादविरोधो निर्विरोध इति भावः। ८. नानागती-विभिन्नफलिके। ९. व्यवस्थितविकल्पोऽत्रावकल्पत इति संकल्प्याऽऽक्षेप्ताऽऽह-काऽनुपपत्तिरिति। १०. विकल्पं व्यवस्थापयति-काठक इत्यादिना। दूरमेते इत्यादौ काठक इत्यर्थः। ११. तद्गतेति-तदा काठकपरामर्शः। १२. इहेति - वाजसनेयोक्तिः। १३. समाधाताऽऽह-इति न च वाच्यमित्यादि। १४. सिद्धत्वेनेति-तमः प्रकाशादौ तयोः सिद्धत्वदर्शनादिति भावः। १५. इत्युक्तम्-पूर्वतन्त्र उक्तमित्यर्थः

चेन्न । विद्योत्पत्तावविद्याया ह्यस्तत्वात्तदाश्रयेऽविद्यानुपपत्तेः । न ह्यग्निरुष्णः प्रकाश श्चेति विज्ञानोत्पतौ यस्मिन्नाश्रये तदुत्पन्नं, तस्मिन्नेवाऽऽश्रये शीतोऽग्निरप्रकाशो वेत्य[१] विद्याया उत्पत्तिर्नापि संशयोऽज्ञानं वा। "[२]यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" इति शोकमोहाद्यसम्भवश्रुतेः । अविद्याऽसम्भवा-

यदि पश्चात्तर्ह्यसम्भव इत्याह-नाविद्योत्पत्ताविति। पूर्वसिद्धाया अविद्यायाः प्रध्वस्तत्वादन्यस्या श्चोत्पत्तौ कारणासंभवान्मूलाभावेन भ्रमसंशयाग्रहणानामपि विदुषोऽनुपपत्तिरित्यर्थः। विद्योत्पतौ मा भूदविद्या कर्म तु भविष्यति विदुषोऽपि व्याख्यानभिक्षाटनादिदर्शनादित्याशङ्क्याऽऽह-अविद्याऽसंभवादिति ।

शास्त्र प्रमाण से दोनों का समुच्चय विधान किया गया है, इसलिये विद्या और कर्म में विरोध मानना उचित नहीं है। सिद्धान्ती-इन दोनों का एक साथ रहना सर्वथा असम्भव है। पूर्वपक्षी-यदि एक साथ एक ही व्यक्ति में विद्या और अविद्या दोनों नहीं रह सकती, तो क्रमशः एक व्यक्ति दोनों का अनुष्ठान कर लेगा। इस प्रकार सह समुच्चय न सही, क्रम समुच्चय तो होगा ही।

सिद्धान्ती-ऐसा कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि तत्त्वज्ञान के उत्पन्न होने पर अविद्या का नाश हो जाता है। पुनः उस अन्तःकरण में अविद्या नहीं रह सकती। क्या जिस व्यक्ति को वह्नि उष्ण एवं प्रकाश स्वरूप है, ऐसा ज्ञान हो गया तो उस व्यक्ति के हृदय में वह्नि शीतल, तथा अप्रकाश-स्वरूप है, ऐसी अविद्या उत्पन्न हो सकती है? अर्थात् नहीं। विशेष क्या कहें उसे तो वह्नि की उष्णता एवं प्रकाशस्वरूपता के विषय में सन्देश अथवा भ्रम भी नहीं हो सकता, क्योंकि श्रुति ज्ञानी के लिये स्पष्ट कहती है कि "जिस पुरुष को सम्पूर्ण भूत आत्मा ही है, ऐसा ज्ञान हो गया, उस अभेददर्शी में क्या शोक और क्या मोह?" ऐसे वाक्य से तत्त्वज्ञानी में शोक-मोहादि सम्पूर्ण अविद्या-कार्य को श्रुति असम्भव बतला रही है। जब उस तत्त्ववेत्ता में अविद्या का रहना ही असम्भव है, तो भला अविद्या के कार्य कर्म की सिद्धि कैसी हो सकती है? इत्यादि वाक्य को हम पहले कह आये हैं। बिना कामना के किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई कार्य हो नहीं सकता है। जीव जो कुछ भी चेष्टा करता है वह कामनापूर्वक ही करता है ऐसा अकामिनः क्रिया काचित् दृश्यते नेह कस्यचित्। यद्यद्धि कुरुते जन्तुस्तत्तत्कामस्य चेष्टितम्' इस स्मृति वाक्य से कहा गया है। विद्वानों की शरीर यात्रा के लिए अविद्या लेश को सिद्धान्त में माना गया। ऐसी लेशाविद्या से तो भिक्षाटनादि मात्र ही कर्म उनसे हो सकते हैं, इनके लिए शास्त्रविधि की आवश्यकता नहीं है। यह तो स्वतः प्राण और शरीर के सम्बन्ध रहने तक होता ही रहता है। अतः इसे कर्माभास कहा गया है। विद्वान उसे अपने आप में मानता भी नहीं है, क्योंकि आत्मा में कर्तृत्वाध्यास का कारण मूलाज्ञान उसमें है नहीं, साथ ही ब्रह्मात्मैक्य स्थिति में रहने के कारण 'नैव किञ्चित्करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित्' ऐसी दृढ़ प्रतीति उसे सदा बनी रहती है। इसलिए तत्त्वज्ञानी में कर्म की असिद्धि बतलायी गयी है।

आपने कहा था मन्त्रोक्त अमृत शब्द से मुख्य अमृतत्व अर्थ क्यों नहीं किया जाता एवं विद्या शब्द से परमात्मविद्या अर्थ क्यों नहीं किया जाता? इसका उत्तर यह है कि यदि विद्या शब्द से परमात्मविद्या का ग्रहण किया जाए एवं अमृत शब्द का अर्थ मुख्य अमृतत्व किया जाय तो 'हिरण्मयेन पात्रेण' इत्यादि मन्त्र से मार्गादि की याचना असंगत हो जायेगी। अतः उपासना के साथ ही कर्म का समुच्चय हो सकता है,

१. अविद्यायाः = भ्रमस्य। २. दृष्टान्तनिर्दिष्टं दार्ष्टान्तिके स्पष्टयति-यस्मिन्निति।

त्तदुपादानस्य कर्मणोऽप्यनुपपत्तिम[1]वोचाम। "अमृतमश्नुते" इत्यापेक्षिकममृतं, विद्याशब्देन परमात्मविद्याग्रहणे हिरण्मयेनेत्यादिना द्वारमार्गादियाचनमनुपपन्नं स्यात्तस्मादुपासनया

---

[2]चोदनाप्रयुक्तानुष्ठानं हि कर्म ज्ञानेन सह तव समुच्चिचीषितं, ब्रह्मात्मैकत्वं तु साक्षादनुभवतो न चोदना संभवति कामाभावात्कामिनो हि सर्वाश्चोदनाः। 'अकामिनः क्रिया काचिद्दृश्यते नेह कस्यचित्। यद्यद्धि कुरुते जन्तुस्तत्तत्कामस्य चेष्टितम्' इति स्मरणात्। विद्वच्छरीरस्थितिहेत्वविद्यालेशाश्रयकर्मशेषनिमित्तं तु विदुषो भिक्षाटनादि, न कर्म, चोदनाभावात्किंतु यावत्प्राणशरीरसंयोगभावि तत्कर्माभासं तच्च विद्वान्न स्वगतं मन्यते कर्माध्यासोपादानाविद्याया असंभवान्नैव किञ्चित्करोमीति प्रत्ययाच्चेति भावः। यदुक्तममृतशब्देन मुख्यमेवामृतत्वं किं न गृह्यते, विद्याशब्देन च परमात्मविद्येति तत्राऽऽह-अमृतमिति। मुख्यामृतत्वग्रहणे हिरण्मयादिमन्त्रेण द्वारमार्गयाचनमनुपपन्नं स्यात्। "न [3]तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति" (बृ. ४-४-६) "अत्र ब्रह्म समश्नुते" (कठ. २.३-१४) इत्यादिश्रुतेः। ततो मुख्यार्थबाधाद्गौणार्थग्रहणं युक्तमित्यर्थः। यस्मादर्थान्तरं न संगच्छते, तस्मादित्युपसंहारः।।१८।।

परमात्मविद्या के साथ नहीं। इस प्रकार की व्याख्या हमने यथोक्त मन्त्रों के व्याख्यान के समय की है। तत्त्वज्ञानी के लिये तो कहा है कि 'न तस्य प्राणा उत्क्रामन्त्यत्र ब्रह्म समश्नुते' अर्थात् तत्त्वज्ञानी के शरीर से प्राण शरीरान्तर के लिये उत्क्रमण नहीं करते। लोकदृष्टि से समष्टि में मिल जाते हैं। और वह तत्त्ववेत्ता वहाँ ही ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। इस प्रकार मुख्य अर्थ का बाध हो जाने से गौण अर्थ का ग्रहण करना उचित ही है। अतएव विद्या शब्द से देवोपासना एवं

---

१. अवोचाम-आरम्भभाष्यादौ तत्र तत्र बहुशोऽवादिष्मेत्यर्थः।
२. चोदनाप्रयुक्तानुष्ठानमिति-चोदनया वैदिकेन विधिवाक्येन प्रयुक्तं विहितमनुष्ठानं करणं यस्य तत्तथा।
३. तस्य-निर्विशेषब्रह्मसाक्षात्कारवतो विदुष इत्यर्थः।

समुच्चयो, न परमात्मविज्ञानेनेति । यथाऽस्माभिर्व्याख्यात एव मन्त्राणामर्थ इत्युपरम्यते ।।१८।।

इति श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य
श्रीशंङ्करभगवतः कृतौ वाजसनेयसंहितोपनिषद्भाष्यं सम्पूर्णम्।।
।। ॐ।। तत्सत्।।

ईशाप्रभृतिभाष्यस्य [1]शाङ्करस्य [2]परात्मनः।
मन्दोपकृतिसिद्ध्यर्थं प्रणीतं टिप्पणं स्फुटम्।।
इति श्रीपरमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीशुद्धानन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यभगवदानन्दज्ञानकृता
वाजसनेयसंहितोपनिषद्भाष्यटीका समाप्ता।।
।।ॐ तत्सत्।।

अमृत शब्द से आपेक्षिक अमृतत्व अर्थ लिया जाना ही ठीक है।

इस प्रकार शुक्लयजुर्वेदीय ईशावास्योपनिषद् की श्रीमच्छङ्करभगवत्पादविरचित
शाङ्करभाष्य की श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यकैलासपीठाधीश्वर
महामण्डलेश्वर श्री स्वामी विद्यानन्दगिरि
कृत भाष्यार्थदीपिका नामक हिन्दी व्याख्या समाप्त हुई।
।।श्रीशङ्करः प्रीयताम्।।

---

१. शांकरस्य-शंकरप्रोक्तस्येत्यर्थः । शंकरस्येति तु सुगमः पाठः। सा कर्तरि षष्ठी।

२. परात्मन इति-परम् आत्मा यस्मिंस्तस्येति विग्रहः। परं ब्रह्म आत्मभिन्नत्वेन भासमानं वा सर्वमात्मत्वेन प्रतिपादितं यस्मिन्निति यावत्। पर उत्कृष्ट आत्मा स्वरूपं यस्येति वा भाष्यान्तराद्यतिशायिन इत्यर्थः । भूत-भविष्यद्व्याख्यानान्तरैरस्पर्धनीयस्येति यावत्।

गुरोरधीत्य विधिवत् कृतमात्मविशुद्धये।
आनन्दविष्णुदेवेन गिरिणाऽत्र सुटिप्पणम्।।

इति श्रीशाङ्करभाष्योपेतेशावास्योपनिषदः
श्रीमन्महामण्डलेश्वरस्वामिगोविन्दानन्दगिरिपादशिष्यविद्यावाचस्पति-
श्रीमन्महामण्डलेश्वरस्वामिविष्णुदेवानन्दगिरिविरचिता
गोविन्दप्रसादिनीटिप्पणीसमाप्तिङ्गता

श्री कैलाश आश्रम ब्रह्मविद्यापीठ, ऋषिकेश